राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार, 14 जून 2026
वर्ष 07, अंक 247, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

तिन्ना से पटा तलाब में 194 की लग रही फर्जी हाजिरी धरातल की स्थित जस का तस...02

वेतन और काम के घंटों को लेकर कानपुर में शुरू श्रमिकों का आंदोलन: किया जमकर प्रदर्शन...11

# आरोपों से लेकर ऑडिट तक... राम मंदिर कथित दान घोटाले में एस आई टी इन बिंदुओं पर करेगी जांच

● अयोध्या राम मंदिर में दानपात्रों और चढ़ावे में कथित अनियमितताओं के आरोपों की जांच के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने तीन अनुभवी अधिकारियों की विशेष जांच दल (एस आई टी) गठित की है.

● लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत के नेतृत्व में यह टीम वित्तीय, प्रशासनिक और आपराधिक पहलुओं की गहन पड़ताल करेगी. इसका उद्देश्य पारदर्शिता सुनिश्चित कर मंदिर की दान प्रबंधन व्यवस्था को और सशक्त बनाना है



अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दानपात्रों और चढ़ावे से जुड़ी कथित अनियमितताओं के आरोपों ने देश पर भर बीते कई दिनों चर्चा केंद्र बना रहा. श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मामले की जांच के लिए राज्य सरकार से एसआईटी गठन करने का अनुरोध किया था. मामले की गंभीरता को देखते हुए गठित विशेष जांच दल (एस आई टी) में उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासन, पुलिस और वित्तीय प्रबंधन के तीन अनुभवी अधिकारियों को शामिल किया है. यह टीम आरोपों की तह तक जाने के साथ-साथ मंदिर में चढ़ावे और दान प्रबंधन व्यवस्था की भी व्यापक समीक्षा करेगी।

एस आई टी की कमान लखनऊ मंडल के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत के हाथों में होगी. उनके साथ लखनऊ रेंज के आईजी किरण एस और वित्त विभाग के विशेष सचिव नीलरतन कुमार सदस्य के रूप में जांच में शामिल रहेंगे. अधिकारियों के अलग-अलग कार्यक्षेत्र को देखें तो यह टीम प्रशासनिक, वित्तीय और आपराधिक जांच के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं को शामिल करती दिखाई देती है।

**प्रशासनिक नेतृत्व की कमान संभालेंगे विजय विश्वास पंत**

2004 बैच के आईएएस अधिकारी विजय विश्वास पंत वर्तमान में लखनऊ मंडलायुक्त हैं. आईआईटी कानपुर से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुके पंत को बड़े आयोजनों और जटिल प्रशासनिक व्यवस्थाओं के संचालन का व्यापक अनुभव है. प्रयागराज मंडलायुक्त रहते हुए उन्होंने महाकुंभ-2025 की तैयारियों और प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी

सूत्रों की माने तो स्ढ्ढञ्ज प्रमुख के रूप में उनकी जिम्मेदारी केवल आरोपों की जांच तक सीमित नहीं होगी, बल्कि मंदिर में चढ़ावे और दान की मौजूदा व्यवस्था का अध्ययन कर उसे अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के सुझाव भी देना होगा।

**अपराध जांच करेंगे किरण एस**

2008 बैच के आईपीएस अधिकारी और वर्तमान में लखनऊ रेंज के आईजी किरण एस एस आई टी में जांच का पुलिस और आपराधिक पक्ष संभालेंगे. उनकी सबसे बड़ी विशेषता केंद्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई) में लगभग नौ वर्षों का लंबा अनुभव है, जहां उन्होंने डीआईजी स्तर तक कार्य किया. साइबर अपराध, वित्तीय अनियमितताओं, फॉरेंसिक जांच और जटिल आपराधिक मामलों की पड़ताल में उनकी विशेषज्ञता को देखते हुए माना जा रहा है कि वे कथित चढ़ावा चोरी या धन के दुरुपयोग से जुड़े आरोपों की तकनीकी और आपराधिक जांच का नेतृत्व करेंगे. इंटरपोल स्तर पर किरण एस सम्मानित हो चुके हैं।

**वित्तीय ऑडिट और हिसाब-किताब देखेंगे नीलरतन कुमार**

स्ढ्ढञ्ज के तीसरे सदस्य नीलरतन कुमार उत्तर प्रदेश वित्त एवं लेखा सेवा के वरिष्ठ अधिकारी हैं और वर्तमान में वित्त विभाग में विशेष सचिव के पद पर तैनात हैं. चार दशक के करीब के प्रशासनिक अनुभव वाले नीलरतन सरकारी वित्तीय प्रबंधन, लेखा परीक्षण, बजट और ऑडिट प्रक्रियाओं के विशेषज्ञ माने जाते हैं।

उनकी भूमिका मंदिर के दान, चढ़ावे, खातों, लेखा अभिलेखों और वित्तीय प्रक्रियाओं की जांच करने की होगी. यदि कहीं वित्तीय अनियमितता या प्रक्रिया संबंधी खामी सामने आती है तो उसकी पहचान और विश्लेषण में उनका अनुभव महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। एक तरफ आईएएस अधिकारी प्रशासनिक व्यवस्था की समीक्षा करेंगे, दूसरी तरफ पूर्व सीबीआई अधिकारी आपराधिक पहलुओं की जांच करेंगे और वित्त विशेषज्ञ धन के वित्तीय तथा लेखा-जोखा का परीक्षण करेंगे. तीनों सदस्य जांच के बाद राज्य सरकार को रिपोर्ट सौपेंगे।

**राम मंदिर चढ़ावा मामले में एक्शन**

राम मंदिर चढ़ावा मामले में कार्रवाई भी हो रही है. अयोध्या के रुदौली गांव के लवकुश नाम के एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है. इसके घर से कैश भी बरामद हुए थे. परिवार ने इसकी पुष्टि की है. आरोपी लवकुश के पिता का कहना है कि वो चार पांच महीने से मंदिर परिसर में काम कर रहा था. लवकुश के घर से 5 लाख रुपए बरामद होने का दावा किया जा रहा है।

# नीरव मोदी मामले में नया मोड़, अब मजिस्ट्रेट कोर्ट में दाखिल होगी चार्जशीट

● पंजाब नेशनल बैंक से 321.88 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी से जुड़े नीरव मोदी मामले में नया मोड़ देखने को मिला है. सी.बी.आई ने अदालत को बताया कि जांच के दौरान किसी भी पीएनबी अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिला




पंजाब नेशनल बैंक से 321.88 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी से जुड़े नीरव मोदी मामले में एक महत्वपूर्ण कानूनी घटनाक्रम सामने आया है. मुंबई की विशेष सी.बी.आई अदालत ने मामले की स्ढ्ढक्र और संबंधित दस्तावेजों को एस्प्लेनेड स्थित मुख्य महानगर दंडाधिकारी (सीएमएम) अदालत को स्थानांतरित करने का आदेश दिया है।

सी.बी.आई ने अदालत को बताया कि जांच के दौरान किसी भी PNB अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिला. इसके चलते अब एजेंसी केवल निजी व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं में चार्जशीट दाखिल करेगी. विशेष सी.बी.आई न्यायाधीश डॉ. जे.पी. दरेकर ने आवेदन स्वीकार करते हुए FIR और संबंधित रिकॉर्ड एस्प्लेनेड अदालत को भेजने का निर्देश दिया।

**जानें किन धाराओं में दर्ज हुआ था केस**

बता दें कि यह मामला नीरव मोदी, रविशंकर गुप्ता, विपुल अंबानी और फायरस्टार समूह की कंपनियों से जुड़े अन्य आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया गया था. बैंक की जांच में सोलर एक्सपोर्ट्स, स्टेलर डायमंड्स, डायमंड आर यूएस, फायरस्टार इंटरनेशनल और फायरस्टार डायमंड्स के बीच संदिग्ध लेन-देन मिले थे. शुरुआत में आरोपियों पर आईपीसी की धारा 120-B, 420 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(2) के तहत केस दर्ज था

अब भ्रष्टाचार के आरोप हटने के बाद सिर्फ धोखाधड़ी और साजिश के आरोप बचे हैं. सीबीआई के अनुसार, अब इस प्रकरण की आगे की सुनवाई और चार्जशीट पर संज्ञान मजिस्ट्रेट अदालत में लिया जाएगा।

**सीबीआई ने कोर्ट में कहा- सबूत नहीं मिले**

इससे पहले सीबीआई ने गुरुवार को कोर्ट को बताया कि 'भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम' के तहत की गई विस्तृत जांच में पीएनबी अधिकारियों या प्राइवेट व्यक्तियों के खिलाफ कोई भी दोषी ठहराने लायक सबूत नहीं मिला है. सीबीआई की ओर से पेश हुए पब्लिक प्रॉसिक्यूटर विक्रम सिंह ने कहा कि चार्जशीट सिर्फ प्राइवेट व्यक्तियों के खिलाफ ही दाखिल की जाएगी. इसलिए यह मामला स्पेशल सीबीआई कोर्ट के अधिकार क्षेत्र से बाहर है और इसे मजिस्ट्रेट कोर्ट में ट्रांसफर किया जाना चाहिए. स्पेशल जज जेपी डारेकर ने जांच एजेंसी की इस दलील को स्वीकार कर लिया।

**लंदन की जेल में बंद है नीरव मोदी**

भगोड़े हीरा व्यापारी नीरव मोदी और उनके चाचा मेहुल चोकसी को कई हजार करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में मुख्य आरोपी माना जाता है. इस मामले की जांच सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दोनों कर रहे हैं. आरोपियों पर 13,000 करोड़ रुपये से ज्यादा के सरकारी फंड के गबन का आरोप है. मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण की कार्यवाही बेल्जियम की अदालत में चल रही है, जबकि नीरव मोदी लंदन की जेल में बंद हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### खाद खरीद पर सरकारी रेट से दोगुना कीमत वसूलने का आरोप




**जिलाधिकारी ने दिए कृषि अधिकारी को जांच के निर्देश**

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लॉक के क्षेत्र के जिगिना स्थित एक खाद की दुकान से भारी ओवररेटिंग और कालाबाजारी का मामला सामने आया है। यहां एक निजी विक्रेता द्वारा सरकारी नियमों को ताक पर रखकर किसानों से खाद की मनमानी कीमत वसूली जा रही है। इस मनमानी से परेशान होकर स्थानीय ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार सरकार द्वारा निर्धारित तय दरों को दरकिनार कर यूरिया खाद को 500 से 600 रूपए में और डीएपी को 1800 से 1900 रूपए प्रति बोरी की ऊंची कीमतों पर बेचा जा रहा है। किसानों का आरोप है कि कम दर पर खाद मांगने पर विक्रेता विवाद और झगड़े पर उतारू हो जाता है। ग्रामीणों ने इस मामले की तत्काल जांच कराकर ओवररेटिंग पर लगाम लगाने और सही रेट पर खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं शिकायत के आधार पर जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल तत्काल जिला कृषि अधिकारी को मामले की जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

### ASI के संयुक्त महानिदेशक ने परखी ताजमहल की सुरक्षा व्यवस्था, पर्यटक सुविधाओं का लिया जायजा

**आगरा।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के संयुक्त महानिदेशक सुरक्षा अशोक मिश्रा ने शनिवार को ताजमहल और आगरा किला का निरीक्षण किया। उन्होंने स्मारकों में पर्यटकों के प्रवेश की व्यवस्था, सुरक्षा जांच, बैग स्कैनिंग की जानकारी की। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) की करबना स्थित बैरक का निरीक्षण कर जवानों को मिल रहीं सुविधाएं जानीं। संयुक्त महानिदेशक सुरक्षा अशोक मिश्रा (सेवानिवृत्त कर्नल) शनिवार सुबह 9:45 बजे ताजमहल पहुंचे। पूर्वी गेट और पश्चिमी गेट पर सुरक्षा व्यवस्था और जवानों के ड्यूटी प्वाइंट और उनकी संख्या के बारे में उन्होंने जानकारी की।

# नेपाल जा रहे चार दोस्तों की कार लिंक एक्सप्रेस-वे पर पलटी, अज्ञात वाहन की टक्कर से मचा हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ख़जनी गोरखपुर।** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर शनिवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। नेपाल घूमने जा रहे चार दोस्तों की तेज रफ्तार क्रेटा कार सिकरीगंज क्षेत्र के भूमिधर अंडरपास के पास किसी अज्ञात वाहन से टकराकर पलट गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार सड़क पर उलट गई और उसके चारों पहिए ऊपर हो गए। हादसे में कार सवार चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद एक्सप्रेस-वे पर अफरातफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार लखनऊ के आशियाना निवासी 26 वर्षीय अक्षयन सिंह यादव, 25 वर्षीय सक्षम तिवारी, 18 वर्षीय विराज गुप्ता तथा आलमबाग निवासी 20 वर्षीय कृष्णा श्रीवास्तव शनिवार तड़के क्रेटा कार से नेपाल के लिए निकले थे। सुबह करीब छह बजे जब उनकी कार सिकरीगंज थाना क्षेत्र स्थित भूमिधर अंडरपास के पास पहुंची, तभी किसी अज्ञात वाहन से उसकी जोरदार टक्कर हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद कार का एयरबैग खुल गया, लेकिन वाहन अनियंत्रित होकर कई बार पलटते हुए सड़क पर उलट गया। हादसे में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना देखकर राहगीरों की भीड़ मौके पर जुट गई और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही सिकरीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार में फंसे युवकों को बाहर निकालकर एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उरुवा भिजवाया। प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्सकों ने चारों घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दुर्घटना के कारण कुछ समय तक एक्सप्रेस-वे पर यातायात प्रभावित रहा। बाद में पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त कार को सड़क किनारे हटवाकर यातायात सुचारु कराया। थाना प्रभारी निरीक्षक अंजुल चतुर्वेदी ने बताया कि दुर्घटना में घायल सभी युवकों की पहचान कर उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है। प्रारंभिक जांच में अज्ञात वाहन की टक्कर से हादसा होने की बात सामने आई है। एक्सप्रेस-वे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### आगरा में मां-बेटे से दिनदहाड़े दो लाख रुपये और सोने के गहने लूटे

**आगरा।** थाना अछनेरा क्षेत्र में शनिवार दोपहर 2:30 बजे बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े मां-बेटे से करीब दो लाख रुपये नकद और सोने के आभूषण लूट लिए। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, लोहकरेरा गांव निवासी प्रिंस अपनी मां के साथ बाइक से अपनी ननिहाल गांव कचौरा जा रहे थे। जैसे ही वे विजय महारानी इंटरनेशनल एकेडमी के पास पहुंचे, तभी ग्रे रंग की अपाचे बाइक पर सवार दो युवक उनके पास आए और उनका बैग छीनकर फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार, बैग में करीब दो लाख रुपये नकद, सोने की एक चेन और एक सोने का पैंडल रखा हुआ था। घटना के बाद पीड़ित ने शोर मचाया, लेकिन तब तक बदमाश मौके से भाग चुके थे। सूचना मिलते ही थाना अछनेरा पुलिस और एसीपी अछनेरा मौके पर पहुंच गए तथा पीड़ित से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में नाकाबंदी कराते हुए बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। साथ ही घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

# पेड़ काटने के विवाद में युवक की पिटाई, मां-बेटे पर मुकदमा दर्ज

● खेत पर काम कर रहे युवक से गाली-गलौज के बाद मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम गुलेन्दा में खेत पर पेड़ काटने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि एक युवक को गाली-गलौज का विरोध करना महंगा पड़ गया और मां-बेटे ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर दी। घायल युवक की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना तालबेहट क्षेत्र के ग्राम शेरवास कलां निवासी रामकिशन पुत्र खचोरे विश्वकर्मा ने बताया कि वह 12 जून 2026 की सुबह करीब सात बजे ग्राम गुलेन्दा स्थित अपने रिश्तेदार मथुरा प्रसाद विश्वकर्मा के खेत पर गया था। वहां खेत की मेड़ पर खड़े एक पेड़ को काटने का कार्य चल रहा था। इसी दौरान गांव के निवासी रंजीत यादव पुत्र चैनू यादव तथा उसकी मां बबीता देवी पत्नी चैनू यादव मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि दोनों ने पेड़ काटने का विरोध करते हुए रामकिशन के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग शुरू कर दिया। जब उसने इसका विरोध किया तो दोनों आरोपी आक्रोशित हो गए और उसके साथ मारपीट करने लगे। पीड़ित का आरोप है कि मां-बेटे ने मिलकर उसे लात-घूसों और अन्य साधनों से पीटा, जिससे उसे चोटें आई। घटना के बाद आरोपियों ने उसे भविष्य में क्षेत्र में आने पर गंभीर परिणाम भुगतने और जान से मारने की धमकी भी दी। घायल रामकिशन ने घटना की सूचना जखौरा थाने में दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सरकारी दवाइयों का ढेर मिलने से मचा हड़कंप




● स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** तहसील क्षेत्र के गेवरा-गुंदेरा मार्ग पर वायनाले के समीप स्थित सुनसान मगराघाट पहाड़ी क्षेत्र में बड़ी मात्रा में सरकारी दवाइयां पड़ी मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने जब दवाइयों का ढेर देखा तो इसकी सूचना अन्य ग्रामीणों को दी, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। बताया जा रहा है कि फेंकी गई दवाइयों में आयरन, कैल्शियम समेत विभिन्न प्रकार की सरकारी दवाएं शामिल हैं। दवाइयों की मात्रा को देखते हुए उनकी कीमत हजारों रुपये बताई जा रही है। सुनसान क्षेत्र में इस तरह सरकारी दवाओं का ढेर मिलने से स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली और दवाओं के रखरखाव को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी धन से खरीदी गई दवाओं को जरूरतमंद मरीजों तक पहुंचाने के बजाय लापरवाहीपूर्वक फेंक दिया गया है। मामले की जानकारी क्षेत्र में तेजी से फैलने के बाद लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। वहीं, इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जांच कराई जा रही है।

# बस्ती PWD में 27 साल से जमे अधिकारी पर गंभीर आरोप, पत्नी की फर्म और 65 लाख के लेन-देन की जांच की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में भ्रष्टाचार का जिन्न 27साल बाद बाहर निकल कर आया अपना दल एस के प्रदेश सचिव मुख्य संगठन संजय सिंह पगार ने प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग और तत्कालीन प्रभारी मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले को पत्र देकर गृह जनपद बस्ती में विगत 26-27 वर्षों से तैनात अधीक्षण अभियन्ता लोक निर्माण विभाग कार्यालय वृत्त बस्ती में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर तैनात प्रेमचन्द्र पुत्र राम सेवक पर अनियमितता के अनेक गंभीर आरोप लगाते हुये उनके स्थानान्तरण और सतर्कता विभाग से उच्च स्तरीय जाँच कराये जाने की मांग किया है.भेजे पत्र में अपना दल एस के प्रदेश सचिव मुख्य संगठन संजय सिंह पगार ने कहा है कि प्रशासनिक अधिकारी के पद पर तैनात प्रेमचन्द्र द्वारा ठेकेदारों व कर्मचारियों का लगातार दोहन किया जा रहा है तथा सरकारी अभिलेखों में भी फेरबदल किये जाने की शिकायत पूर्व में जन प्रतिनिधियों द्वारा की जाती रही है परन्तु प्रेमचन्द्र की ऊँची पहुँच के कारण मण्डलीय कार्यालय पर तैनाती लेते रहे हैं, जिससे इनके भ्रष्टाचार एवं कागजी हेरफेर के कारण सरकारी कार्यों में भी गोपनीयता भंग की जाती रही है।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में संजय सिंह पगार ने कहा है कि प्रेमचन्द्र ने अपनी सेवा अवधि का लगभग 90 प्रतिशत समय बस्ती वृत्त, बस्ती कार्यालय में ही व्यतीत किया है. बाबू पद से लेकर प्रशासनिक अधिकारी पद तक की उनकी अधिकांश सेवा बस्ती मण्डल में ही रही है. इतने लंबे समय तक एक ही मंडलीय कार्यालय में तैनाती से प्रशासनिक निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं विभागीय कार्यप्रणाली की गोपनीयता पर गंभीर प्रश्न उत्पन्न होते हैं. बिजली बिल में 10% बढ़ोतरी से नाराज व्यापारी, बस्ती में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन यह भी पढ़ें: बिजली बिल में 10% बढ़ोतरी से नाराज व्यापारी, बस्ती में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**पत्नी की फर्म के जरिए आर्थिक लाभ पहुंचाने का आरोप**

श्री पगार ने बताया कि प्रेमचन्द्र द्वारा अपने पद एवं प्रभाव का कथित रूप से दुरुपयोग करते हुए ठेकेदारी व्यवस्था में हस्तक्षेप किया जाता रहा है. आरोप है कि उनके द्वारा कुछ चुनिंदा ठेकेदारों को अनुचित लाभ पहुंचाने, विभागीय गोपनीय सूचनाओं को प्रभावित करने तथा ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया में अनुचित प्रभाव डालने जैसी गतिविधियों में भूमिका निभाई गई है. इसके अतिरिक्त यह भी गंभीर आरोप है कि प्रेमचन्द्र द्वारा अपनी पत्नी श्रीमती सीमा के नाम से संचालित फर्म मेसर्स बुद्धा इंटरप्राइजेज का उपयोग स्वयं एवं अपने परिवार के सदस्यों को प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष आर्थिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है. उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार उक्त फर्म की प्रोपराइटर श्रीमती सीमा है, जिसका पता रौतापार, गांधी नगर, बस्ती दर्शाया गया है. उक्त फर्म का यूनियन बैंक में है.तीन साल में खाते से 65 लाख का लेन-देन, जांच की उठी मांग।

उपलब्ध बैंक विवरण के अनुसार पिछले लगभग तीन वर्षों में उक्त फर्म के खाते में लगभग 65 लाख रुपये की क्रेडिट एवं डेबिट प्रविष्टियां पाई गई हैं, जिससे लेन-देन की प्रकृति, धन के स्रोत तथा संबंधित ठेकेदारों से संभावित संबंधों की निष्पक्ष जांच आवश्यक हो जाती है. आरोप है कि वे अपने पूर्व कार्यकाल से संबंधित अभिलेखों, कथित अनियमितताओं एवं आने वाली निविदा/ई-टेण्डरिंग प्रक्रियाओं हस्तक्षेप बनाए रखने के उद्देश्य से उसी कार्यालय में बने रहना चाहते हैं. प्रेमचन्द्र ने अपना आलीशान मकान लखनऊ में बनवा लिया है। इस प्रकार की शिकायतें पूर्व में भी जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय स्तर पर उठाई जाती रही हैं. हाल ही में भी कुछ जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रेमचन्द्र के विरुद्ध शासन स्तर पर लिखित शिकायतें प्रेषित की गई, जिसके क्रम में शासन द्वारा धारा 7 के अंतर्गत मुख्य अभियंता, बस्ती से रिपोर्ट मांगी गई. किंतु



मुख्य अभियंता, बस्ती आनन्द कुमार द्वारा एक माह से अधिक समय व्यतीत हो जाने के बावजूद शासन को अपेक्षित रिपोर्ट प्रेषित नहीं की गई. जबकि शासन की प्रक्रिया के अनुसार, किसी भी गंभीर शिकायत के क्रम में संबंधित अधिकारी से रिपोर्ट प्राप्त कर स्थानांतरण अथवा अन्य विभागीय कार्रवाई की जाती है। स्थानांतरण प्रक्रिया की पूर्व निर्धारित समय-सीमा 31 मई तक थी, परंतु रिपोर्ट समय से न भेजे जाने के कारण आवश्यक कार्रवाई प्रभावित हुई. वर्तमान में शासन द्वारा स्थानांतरण प्रक्रिया की समय-सीमा 30 जून तक बढ़ा दी गई है, इसलिए जनहित एवं प्रशासनिक पारदर्शिता की दृष्टि से यह आवश्यक है कि मुख्य अभियंता स्तर से लंबित रिपोर्ट तत्काल शासन को भेजी जाए तथा प्रेमचन्द्र का स्थानांतरण करते हुए उनके विरुद्ध प्राप्त शिकायतों की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### सीएमओ व अधीक्षक ने वीएचएसएनडी सत्र का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**श्रीदत्तगंज/बलरामपुर।** जनपद में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से संचालित ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) सत्रों का निरीक्षण लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुकेश रस्तोगी के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज के अधीक्षक आनन्द प्रकाश त्रिपाठी ने शुक्रवार को ग्राम दारी चौरा में आयोजित वीएचएसएनडी सत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण, पोषण संबंधी परामर्श तथा अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पहुंचाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एएनएम संध्या वर्मा, आशा कार्यकर्ता सीमा तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रहीं। अधिकारियों ने टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए नियमित रूप से स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जागरूकता गतिविधियां संचालित करने पर बल दिया। सीएमओ ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता है तथा वीएचएसएनडी सत्रों के माध्यम से माताओं और बच्चों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान लाभार्थियों से संवाद कर उन्हें स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक भी किया गया।

### स्वामी करपात्री जी जन्मस्थली को हरित जोन के लिए रात्रि चौपाल में डीएम को सौंपा गया ज्ञापन



**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्र सरकार के बारह वर्ष पूर्ण होने की उपलब्धि को लेकर शुक्रवार की रात रामपुर संग्रामगढ़ विकासखण्ड के भटनी में डीएम ने चौपाल लगायी। इसमे धर्मसम्राट स्वामी करपात्री जी की जन्मस्थली को हरित जोन घोषित किये जाने को लेकर जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय को ज्ञापन सौपा गया। स्वामी करपात्री सेवा संस्थान के कोषाध्यक्ष अनुराग तिवारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल के नेतृत्व में सौपे गये ज्ञापन में सरकार से स्वामी जी की जन्मस्थली के दस किलोमीटर की परिधि में हरे पेड़ो की कटान प्रतिबंधित किये जाने की मांग उठाई गयी है। वही स्वामी जी की पैतृक स्थली पर वृहद पौधरोपण अभियान को संचालित करने के साथ अवैध खनन को भी प्रतिबंधित किये जाने पर जोर दिया गया है। डीएम ने मांग पत्र पर प्रभावी कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। डीएम ने चौपाल मे जनशिकायतों की भी एक एक कर सुनवाई की। चौपाल मे मौजूद सम्बन्धित विभागीय अधिकारियो को त्वरित निस्तारण के कड़े निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य एवं बेसिक शिक्षा तथा आंगनबाड़ी योजना के संचालन की भी गांव में हकीकत खंगाली।इस मौके पर अधिशाषी अभियंता विद्युत रूपेश कुमार, एसडीएम लालगंज शैलेन्द्र वर्मा, तहसीलदार गरिमा वर्मा, एसडीओ विद्युत आशुतोष कुमार, बीडीओ विजयशंकर मणि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# तिन्ना से पटा तलाब में 194 की लग रही फर्जी हाजिरी धरातल की स्थित जस का तस

» भ्रष्टाचार से सने सेक्रेटरी पंकज सिंह नशे में चूर प्रधान व रोजगार सेवक बने मोहरा
» बीडीओ चंद्रभान उपाध्याय भ्रष्टाचारियों पर कार्यवाही की नहीं जुटा पा रहे हिमत
» नशे मे चूर सेक्रेटरी पंकज सिंह के अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में बढ़ता जा रहा भ्रष्टाचार नरहरपुर हाल ही में फर्जी मस्टररोल हो चुका है पूरा फिर खुला 194 मजदूरों की फर्जी हाजिरी का पोल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास खंड कप्तानगंज.सरकार भले भ्रष्टाचार मुक्ति का डिडोरा पीट रही है और बड़े-बड़े पोस्टरो पर वादे कर रही हैं । किन्तु प्रशासक बने प्रधान द्वारा मंसूबे पर पानी फेर रही है। जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है। जमीनी स्तर पर कप्तानगंज ब्लाक अंतर्गत नरहरपुर में तालाब खुदाई कार्य के नाम पर प्रधान अपनी पूरी ताकत लगाकर भ्रष्टाचार करने में लगे हुए है। या यू कहे भ्रष्टाचार करने के जुनून में सरकार की साख को दाव पर लगा कर सिस्टम को बर्बाद करने पर तुले हुए हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार विकासखंड कप्तानगंज के ग्राम पंचायत नरहरपुर में तालाब खुदाई कार्य मनरेगा के कागज में चल रहा है। तालाब खुदाई में 194 मजदूरों की हाजिरी पटल पर लगाई जा रही है। प्रधान व सचिव कागजी कोरमपूरा कर फर्जी हाजिरी लगवाकर सरकारी धन को लूटने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे है। प्रधान एवं रोजगार सेवक द्वारा भटपुरवा ललहवा पर तिन्ना से पटा/पानी भरे तालाब व तैरती जलकुंभी में लगभग एक सप्ताह से फर्जी हाजिरी सरकारी रजिस्टर पर दर्ज की जा चुकी है। अगर जमीनी हकीकत की बात करे तो मजदूर नही मिले कार्य शून्य है। ग्रामीणों से मालूम हुआ कि प्रधान रोजगार सेवक के सहारे भ्रष्टाचार की पटकथा लिखते हैं और विना कार्य कराए सरकारी धन को लूटने के प्रयास में लगे रहते हैं। ग्रामीणों की बातो पर गौर करे तो प्रधान प्रतिदिन लगभग पच्चास हजार रुपए सरकारी धन का बंदरबांट करने में लगे हुए हैं। ग्राम पंचायत नरहरपुर में नशे में चूर सचिव पंकज सिंह के दस्खत से दो साइडों पर 245 जॉब कार्ड धारकों का मस्टरोल जारी हुई थी। जिसमें राम अभिलाख के खेत से अर्खापुर सरहद तक 51 मजदूरो का मस्टर रोल पूर्ण हो चुका है भटपुरवा में ललहवा पर तालाब जीर्णोधार कार्य पर अभी भी ऑनलाइन फर्जी हाजिरी भरे जा




रहे हैं लेकिन धरातल की स्थिति जस का तस बनी हुई है ।यदि वास्तव में 194 मजदूरों को लगाकर कार्य कराया गया होता तो स्थल की वर्तमान स्थिति बदल चुकी होती। ग्रामीणो का सवाल है कि क्या जेब भरने के लिए मस्टररोल जारी किया जाता है या फिर वास्तव में गरीब मजदूरों की रोजी-रोटी चलाने के लिए मस्टर रोल जारी किया जाता है। खंड विकास अधिकारी कप्तानगंज यदिअपनी कुर्सी छोड़कर कार्य स्थल का निरीक्षण करते तो शायद इतने बड़े पैमाने पर फर्जी वाडा न होता कहीं ना कहीं वीडिओ साहब के भी हाथ चासनी से सने हुए प्रतीत होती हैं। यदि वीडिओ साहब भ्रष्टाचारियों पर उचित कार्रवाई करते हैं तो जनता की निगाह में सही बन सकते हैं। खबर की पुष्टि के लिए जब साहब से फोन पर पूछा गया तो बताया कि मेरी ड्यूटी पुलिस परीक्षा में लगी है आने पर देखवाता हूँ।

## भगवंतपुर में पेड़ से लटकता मिला व्यक्ति का शव, पुलिस जांच में जुटी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बस्ती।** बस्तीजिले के थाना कलवारी क्षेत्र अंतर्गत भगवंतपुर गांव में शनिवार सुबह एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटकता मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शनिवार सुबह करीब 7:30 बजे सूचना प्राप्त हुई कि भगवंतपुर निवासी रामकेवल पुत्र वंशराज, उम्र लगभग 52 वर्ष, का शव गांव के बाहर जाने वाले रास्ते के किनारे स्थित एक जंगली पेड़ से लटक रहा है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक कलवारी संतोष कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मृतक ने अपनी लुंगी का फंदा बनाकर पेड़ से लटककर आत्महत्या की थी। सुबह ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ने के बाद इसकी सूचना परिवारजनों और पुलिस को दी गई। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त हो गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस



ने फील्ड यूनिट को भी मौके पर बुलाया। टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए और जांच प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। इसके बाद पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की तथा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है ताकि घटना के पीछे के कारणों का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मृत्यु के कारणों के संबंध में अधिक स्पष्ट जानकारी सामने आ सकेगी। फिलहाल गांव में स्थिति सामान्य एवं शांतिपूर्ण बनी हुई है। पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। घटना के बाद पूरे गांव में चर्चा और शोक का माहौल बना हुआ है।

## राजस्व टीम को धता बताकर उखाड़ा पत्थर, कईयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राजस्व टीम द्वारा मेड़बंदी कराने के बाद आरोपियो द्वारा उसे क्षतिग्रस्त करने तथा गालीगलौज व धमकी को लेकर कोतवाली पुलिस ने ग्यारह नामजद तथा पन्द्रह से सोलह अज्ञात महिलाओं व पांच से छः अज्ञात आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे चिरंजीव मजरे बटौली निवासी राजकुमार तिवारी पुत्र स्व0 रामलखन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी पत्नी रमा तिवारी के नाम कोतवाली के जेवई में भूमिधरी है। बीती ग्यारह जून को राजस्व टीम नायब तहसीलदार पंकज कुमार के साथ गांव पहुंची। टीम ने पीड़ित की भूमिधरी का पत्थरनसब कराया गया। टीम के वापस होने के बाद आरोपी गांव के सुखई, पप्पू, दिनेश पुत्रगण शोभई, रमई पुत्र तोंदू, दर्शन पुत्र किरफू, रामसुख पुत्र झरी, कमलेश उर्फ राजा पुत्र दर्शन, सग्गू व दर्शन की पत्नी तारा पत्नी गोली, सतना पत्नी अरूण व दो दर्जन से अधिक अज्ञात आरोपियो ने पत्थर उखाड़ दिया। आरोपियो द्वारा पीड़ित के साथ गालीगलौज करते हुए जानलेवा धमकी भी दी गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपियो के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

## साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति को वापस मिले 19 हजार रुपये

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बस्ती।** बस्ती जिले केथाना दुबौलिया की साइबर सेल टीम ने साइबर ठगी के शिकार एक व्यक्ति के खाते में 19 हजार रुपये वापस कराकर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। रकम वापस मिलने पर पीड़ित ने बस्ती पुलिस का आभार जताया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी कलवारी प्रदीप त्रिपाठी के नेतृत्व में चलाए जा रहे साइबर अपराध रोकथाम अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के ऊंजी गांव निवासी दीनानाथ पुत्र परमात्मा साइबर ठगी का शिकार हो गए थे। उनके खाते से 19 हजार रुपये की धनराशि निकाल ली गई थी। पीड़ित ने मामले की शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीसीआरपी) पर दर्ज कराई थी।शिकायत मिलने के बाद थाना दुबौलिया के प्रभारी निरीक्षक जीवन त्रिपाठी के निर्देशन में साइबर सेल प्रभारी अजय कुमार पांडेय एवं महिला कांस्टेबल साधना पांडेय ने मामले की जांच शुरू की। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ठगी गई धनराशि को होल्ड कराया। इसके बाद नई एसओपी-2 के तहत एमआरएम (मनी रिस्टोरेशन मैकेनिज्म) पोर्टल की सहायता से पूरी 19 हजार रुपये की रकम पीड़ित के खाते में वापस करा दी रकम वापस मिलने पर



दीनानाथ ने थाना दुबौलिया पुलिस और साइबर सेल टीम की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से साइबर ठगी से बचने के लिए सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर तत्काल हेल्पलाइन 1930 या एनसीसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की है।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रभारी मंत्री ने गिनाई उपलब्धियां

● सेवा, संस्कार, सुशासन और सम्मान के 12 वर्षः प्रभारी मंत्री ने रखी विकास कार्यों की विस्तृत तस्वीर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**अमेठी** राज्यमंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग,विभाग, उ0प्र0 शासन एवं जनपद प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला जी द्वारा केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समेकित जनकल्याण एवं जन जागरूकता अभियान के क्रम में आज जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर, गौरीगंज अमेठी में आयोजित प्रबुद्धजन संवाद तथा मीडिया संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री ने दीप प्रज्वलन व माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। प्रभारी मंत्री ने प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महानुभाव व प्रबुद्धजनों के विचारों को सुना एवं उनके द्वारा दिए जाने वाले सुझाव के लिए उन्हें आस्वस्त किया एवं उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 का प्रधानमंत्री का विजन साकार करने हेतु हम सबको मिलकर प्रयास करना होगा। इसके उपरांत प्रिंट/इलेक्ट्रानिक मीडिया से मुखातिब होकर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश की प्रगति तथा विकास के हर क्षेत्र में किए गए ऐतिहासिक एवं सराहनीय कार्यों सहित आम जनमानस का जीवन स्तर ऊंचा उठाने हेतु सरकारी नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। राज्य मंत्री ने मीडिया संवाद के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का विगत 12 वर्षों का कार्यकाल बेहद सराहनीय रहा है। इस अवधि में देश ने हर क्षेत्र में उन्नत विकास किया है। उन्होंने कहा कि सरकार का सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के लक्ष्य को प्राप्त करने में प्रधानमंत्री द्वारा कोई कमी नहीं छोड़ी गई है। विगत 12 वर्षों में देश को नई दिशा, नई ऊर्जा और नई पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया की तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है तथा हम वैश्विक मंच पर मजबूत नेतृत्व के रूप में उभरे हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा की प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमेशा गरीबों, मजदूरों, किसानों, महिलाओं, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों तथा उन सभी वर्गों के लिए कार्य किया है जिनके बारे में आजादी के बाद से अब तक सोचा भी नहीं गया था। आज हम खाद्यान्न, रक्षा, चिकित्सा, आयुध उपकरणों के निर्माण में पहले से अधिक आत्मनिर्भर हैं, आज देश में शांति एवं कानून व्यवस्था का राज स्थापित है, हमारे नागरिक निडर होकर पहले से अधिक सम्मान से जीवन जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई गई महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जन-धन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, मेक इन इंडिया कार्यक्रम, स्किल इंडिया कार्यक्रम, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, डिजिटल इंडिया कार्यक्रम, स्मार्ट सिटी मिशन, अमृत योजना, सोएल हेल्थ योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, उज्ज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, स्टार्टअप इंडिया योजना, स्टैंडअप इंडिया योजना, उजाला योजना, नमामि गंगे कार्यक्रम, सौभाग्य योजना, प्रधानमंत्री वंदन योजना, आयुष्मान भारत योजना, खेलो इंडिया कार्यक्रम, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना व मुद्रा योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व व मार्ग दर्शन में देश के चौमुखी विकास पर उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। इसके पश्चात जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रहरि, जिलाधिकारी संजय चौहान व




जिलाध्यक्ष भाजपा सुधांशु शुक्ला ने अपने अपने विचार व्यक्त किए एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए प्रभारी मंत्री को आस्वत भी किया। इसके पश्चात इंदिरा गांधी नर्सिंग कॉलेज मुंशीगंज अमेठी की नर्सिंग की छात्राओं द्वारा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा लिए गए निर्णयों, नीतियों एवं चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना की एवं अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी पन्नालाल, पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी सहित जनपद के अन्य अधिकारी विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महानुभाव, छात्र-छात्राएं मीडिया प्रतिनिधि व अन्य मौजूद रहे।

## बाबा धाम में हुए भण्डारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पुरूषोत्तम माह को लेकर बाबा घुइसरनाथ धाम में शनिवार को देवाधिदेव महादेव का दर्शन पूजन करने श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। मंदिर परिसर में भक्तों द्वारा ऊँ नमः शिवाय के अखण्ड जाप में श्रद्धालुओं को बाबा के जयघोष मे मगन देखा गया। वही मंदिर परिसर क्षेत्र में जगह जगह हुए भण्डारो मे श्रद्धालुओं ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद तिवारी के संयोजन में बाबा धाम में हुए भण्डारे में देर शाम तक श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण करते देखा गया। कार्यक्रम में भगवान शिव की स्तुति में महिलाओं द्वारा भव्य आरती उतारी गयी। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, रोहित सिंह, राजू मिश्र, संतोष सिंह, नीरज यादव, मुन्ना पाण्डेय आदि रहे।

## करंट लगने से युवक की मौत, चार माह के बेटे के सिर से उठा पिता का साया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बस्ती।** बस्ती जिले केनगर थाना क्षेत्र के कुढ़वा गांव में शनिवार सुबह करंट लगने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। युवक की मौत से चार माह के मासूम बेटे के सिर से पिता का साया उठ गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुढ़वा गांव निवासी राधेश्याम यादव का इकलौता पुत्र राजदेव यादव (27) घर में खराब पड़े फ्रिज का तार जोड़ रहा था। इसी दौरान वह अचानक बिजली की चपेट में आ गया। करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गया और मौके पर ही अचेत हो गया। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलने पर नगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।



बताया जाता है कि राजदेव गुजरात स्थित एक निजी कंपनी में कार्यरत था और परिवार का मुख्य कमाऊ सदस्य था। उसने आईटीआई से इलेक्ट्रिशियन ट्रेड की पढ़ाई भी की थी। पिछले वर्ष 15 अप्रैल को उसका विवाह कुदरहा ब्लॉक के सिसई पंडित गांव निवासी ज्योति के साथ हुआ था। दंपती का चार माह का एक पुत्र है। युवक की असमय मौत से पत्नी ज्योति, मां मिश्रावती और बहन रोशनी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव के लोग भी बड़ी संख्या में घर पहुंच गए और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। गांव में पूरे दिन मातम का माहौल बना रहा।

## शौर्य दिवस' पर गूंजी सशस्त्र सलामी,'विस्मृति से स्मृति' तक पहुंचा इतिहास

● संग्रहालय में दिखीं 1857 की जली ईंटें, विरासत बचाने का लिया संकल्प

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बस्ती।** बस्ती जिले में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम 1857 की अमर गाथा और गुमनाम शहीदों की स्मृति को समर्पित तीन दिवसीय 'महुआ डाबर महोत्सव-2026' का समापन बुधवार को ऐतिहासिक क्रांति स्थल पर गरिमामय कार्यक्रमों के साथ हुआ। महुआ डाबर संग्रहालय द्वारा आयोजित महोत्सव का तीसरा एवं अंतिम दिन 'शौर्य दिवस' के रूप में मनाया गया। इतिहास के पन्नों में दर्ज है कि 10 जून 1857 को महुआ डाबर के वीर पुरखों ने 6 ब्रिटिश सैन्य अधिकारियों को मार गिराकर ईस्ट इंडिया कंपनी के अत्याचार के विरुद्ध निर्णायक विद्रोह का बिगुल फूंका था। इसी घटना के प्रतिशोध में 3 जुलाई को अंग्रेजों ने पूरे गांव को जलाकर लगभग 5000 नागरिकों का नरसंहार किया और महुआ डाबर को 'गैर-चिरागी' घोषित कर दिया था।

'शौर्य दिवस' के अवसर पर प्रातः 8 बजे क्रांति स्थल पर अमर क्रांतिवीरों की स्मृति में राजकीय सम्मान के साथ सशस्त्र सलामी दी गई। सलामी गारद दल में उपनिरीक्षक नन्हेलाल के नेतृत्व में मुख्य आरक्षी गुलाब चौधरी, संतोष सिंह, प्रभुनाथ चौरसिया, आरक्षी संजीत कुमार यादव, मनोज कुमार, पुष्कर यादव, राजन कुमार, मोहम्मद शकील और रणविजय शामिल रहे। इस दौरान बहादुर चौकी प्रभारी तेज प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक विपिन कुमार भट्ट, आरक्षी सचिन यादव, आशीष कुमार राजपूत सहित भारी पुलिस बल मुस्तैद रहा।

समारोह में भाग लेने आए सैकड़ों लोगों ने महुआ डाबर संग्रहालय का अवलोकन किया। संग्रहालय में रखी 'ट्रेजरी ऑफ नॉलेज' दिखाते हुए निदेशक डॉ. शाह आलम राना ने कहा कि आज आप यहां 'विस्मृति से स्मृति' तक की यात्रा पर हैं। उत्खनन में मिली जली हुई ईंटें, सिक्के, औजार, 1857 के मुकदमों की कार्यवाही और दुर्लभ पुस्तकें दशकों की तपस्या का फल हैं। यह संग्रहालय 5000 शहीदों की स्मृति का जीवंत दस्तावेज है। समापन सत्र में 'विरासत संरक्षण संकल्प सभा' का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आमजन के पास संरक्षित ब्रिटिशकालीन धरोहरों को महुआ डाबर संग्रहालय को सौंपकर इस ऐतिहासिक धरोहर को और समृद्ध बनाने की अपील



की। साथ ही भावी पीढ़ियों को स्वतंत्रता संग्राम के इस गौरवशाली इतिहास से जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में महोत्सव को सफल बनाने में योगदान देने वाली उत्कृष्ट प्रतिभाओं, लोक कलाकारों, स्वयंसेवकों एवं सहयोगियों को अंगवस्त्र और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। महुआ डाबर की शहीद गाथा पर आधारित लोकगीतों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने माहौल को भावुक कर दिया। अंत में दीप प्रज्वलन कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राष्ट्रगान के साथ तीन दिवसीय गरिमापूर्ण समापन हो गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, इतिहास प्रेमियों, शोधार्थियों, युवाओं एवं समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

## बस्ती में स्थापित हुआ उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा खंडा साहिब, सिख समाज में उत्सव जैसा माहौल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बस्ती।** बस्ती जनपद में शनिवार का दिन सिख समुदाय के लिए ऐतिहासिक बन गया, जब गुरु गोविंद सिंह स्मृति चौक पर उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े खंडा साहिब की विधिवत स्थापना की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, समाजसेवी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक आस्था का माहौल देखने को मिला। पंजाब से विशेष रूप से तैयार कर लाया गया विशाल खंडा साहिब शनिवार सुबह करीब 9:30 बजे बस्ती की सीमा में पहुंचा, जहां सिख समाज के लोगों और श्रद्धालुओं ने फूल-मालाओं तथा जयकारों के साथ उसका भव्य स्वागत किया। इसके बाद शोभायात्रा के रूप में उसे गुरु गोविंद सिंह स्मृति चौक तक लाया गया, जहां धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार अरदास और पूजा-अर्चना के बाद इसकी स्थापना की गई।

आयोजकों के अनुसार स्थापित खंडा साहिब की ऊंचाई 15 फीट और चौड़ाई 9 फीट



है। उनका दावा है कि यह उत्तर प्रदेश में स्थापित अपने प्रकार का सबसे बड़ा खंडा साहिब है। इसकी स्थापना को सिख धर्म की गौरवशाली परंपराओं और गुरु साहिबानों की शिक्षाओं के प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है। लोकार्पण समारोह के दौरान श्रद्धालुओं ने गुरु परंपरा को स्मरण करते हुए समाज में भाईचारे, सेवा, सद्भाव और मानवता के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। अरदास के उपरांत लोगों ने खंडा साहिब के दर्शन कर मत्था टेका तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। सिख समाज के लोगों ने इस स्थापना को जिले की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उनका कहना था कि यह स्थल आने वाले समय में श्रद्धालुओं और युवाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगा। इस आयोजन को सफल बनाने में मुख्य राजस्व अधिकारी कीर्ति प्रकाश भारती तथा विकास राजगढ़ के अधिशासी अभियंता हरिओम गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में हरिभजन सिंह, जोगेंद्र सिंह, ज्ञानी प्रदीप सिंह, हरि सिंह बब्लू, कुलदीप सिंह, ओम प्रकाश अरोरा, जय प्रकाश अरोरा, हिमांशु सेन, इंद्रपाल सिंह सैंटी, प्रभुजोत सिंह, दिलप्रीत सिंह करन, राजेंद्र सिंह काका, तरनजीत सिंह, जितेंद्र यादव, अखिलेश शुक्ला मंटू, राजेंद्र चित्रगुप्ता, शैलेंद्र दुबे, सनम सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मोहर्रम को लेकर बाजार शुक्ल थाना परिसर में हुई पीस कमेटी की बैठक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**शुकुल बाजार, अमेठी।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सकुशल ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को थाना परिसर बाजार शुक्ल में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नायब तहसीलदार मुसाफिरखाना राहुल सिंह एवं थाना अध्यक्ष बाजार शुक्ल विवेक वर्मा ने संयुक्त रूप से की। बैठक में हिंदू एवं मुस्लिम समुदाय के गणमान्य नागरिकों, मुस्लिम समुदाय के धर्मगुरुओं, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।बैठक के दौरान अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से मोहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के वातावरण में मनाने की अपील की। नायब तहसीलदार राहुल सिंह ने कहा कि सभी त्योहार हमारी साझा संस्कृति और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल प्रशासन को दें। उन्होंने सभी समुदायों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि प्रशासन पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए पूरी तरह



प्रतिबद्ध है।

थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने कहा कि मोहर्रम के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने ताजिया जुलूस, मार्ग व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध एवं यातायात व्यवस्था से संबंधित आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए लोगों से प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि शांति व्यवस्था भंग करने अथवा सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करने का प्रयास करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।बैठक में मौजूद धर्मगुरुओं एवं जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए मोहर्रम पर्व को परंपरागत तरीके से शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारा हमेशा से मिसाल रहा है तथा भविष्य में भी इसे बनाए रखा जाएगा।पीस कमेटी की बैठक में दोनों समुदायों के सम्मानित नागरिकों ने प्रशासन के समक्ष अपनी सुझाव एवं समस्याएं भी रखीं, जिन पर अधिकारियों ने गंभीरता से विचार करते हुए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।बैठक के अंत में अधिकारियों ने सभी लोगों से सामाजिक सौहार्द बनाए रखने, अफवाहों से दूर रहने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## बोरिंग के दौरान हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया पाइप श्रमिक की मौत



**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के लोधीपुर उतरावां गांव में समरसेबल बोरिंग का काम करते समय बड़ा हादसा हो गया। हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक श्रमिक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। भदोखर थाना क्षेत्र के मीरगंज मजरे विनोहरा निवासी गंगाराम (26) पुत्र रामचंद्र और शुभम (24) लोधीपुर उतरावां गांव में सुखराम नाई के खेत में समरसेबल बोरिंग का कार्य कर रहे थे। बताया गया कि बोरिंग का पाइप निकालते समय उसका ऊपरी हिस्सा ऊपर से गुजर रही 11 केवी हाईटेंशन लाइन से छू गया। इससे दोनों श्रमिक करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह दोनों को बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद गंगाराम को मृत घोषित कर दिया। वहीं शुभम की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले में डलमऊ पुलिस विधिक कार्रवाई कर रही है।

## झमाझम बारिश से मिली राहत अस्पताल परिसर में भरा पानी, नाले की दीवार ढही

**सीएचसी परिसर में भरा पानी,मरीजों और तीमारदारों को हो रही दिक्कत**

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बा सहित आसपास के क्षेत्र में शनिवार सुबह हुई झमाझम बारिश से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली। हालांकि कई स्थानों पर जलभराव होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।घोसियाना मोहल्ले में सड़क पर पानी भर गया। तेज बारिश के कारण पानी कई घरों के भीतर तक पहुंच गया। इससे लोगों को काफी दिक्कत हुई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में भी जलभराव की स्थिति रही। पुरानी बिल्डिंग के सामने पानी जमा हो गया। इलाज कराने आए मरीजों और उनके तीमारदारों को आने जाने में परेशानी उठानी पड़ी। पर्चा काउंटर तक पहुंचने में भी लोगों को कठिनाई हुई। टीकाकरण कक्ष के रास्ते में पानी भर गया इससे पुरानी बिल्डिंग परिसर में ही बच्चों का टीकाकरण किया गया। बारिश का पानी औषधि भंडार गृह के शेड के नीचे तक पहुंच गया। वहां रखे दवाओं से भरे कई गत्ते भीग गए। इससे दवाओं के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। उधर विकास विभाग की ओर से फतेहपुर रोड पर कोतवाली के सामने बन रहे नाले की एक तरफ की दीवार ढह गई।नवनिर्मित नाले में पानी लबालब भर गया। दीवार गिरने के बाद स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं।

## मोहर्रम को लेकर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक, शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील

**महराजगंज/रायबरेली।** मोहर्रम पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने की। इस दौरान क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं ताजियादारों के साथ त्योहार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने ताजियादारों से कहा कि ताजिया केवल चिन्हित एवं निर्धारित स्थानों पर ही रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि ताजिया जुलूस के दौरान यदि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न हो तो तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचित करें। साथ ही मार्ग में ऊंचाई या चौड़ाई संबंधी किसी भी प्रकार की बाधा आने पर आपसी सामंजस्य और समझदारी के साथ उसका समाधान करते हुए ताजिया को आगे बढ़ाया जाए, ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। बैठक में उपस्थित लोगों से हिंदू-मुस्लिम एकता एवं आपसी भाईचारे की परंपरा को बनाए रखते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की गई। बैठक में चौकी प्रभारी थुलवासा राहुल मिश्रा, जितेंद्र यादव, आसिफ, जैनुल आबेदीन उर्फ लाल मनिहार, साहबान, अख्तर सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं ताजियादार मौजूद रहे।

# रहीमाबाद:वन विभाग पर गंभीर आरोप: वन दरोगा पर पेड़ों की कटान और अवैध वसूली के आरोप

**● .....रहीमाबाद क्षेत्र में वन विभाग की कार्यशैली पर उठे सवाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ के मलिहाबाद रेंज अंतर्गत रहीमाबाद क्षेत्र में वन विभाग के एक दरोगा पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। स्थानीय ग्रामीणों और सूत्रों का दावा है कि वन विभाग की जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारी की निगरानी में ही पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले कार्य हो रहे हैं, जिससे विभाग की छवि धूमिल हो रही है।

**विभागीय भूमि पर लगे पेड़ों की कटान का आरोप**

सूत्रों के अनुसार वन दरोगा मोहम्मद ताहिर पर आरोप है कि उन्होंने एक ठेकेदार के माध्यम से विभागीय भूमि पर खड़े पेड़ों की कटान कराई है। आरोप है कि इसके बदले ठेकेदार से मासिक आर्थिक लाभ लिया जा रहा है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

**किसान के बाग से आम तुड़वाने का भी आरोप**

क्षेत्र के कैथोलिया सभाखेड़ा गांव में एक बुजुर्ग महिला ने आरोप लगाया कि उनके आम के बाग में कुछ लोग पहुंचे और आम तोड़ने लगे। विरोध करने पर कथित रूप से उन्होंने कहा कि आम में आधा हिस्सा दरोगा का और आधा उनका है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है।

**शनिवार सुबह नीम का पेड़ काटे जाने की चर्चा**

ग्रामीणों के अनुसार शनिवार सुबह करीब पांच बजे कैथोलिया सभाखेड़ा गांव के पास एक नीम के पेड़ को काट दिया गया। आरोप है कि पेड़ काटने वाले लोग मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार पेड़ों की कटान की घटनाएं सामने आ रही हैं।

**जालामऊ और सहीजना क्षेत्र में हजारों पेड़ कटवाने का आरोप**

स्थानीय लोगों का दावा है कि जालामऊ और सहीजना स्थित वन विभाग के जंगलों में बड़ी संख्या में बबूल के पेड़ों की कटान हुई है। आरोप है कि इन मामलों में भी जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की।

**पेड़ों को पहले सुखाने फिर कटवाने का आरोप**

सूत्रों का कहना है कि पेड़ों की कटान से पहले उनकी जड़ों में तेजाब डाला जाता है, जिससे पेड़ धीरे-धीरे सूख जाते हैं। पत्तियां सूखने के बाद उन्हें चोरी-छिपे काटकर बेच दिया जाता है। हालांकि इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो पाई है।

**गैर जनपदों में भी कटान से जुड़ाव के आरोप**

सूत्रों का यह भी दावा है कि संबंधित वन दरोगा अन्य जनपदों में भी पेड़ों की कटान से जुड़े मामलों में सक्रिय रहते हैं और इसके बदले मोटी रकम लेने के आरोप लगते रहे हैं। हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक दस्तावेज सार्वजनिक नहीं किया गया है।

**शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने का आरोप**

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायतें किए जाने के बावजूद संबंधित मामलों में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे लोगों में प्रशासन और विभागीय कार्यप्रणाली को लेकर असंतोष बढ़ता जा रहा है।

**ग्रामीणों ने दी मुख्यमंत्री से शिकायत की चेतावनी**

कैथोलिया गांव के ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपों की निष्पक्ष जांच कर



दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वे मुख्यमंत्री और उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे। ग्रामीणों ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

**जांच के बाद ही सामने आएगी सच्चाई**

वन विभाग के अधिकारियों पर लगे इन गंभीर आरोपों को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। अब सभी की निगाहें प्रशासन और वन विभाग के उच्च अधिकारियों पर टिकी हैं कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाती है या नहीं। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि आरोपों में कितनी सच्चाई है। वहीं एक बुजुर्ग महिला का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा देखने वाली बात यह है कि क्या अब इस वीडियो का प्रशासन संज्ञान लेगा या फिर ठंडे बस्ते में इसे डाल दिया जाएगा।

## महमूदाबाद में चोरों के हौसले बुलंद, दिन दहाड़े स्कूटी हुई गायब

**● सीएचसी से बाइक चोरी के बाद अब दिन-दहाड़े दुकान के बाहर से स्कूटी पार, पुलिस पस्त**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महमूदाबाद, सीतापुर-** महमूदाबाद कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में वाहन चोरों का आतंक चरम पर है। स्थानीय पुलिस की सुस्ती का फायदा उठाकर बेखौफ चोर लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। अभी बीते कल ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद परिसर से एक बाइक चोरी होने का मामला शांत भी नहीं हुआ था कि शातिर चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए दिन-दहाड़े एक और वारदात को अंजाम दे डाला। चोर इस बार एक दुकान के बाहर खड़ी स्कूटी को उड़ा ले गए। दोपहर के वक्त दुकान के बाहर स्कूटी खड़ी थी। प्राप्त जानकारी और पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, मामला कोतवाली महमूदाबाद के अंतर्गत का है। पीड़ित लोकेश कुमार जैन पुत्र स्व. दिलीप कुमार जैन जो कि मोहल्ला नई बाजार उत्तरी कस्बा व थाना महमूदाबाद के निवासी हैं, उन्होंने पुलिस को लिखित शिकायती पत्र सौंपा है। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने करीब एक सप्ताह पूर्व ही बेलदारी टोला कस्बा महमूदाबाद के निवासी मोश समीर पुत्र हबीब अहमद से एक स्कूटी खरीदी थी। शनिवार, 13 जून



2026 को दोपहर करीब 3:00 बजे उन्होंने अपनी स्कूटी नंबर UP 78 EJ 6123 दुकान के बाहर खड़ी की थी। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने दिन-दहाड़े मौके का फायदा उठाया और स्कूटी लेकर रफूचक्कर हो गए। पीड़ित लोकेश कुमार के मुताबिक, स्कूटी के जरूरी कागजात भी गाड़ी की डिग्गी के अंदर ही मौजूद थे, जो स्कूटी के साथ ही चोरी हो गए है। कस्बे में लगातार हो रही वाहन चोरी की घटनाओं से स्थानीय व्यापारियों और आम जनता में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि कल सीएचसी परिसर जैसी संवेदनशील जगह से बाइक चोरी हुई और आज दिन-दहाड़े दुकान के बाहर से स्कूटी पार हो गई। इससे साफ जाहिर होता है कि चोरों के मन से पुलिस का खौफ पूरी तरह खत्म हो चुका है, जबकि स्थानीय पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। पीड़ित लोकेश कुमार जैन ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महमूदाबाद को प्रार्थना पत्र देकर मामले की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने और वाहन की जल्द से जल्द बरामदगी करने की गुहार लगाई है। अब देखना यह है कि लगातार हो रही चोरियों पर महमूदाबाद पुलिस कब तक लगाम कस पाती है।

## लुलु हाइपरमार्केट में आम महोत्सव का भव्य शुभारंभ, 40 से अधिक किस्मों के आम एक ही स्थान पर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 12 जून 2026 लुलु हाइपरमार्केट में आज आम प्रेमियों के लिए आयोजित आम महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया। इस विशेष आयोजन में ग्राहकों के लिए 40 से अधिक किस्मों के उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले आम उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें अल्फांसो, दशहरी, तोतापुरी, बंगनपल्ली, लंगड़ा, चौसा, केसर, नीलम, मालदा तथा अन्य लोकप्रिय किस्में शामिल हैं। आम महोत्सव का उद्घाटन डॉ. दामोदरन थुक्करम, निदेशक, निदेशक- आईसीएआर- सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ सबट्रॉपिकल हॉर्टिकल्चर द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ. दामोदरन थुक्करम ने कहा कि आम भारत की पहचान और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल उपभोक्ताओं को विभिन्न किस्मों के आमों से परिचित कराते हैं, बल्कि देश की बागवानी परंपरा और किसानों के योगदान को भी प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने लुलु हाइपरमार्केट द्वारा एक ही छत के नीचे इतनी विविधता और गुणवत्ता उपलब्ध कराने की सराहना की। कार्यक्रम में जयकुमार गंगाधरन, निदेशक-उत्तर प्रदेश, तेलंगाना एवं दिल्ली, लुलु ग्रुप इंडिया भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि लुलु समूह अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम गुणवत्ता, ताजगी




और विविधता उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। आम महोत्सव ग्राहकों को देश के विभिन्न क्षेत्रों के श्रेष्ठ आमों का स्वाद और अनुभव प्रदान करेगा। इस अवसर पर सुनील शर्मा, महाप्रबंधक, लुलु हाइपरमार्केट भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि आम महोत्सव के दौरान ग्राहकों को 40 से अधिक किस्मों के ताजे और उच्च गुणवत्ता वाले आम उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि यह आयोजन आम प्रेमियों के लिए एक विशेष अवसर है, जहां वे अपनी पसंदीदा किस्मों के साथ-साथ कई नई और दुर्लभ किस्मों का भी आनंद ले सकते हैं। लुलु हाइपरमार्केट ने शहर के सभी आम प्रेमियों को इस विशेष आम महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। यहां ग्राहकों को बेहतरीन गुणवत्ता, ताजगी और आमों की विशाल श्रृंखला का अनुभव प्राप्त होगा। 40 से अधिक किस्मों के उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले आमों का इतना विशाल संग्रह आम प्रेमियों को केवल लुलु हाइपरमार्केट में ही उपलब्ध है।

## चोरी की घटना में वांछित अभियुक्ता को बिसवां पुलिस ने किया गिरफ्तार




**बिसवां (सीतापुर)-** बिसवां पुलिस ने शनिवार को रोडवेज बस स्टैंड कस्बा बिसवां से रुखसाना पत्नी नूर बाबू उर्फ काले निवासी ठठेरी टोला, थाना लहरपुर, जनपद सीतापुर (उम्र लगभग 30 वर्ष) को गिरफ्तार किया। अभियुक्ता 6 जून 2026 से वांछित चल रही थी। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने अभियुक्ता के कब्जे से पीली धातु के कान के एक जोड़ी झाले तथा 23,000 रुपये नकद बरामद किए हैं। इस संबंध में थाना बिसवां में मु.अ.सं. 144/2026 के तहत धारा 303(2) एवं 317(2) बीएनएस में मुकदमा दर्ज है। पुलिस के अनुसार अभियुक्ता के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राम राघव सिंह, उपनिरीक्षक सुधाकर सिंह, हेड कांस्टेबल अमरेंद्र कुमार द्विवेदी, हेड कांस्टेबल रोहित कुमार, कांस्टेबल विवेक यादव, कांस्टेबल आकाश, कांस्टेबल रंजीत कुमार तथा महिला कांस्टेबल पूनम सिंह शामिल रहीं।

## धरना स्थल से CJP अध्यक्ष अभिजीत को बिना भाषण लौटाया, लखनऊ में छात्रों ने किया विरोध

**● काकरोच जनता पार्टी के अध्यक्ष अभिजीत दीपके को लखनऊ के ईको गार्डन में छात्रों के भारी विरोध के कारण बिना भाषण दिए लौटना पड़ा। छात्रों ने उन पर अपने आंदोलन का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया, जिससे हंगामा बढ़ गया।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** पिछले सप्ताह ही दिल्ली में जंतर मंतर पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ की मांग को लेकर सुर्खियों में आए काकरोच जनता पार्टी के अध्यक्ष अभिजीत दीपके को लखनऊ के ईको गार्डन स्थित धरना स्थल पर मौजूद छात्रों के विरोध के बीच बिना भाषण के ही लौटना पड़ा। शिक्षक भर्ती सहित विभिन्न परीक्षाओं के रद को लेकर प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों के बीच पहुंचे दीपके को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। दीपके के घरना स्थल पर पहुंचते ही अभ्यर्थियों ने उनके खिलाफ भी नारेबाजी शुरू कर दी। अभ्यर्थियों ने उन पर राजनीतिक रोटी सेंकने का आरोप लगाया। हंगामा बढ़ता देख अभिजीत अपना भाषण बीच में ही छोड़कर लौट गए। शुक्रवार को ईको गार्डन प्रदेश के कई जिलों से अभ्यर्थी भर्तियों और परीक्षाओं के निरस्त होने का विरोध करने पहुंचे थे। ईको गार्डन में सुबह 10 बजे से शुरू हुए प्रदर्शन में पांच हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए। दोपहर डेढ़ बजे अभिजीत दीपके संविधान की पुस्तक लेकर पहुंचे। विरोध और नारेबाजी के बीच दीपके ने संबोधित करना शुरू किया।

**ईको गार्डन में काफी देर हंगामा, दीपके ने लगाया राजनीति करने का आरोप**

बिना माइक और मंच के दीपके चिल्लाते हुए बोले, 'देश में आंदोलन नहीं हुआ होता तो आज आजादी भी नहीं मिली होती। इमरजेंसी के विरोध में आंदोलन न होता तो लोकतंत्र भी न होता। आंदोलन सबसे बड़ी देशभक्ति है। चाहे लेखपाल हो, यूपीएसआई हो, नीट हो या सीबीएसई, सभी परीक्षाओं के पेपर लीक करने वाले दोषियों को त्यागपत्र देना होगा।'

**'पेपर लीक बंद करो' और 'यूपीएसआई स्कोर कार्ड जारी करो' जैसे नारेबाजी करने लगे**



इस बीच अभ्यर्थी 'पेपर लीक बंद करो' और 'यूपीएसआई स्कोर कार्ड जारी करो' जैसे नारेबाजी करने लगे। नितिन, आनंद, अविरल तनेजा सहित कई अभ्यर्थियों ने कॉकरोच जनता पार्टी और अभिजीत दीपके का विरोध किया। कहा 'हमारे इस आंदोलन का कॉकरोच जनता पार्टी से कोई मतलब नहीं है। दीपके राजनीति कर रहे हैं। उनका कहना था कि हमारे आंदोलन की रूपरेखा 15 दिनों पहले बनी थी, जबकि दीपके को इसके बारे में पता तक नहीं है। वह केवल राजनीति करने आए हैं और केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा मांग रहे हैं। विरोध तेज होता देख दीपके अभ्यर्थियों को 20 जून को दिल्ली आने का आह्वान करते हुए निकल गए।

## LDA में नौकरी और सरकारी ठेका दिलाने के नाम पर मां-बेटे ने की तीस लाख की ठगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) में नौकरी व सरकारी ठेके दिलाने का झांसा देकर जालसाज मां-बेटे ने परिचित से 30 लाख रुपये ऐंठ लिए। एलडीए कर्मी आरोपी महिला ने अपनी ऊंची पहुंच का रौब दिखाया और जाली नियुक्ति पत्र थमा दिया। पीड़ित ने विभाग जाकर जानकारी की तो फर्जीवाड़े का पता चला। रुपये वापस मांगने पर पीड़ित को धमकाया गया। डीसीपी पश्चिम कमलेश दीक्षित के आदेश पर कैसरबाग पुलिस ने आरोपी मां-बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**वारिस एहसान खान ने क्या बताया?**

गोलागंज बारूदखाना निवासी वारिस एहसान खान ने बताया कि उनके दूर के रिश्तेदार सुमायरा रब्बानी उर्फ परवीन व बेटे अली अब्दुल्लाह लालबाग के जेपी बोस मार्ग स्थित डब्ल्यूआर अपार्टमेंट में रहते हैं। एलडीए में कार्यरत सुमायरा व अली ने वर्ष 2024 में वारिस को सरकारी ठेके और एलडीए में नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया। दोनों काम के एवज में रुपये खर्च होने की बात कही। रिश्तेदारी होने के चलते पीड़ित ने 16 जनवरी 2024 को अली अब्दुल्लाह के खाते में पांच लाख और मार्च माह में 25 लाख रुपये नकद दिए। कुछ समय बीतने के बाद सुमायरा ने एक पत्र दिया। कहा कि जब बोलेंगे तब पत्र लेकर एलडीए जाकर ज्वाइनिंग कर लेना। काफी समय बीतने के बाद भी मां-बेटे ने कोई जवाब नहीं दिया तो पीड़ित ने एलडीए जाकर छानबीन की। पता चला कि पत्र जाली था। नौकरी व ठेका न मिलने पर




पीड़ित वारिस ने संपर्क कर अपने 30 लाख रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने टालमटोल की। पीड़ित ने घर पहुंचकर रुपये मांगे तो आरोपियों ने गाली-गलौज कर फर्जी मामले में फंसाने की धमकी दी। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित वारिस ने डीसीपी पश्चिम से मुलाकात कर शिकायत की। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

## किसानों को मिली बड़ी राहत शिवगढ़ ड्रेन की सफाई शुरू, 35 किलोमीटर तक चलेगा अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज, रायबरेली।** महराजगंज तहसील क्षेत्र के किसानों के लिए लंबे समय से परेशानी का कारण बनी शिवगढ़ ड्रेन की सफाई का कार्य शनिवार को शुरू हो गया। समाजवादी पार्टी के विधायक श्याम सुंदर भारती के प्रयासों से शुरू हुए इस अभियान से किसानों में खुशी का माहौल है। शिवगढ़ विकासखंड क्षेत्र के पिपरी गांव स्थित पुल के पास विधिवत रूप से सफाई कार्य का शुभारंभ किया गया। इस दौरान विधायक श्याम सुंदर भारती ने उपस्थित किसानों एवं ग्रामीणों का मुंह मीठा कराकर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या किसानों के लिए बड़ी चुनौती बन जाती है, जिससे फसलों को नुकसान उठाना पड़ता है। इसी समस्या को गंभीरता से लेते हुए शिवगढ़ ड्रेन की सफाई का कार्य शुरू कराया गया है। विधायक ने बताया कि लगभग 35 किलोमीटर लंबी ड्रेन की सफाई कराई जाएगी, जिससे बरसाती पानी का सुचारु निकास संभव हो सकेगा और खेतों में जलभराव की समस्या





काफी हद तक समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि किसानों की मूलभूत समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है और क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ड्रेन सफाई कार्य शुरू होने से क्षेत्र के किसानों ने राहत की सांस ली है। किसानों का कहना है कि वर्षों से ड्रेन में गाद और झाड़ियां भर जाने के कारण बारिश के समय खेतों में पानी भर जाता था, जिससे खेती प्रभावित होती थी। अब सफाई कार्य शुरू होने से फसलों को नुकसान से बचाया जा सकेगा और कृषि उत्पादन में भी वृद्धि होगी। ग्रामीणों और किसानों ने विधायक श्याम सुंदर भारती के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया है। बरसात से पहले शुरू हुई यह सफाई किसानों के लिए किसी सौगात से कम नहीं मानी जा रही है।

## महिला ने की सरकारी नाली पर अतिक्रमण की शिकायत

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली परिसर में शनिवार को सीओ अमित सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। समाधान दिवस में पूरे टोड़ी मजरे सेमरपहा गांव की निवासी दीपा सिंह ने शिकायत दर्ज कराते हुए गांव के चार लोगों पर सरकारी नाली पर अतिक्रमण करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने नाली में मिट्टी डालकर उसे पाट दिया है। इससे बरसात का पानी उनके घर के सामने भर रहा है और आवागमन में परेशानी हो रही है।पीड़िता का कहना है कि इस मामले की शिकायत वह पहले भी कई बार कर चुकी हैं लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी गाली-गलौज करते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं। थाना समाधान दिवस में कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, लेखपाल उमाकांत तिवारी, मनमोहन पांडे समेत अन्य राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से ई-रिक्शा चालक व महिला घायल




**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के रायबरेली रोड पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से ई-रिक्शा चालक और उसमें सवार महिला घायल हो गई। महिला की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। डकौली गांव निवासी रोहित ई-रिक्शा चलाता है। वह एक महिला यात्री लक्ष्मी को लेकर कस्बे की ओर आ रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक रोहित और महिला यात्री लक्ष्मी घायल हो गई। टक्कर के बाद कार चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। महिला की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## पूर्व विधायक राकेश सिंह के प्रयासों से केप की खुदाई का कार्य शुरू

**● पूर्व विधायक राकेश सिंह से मिलकर किसानों ने बताई थी आपबीती काम शुरू होने से अब खुशी की लहर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज (रायबरेली)-** लंबे अरसे से किसानों के लिए समास्या का सबब बनी शोभापुर स्केप इस बार किसानों के लिए संजीवनी साबित होगी क्योंकि पूर्व विधायक राकेश सिंह के प्रयासों से इसकी खुदाई का रास्ता साफ हो चुका है, जिससे किसानों में खुशी की लहर है। बता दें कि महराजगंज ब्लाक क्षेत्र के बरहुवां ग्राम पंचायत अंतर्गत पूरे अभिमान सिंह गांव के पास से शोभापुर स्केप निकली हुई है, जिसकी लंबाई तकरीबन साढ़े चार किलोमीटर है,जो बजट के अभाव में झाड़ियों से पटी होने के कारण, जल निकासी की समास्या बनी हुई थी और हजारों बीघे फसल डूब जाती थी जिससे किसानों के सामने संकट उत्पन्न हो जाता था। इसकी खुदाई को लेकर क्षेत्रीय किसान कई सालों से परेशान थे



और पिछले दिनों पूर्व विधायक राकेश सिंह से मिलकर स्केप की सफाई की मांग की थी जिस पर उन्होंने अधिकारियों से बात कर समास्या के निराकरण के निर्देश दिए थे। अब पूर्व विधायक राकेश सिंह के प्रयासों से स्केप की खुदाई का काम शुरू हो गया है जिससे किसानों के चेहरे पर खुशी है, राज्य मंत्री स्वतंत्रत प्रभार दिनेश प्रताप सिंह बड़े भाई गणेश प्रताप सिंह ने अधिशाषी अभियंता सुशील कुमार सिंचाई विभाग की उपस्थिति में नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया। स्केप की खुदाई से भीरा, मझिगवां, मलिकपुर बरना,पंचम सिंह गोंदरिहा बरहुआं पखनपुर पूरे श्रध्दा शोभापुर पूरे लाखन सिंह सहित दर्जनों गांवों के किसानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। शीतला बक्श सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दीपू सिंह, पूर्व रंजीत सिंह, राम प्रताप सिंह, सुशील बाजपेई, राजू, चंद्र शेखर श्री राम सिया राम,जय राम लोधी, सहित अन्य मौजूद रहे।

## मलिहाबाद: बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट से भड़की आग

**● ग्रामीणों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ/रहीमाबाद।** रहीमाबाद क्षेत्र के कैथन खेड़ा गांव में शनिवार दोपहर ट्यूबवेल लाइन में शॉर्ट सर्किट होने से भीषण आग लग गई। ग्रामीणों की सूझबूझ और तत्परता के चलते आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, जलालमऊ विद्युत उपकेंद्र के रहीमाबाद फीडर से जुड़े कैथन खेड़ा गांव में मंदिर परिसर के पास स्थित ट्यूबवेल के ऊपर से गुजर रही बिजली की केबल में तकनीकी खराबी आ गई। इसी दौरान तारों से अचानक चिंगारियां निकलने लगीं और देखते ही देखते आग भड़क उठी। आग ने आसपास की सूखी झाड़ियों और पेड़ों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में आसपास मौजूद यूकेलिप्टस, महुआ और फरेंद के पेड़ों के साथ सूखी झाड़ियां जलने लगीं। घटना से गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने तत्काल बिजली विभाग को सूचना देकर विद्युत आपूर्ति बंद करवाई। इसके बाद ग्रामीणों ने ट्यूबवेल और अन्य उपलब्ध संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि आग समय रहते नहीं बुझाई जाती तो यह आसपास के खेतों और अन्य पेड़ों तक फैल सकती



थी, जिससे भारी नुकसान होने की आशंका थी। ग्रामीणों की सतर्कता और सामूहिक प्रयासों के कारण संभावित बड़ा नुकसान टल गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से क्षेत्र की बिजली लाइनों की नियमित जांच और रखरखाव की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। वहीं इस संबंध में अवर अभियंता राजकुमार ने बताया कि उन्हें इस घटना की कोई जानकारी नहीं है।

# मानवता की एक बूंद रक्तदान करें जीवन बचाएं: सुरक्षित रक्त से मजबूत समाज की ओर

हर वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। यह केवल एक औपचारिक दिवस नहीं है बल्कि मानवता सेवा और जीवन रक्षा का वैश्विक अभियान है। इस दिन उन लाखों स्वैच्छिक रक्तदाताओं का सम्मान किया जाता है जिनके निस्वार्थ योगदान से प्रतिदिन अनगिनत लोगों को नया जीवन मिलता है। वर्ष 2026 की थीम 'मानवता की एक बूंद। रक्तदान करें। जीवन बचाएं।' इस संदेश को और अधिक प्रभावी बनाती है कि रक्तदान केवल चिकित्सा सहायता नहीं बल्कि करुणा और सामाजिक जिम्मेदारी का सबसे बड़ा प्रतीक है। रक्त ऐसा अमूल्य संसाधन है जिसे किसी प्रयोगशाला में कृत्रिम रूप से तैयार नहीं किया जा सकता। इसकी उपलब्धता पूरी तरह स्वस्थ और जागरूक नागरिकों के स्वैच्छिक रक्तदान पर निर्भर करती है। जब किसी व्यक्ति को दुर्घटना होती है तब प्रसव के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव होता है तब कैंसर का इलाज चल रहा होता है तब थैलेसीमिया या अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे समय में किसी अनजान रक्तदाता द्वारा दिया गया रक्त जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर बन जाता है।

भारत दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देशों में से एक है और यहां रक्त की मांग भी बहुत अधिक है। विभिन्न स्वास्थ्य रिपोर्टों के अनुसार देश में हर वर्ष लगभग 1.4 से 1.6 करोड़ यूनिट रक्त एकत्रित किया जाता है। यह संख्या बड़ी दिखाई देती है लेकिन देश की विशाल जनसंख्या और स्वास्थ्य जरूरतों को देखते हुए अभी भी कई क्षेत्रों में रक्त की कमी महसूस की जाती है। विशेष रूप से दुर्लभ रक्त समूहों और आपातकालीन स्थितियों में रक्त की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती बनी रहती है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि देश की कुल आबादी का केवल एक छोटा हिस्सा भी नियमित रूप से रक्तदान करे तो रक्त की कमी की समस्या लगभग समाप्त हो सकती है। एक यूनिट रक्त को अलग अलग घटकों में विभाजित किया जा सकता है। इससे लाल रक्त कणिकाएं प्लाज्मा और प्लेटलेट्स अलग होकर तीन अलग मरीजों के उपचार में उपयोग किए जा सकते हैं। इसका अर्थ है कि एक व्यक्ति का एक बार किया गया रक्तदान तीन या उससे अधिक लोगों का जीवन बचाने में सहायक हो सकता है।

भारत में हर वर्ष लाखों मरीज रक्तदान से लाभान्वित होते हैं। सड़क दुर्घटनाओं के शिकार लोगों से लेकर हृदय शल्य चिकित्सा कराने वाले मरीजों तक और कैंसर उपचार प्राप्त कर रहे रोगियों से लेकर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों तक सभी के लिए रक्त जीवनरेखा का काम करता है। थैलेसीमिया से पीड़ित हजारों बच्चों को नियमित अंतराल पर रक्त चढ़ाने की आवश्यकता होती है। यदि रक्तदाता आगे न आएं तो इन बच्चों के जीवन पर संकट खड़ा हो सकता है। इसी प्रकार प्रसव के दौरान होने वाले अत्यधिक रक्तस्राव के कारण हर वर्ष अनेक महिलाओं की जान जोखिम में पड़ती है। समय पर उपलब्ध रक्त उनके जीवन की रक्षा कर सकता है।




रक्तदान को लेकर समाज में कई प्रकार की भ्रांतियां भी मौजूद हैं। कुछ लोग मानते हैं कि रक्तदान करने से कमजोरी आ जाती है या स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। जबकि चिकित्सा विज्ञान के अनुसार स्वस्थ व्यक्ति द्वारा निर्धारित अंतराल पर किया गया रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित होता है। शरीर कुछ ही समय में रक्त की कमी को पूरा कर लेता है। रक्तदान से नई रक्त कोशिकाओं के निर्माण की प्रक्रिया सक्रिय होती है और शरीर में आयरन संतुलन बनाए रखने में भी सहायता मिलती है। सबसे बड़ी बात यह है कि रक्तदान से पहले होने वाली स्वास्थ्य जांच व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य की स्थिति जानने का अवसर भी देती है।

आज आवश्यकता केवल रक्त एकत्रित करने की नहीं बल्कि नियमित और स्वैच्छिक रक्तदान की संस्कृति विकसित करने की है। कई बार विशेष अवसरों पर बड़े शिविर आयोजित होते हैं और पर्याप्त मात्रा में रक्त एकत्र हो जाता है लेकिन वर्ष भर निरंतर रक्त की उपलब्धता बनाए रखना अधिक महत्वपूर्ण है। इसके लिए युवाओं को विशेष रूप से प्रेरित करने की आवश्यकता है। कॉलेजों विश्वविद्यालयों और सामाजिक संगठनों को नियमित जागरूकता अभियान चलाने चाहिए ताकि रक्तदान को एक सामाजिक आंदोलन का रूप दिया जा सके।

डिजिटल युग में तकनीक भी रक्तदान अभियान को नई दिशा दे सकती है। मोबाइल एप और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से रक्तदाताओं का राष्ट्रीय नेटवर्क तैयार किया जा सकता है। आवश्यकता पड़ने पर निकटतम रक्तदाता से तुरंत संपर्क स्थापित किया जा सकता है। इससे आपातकालीन परिस्थितियों में समय की बचत होगी और मरीजों को शीघ्र सहायता मिल सकेगी। कई राज्यों में ऐसे प्रयास शुरू हुए हैं लेकिन इन्हें और व्यापक बनाने की आवश्यकता है।

स्कूल स्तर पर भी रक्तदान के महत्व के बारे में शिक्षा दी जानी चाहिए। भले ही विद्यार्थी रक्तदान की आयु तक न पहुंचे हों लेकिन उनमें सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित की जा सकती है। जब वे युवा बनेंगे तब स्वाभाविक रूप से रक्तदान को अपने सामाजिक कर्तव्य के रूप में स्वीकार करेंगे। इसी प्रकार परिवारों में भी रक्तदान को लेकर सकारात्मक चर्चा होनी चाहिए ताकि नई पीढ़ी प्रेरित हो सके। सरकारों और स्वास्थ्य संस्थानों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। रक्त बैंकों की संख्या और गुणवत्ता बढ़ाने के साथ साथ आधुनिक परीक्षण सुविधाओं को मजबूत करना आवश्यक है। सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए गुणवत्ता मानकों का कठोर पालन किया जाना चाहिए। ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों तक रक्त सेवाओं की पहुंच बढ़ाना भी समय की मांग है। जब तक हर व्यक्ति को आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित रक्त उपलब्ध नहीं होगा तब तक स्वास्थ्य सुरक्षा का लक्ष्य अधूरा रहेगा।

सामाजिक संगठनों धार्मिक संस्थाओं उद्योग जगत और शैक्षणिक संस्थानों को भी इस अभियान से जुड़ना चाहिए। यदि प्रत्येक संस्था वर्ष में कुछ रक्तदान शिविर आयोजित करे और अपने सदस्यों को नियमित रक्तदान के लिए प्रेरित करे तो देश में रक्त की उपलब्धता कई गुना बढ़ सकती है। रक्तदान को केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि निरंतर चलने वाली सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाना होगा।

विश्व रक्तदाता दिवस हमें यह याद दिलाता है कि मानवता की सबसे बड़ी ताकत परस्पर सहयोग में निहित है। जब कोई व्यक्ति रक्तदान करता है तब वह केवल रक्त नहीं देता बल्कि किसी परिवार को उम्मीद देता है किसी मां को उसका बेटा लौटाता है किसी बच्चे को भविष्य देता है और किसी मरीज को जीवन का दूसरा अवसर प्रदान करता है। यही कारण है कि रक्तदान को महादान कहा जाता है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम रक्तदान को उत्सव नहीं बल्कि आदत बनाएं। यदि प्रत्येक सक्षम नागरिक वर्ष में एक या दो बार भी स्वेच्छा से रक्तदान करे तो भारत न केवल अपनी रक्त आवश्यकताओं को पूरा कर सकता है बल्कि सुरक्षित रक्त उपलब्धता के क्षेत्र में दुनिया के लिए उदाहरण बन सकता है। विश्व रक्तदाता दिवस 2026 का संदेश स्पष्ट है। मानवता की रक्षा के लिए किसी बड़े त्याग की आवश्यकता नहीं है। केवल कुछ मिनट का समय और एक यूनिट रक्त किसी की पूरी जिंदगी बदल सकता है। आइए संकल्प लें कि हम स्वयं रक्तदान करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। क्योंकि जब रक्त की एक बूंद किसी जीवन को बचाती है तब वह केवल चिकित्सा नहीं बल्कि मानवता की सबसे सुंदर अभिव्यक्ति बन जाती है।

**कांतिलाल मांडोत**

# मोदी सरकार में वो समस्याएं जो अभी तक नहीं सुधरीं

**संपादक/लेखक: राजीव शुक्ला**



इस बात में कोई दो राय नहीं है कि 2014 के बाद से अब तक भारत ने काफी तरक्की की है लेकिन इसमें यह भी है कि अभी तक बहुत सी ऐसी समस्याएं हैं जिनमें सुधार होना बाकी है। 2014 से 2026 तक 12 साल की सत्ता में मोदी सरकार ने योजनाओं, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और वैश्विक छवि पर काम किया। लेकिन कुछ संरचनात्मक समस्याएं ऐसी हैं जो चुनावी नारों और सरकारी रिपोर्टों के बावजूद ज़मीन पर बनी हुई हैं। ये समस्याएं आम आदमी की रोज़मर्रा की ज़िंदगी से सीधे जुड़ती हैं। इसमें सबसे पहले आती है बेरोज़गारी और अनौपचारिक क्षेत्र की अस्थिरता। हालांकि बेरोजगारी को कम करने के लिए सरकार ने बहुत प्रयास किए हैं लेकिन अभी कई प्रयास करने वाकी हैं। सरकारी आंकड़े कहते हैं कि बेरोज़गारी दर 2017 के मुकाबले घटी है। लेकिन हकीकत में समस्या की प्रकृति बदली है। गुणवत्तापूर्ण रोज़गार की कमी भारतीयों को खल रही है। हर साल 1.2 करोड़ युवा श्रम बाजार में आते हैं, लेकिन प्राइवेट सेक्टर में वेतन बढ़ोतरी धीमी है। आईटी और स्टार्टअप में छंटनी ने मिडिल क्लास की चिंता बढ़ाई है। अनौपचारिक क्षेत्र पर असर: नोटबंदी, GST और कोविड के बाद छोटे दुकानदार, ठेले वाले और दिहाड़ी मजदूर पूरी तरह उभर नहीं पाए। CMIE और NSSO के सर्वे बताते हैं कि स्वरोज़गार बढ़ा है, लेकिन ये ज़्यादातर मजबूरी का स्वरोज़गार है। कृषि संकट और किसान की आय के लिए बहुत समय से बात चल रही है लेकिन अभी तक इस पर कोई ठोस नीति नहीं बन सकी है।

2016 में सरकार ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य रखा था। 2026 तक वो लक्ष्य पूरा नहीं हुआ। MSP की सीमित पहुंच : सिर्फ गेहूं-धान के किसान ही MSP का फायदा ले पाते हैं। दाल, तिलहन, फल-सब्जी वाले किसान मंडी के भाव पर निर्भर हैं। कर्ज और जलवायु जोखिम: को लेकर किसान हमेशा से परेशान रहा है। फसल बीमा योजना ने कुछ राहत दी, लेकिन अतिवृष्टि, सूखा और आवारा पशु की समस्या बनी हुई है। तीन कृषि कानूनों के विरोध के बाद सरकार बैकफुट पर आ गई और बड़े कृषि सुधार रुके हुए हैं।

### शिक्षा और स्वास्थ्य में गुणवत्ता का अंतर

शिक्षा: NEP 2020 ने ढांचा बदला, लेकिन सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी, ड्रॉपआउट रेट और लर्निंग आउटकम अब भी कमजोर हैं। ASER रिपोर्ट लगातार बताती है कि कक्षा 5 का बच्चा कक्षा 2 का पाठ नहीं पढ़ पाता। इसी तरह स्वास्थ्य: आयुष्मान भारत ने कवरेज बढ़ाया, लेकिन ग्रामीण इलाकों में डॉक्टर, नर्स और दवाओं की कमी है। निजी अस्पताल महंगे हैं, और आउट-ऑफ-पॉकेट खर्च भारत में अब भी GDP का 50% से ज्यादा है।

महंगाई का मध्यम वर्ग पर दबाव बहुत बढ़ता जा रहा है। तेल, सब्जी, दाल और किराये की कीमतों में उछाल ने मध्यम वर्ग को सबसे ज्यादा प्रभावित किया। सरकार ने टैक्स स्लैब बदले, लेकिन प्रत्यक्ष कर का बोझ अब भी वेतनभोगी वर्ग पर ज्यादा है।

कोर महंगाई भले नियंत्रण में रही हो, लेकिन खाद्य महंगाई 2022-2024 में दो बार 10% पार कर गई। RBI के बार-बार रेपो रेट बढ़ाने से EMI बढ़ी और घर खरीदना मुश्किल हुआ। नौकरशाही और भ्रष्टाचार की जड़ें मजबूत हो रहीं हैं। DBT और डिजिटल प्लेटफॉर्म ने बिचौलियों को कम किया, लेकिन ज़मीन-रजिस्ट्री, पुलिस, म्यूनिसिपल सर्विस में भ्रष्टाचार खत्म नहीं हुआ। विपक्ष का आरोप है कि ED, CBI जैसी एजेंसियों का राजनीतिक इस्तेमाल बढ़ा है। वहीं सरकार कहती है कि भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई हो रही है। नतीजा ये है कि आम आदमी का भरोसा सिस्टम पर आंशिक ही बहाल हुआ है।

सामाजिक ध्रुवीकरण और संवाद की कमी पिछले 12 साल में धार्मिक और क्षेत्रीय मुद्दे राष्ट्रीय बहस में हावी रहे। इससे विकास और रोज़गार जैसे मुद्दे कई बार बैकसीट पर चले गए। मीडिया और सिविल सोसाइटी का स्पेस सिकुड़ने की शिकायत विपक्ष और पत्रकार संगठनों से आती रही है। सरकार का पक्ष है कि फेक न्यूज़ और अस्थिरता रोकने के लिए नियम जरूरी हैं। राज्य-केंद्र संबंध और संघीय ढांचा


GST लागू होने के बाद राज्यों को मुआवज़ा देने का वादा 2022 में खत्म हो गया। अब कई राज्य कहते हैं कि उनका फिस्कल स्पेस सिकुड़ गया है।

केंद्रीय योजनाओं के नाम पर राज्यों की भूमिका सीमित हो गई है, जिससे संघीय संतुलन पर सवाल उठते हैं। सुधार हुआ, पर असमान गति से मोदी सरकार ने बुनियादी सुविधाओं, डिजिटल ट्रांजैक्शन और इंफ्रास्ट्रक्चर में ठोस काम किया है। उज्ज्वला, जनधन, सड़क, रेल और UPI इसका उदाहरण हैं। लेकिन रोज़गार की गुणवत्ता, कृषि आय, शिक्षा-स्वास्थ्य की ग्राउंड लेवल क्वालिटी, और महंगाई जैसी समस्याएं अभी भी सिस्टम की कमज़ोरी दिखाती हैं। 2026 तक सरकार की सबसे बड़ी चुनौती ये है कि वो कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ प्रोडक्टिविटी और प्राइवेट इन्वेस्टमेंट को भी तेज़ करे, ताकि ये समस्याएं चुनावी मुद्दे बनकर न रह जाएं बल्कि हल हों।

# शहीद कहलाने लायक भी नहीं माने गए... सिर्फ नाविक थे न

**[राष्ट्र के लिए जान देने वाले, राष्ट्र की नजर में अनजान क्यों?]**

**[हार्मुज-ओमान क्षेत्र की लहरें अब तेल नहीं, भारतीय खून बहा रही हैं]**



कुछ मौतें केवल परिवारों को नहीं रुलातीं, वे राष्ट्र के विवेक को भी कठघरे में खड़ा कर देती हैं। जून 2026 में दुनिया फीफा विश्व कप की चमक-दमक और जीत-हार के रोमांच में डूबी है, लेकिन इसी बीच हार्मुज के निकट ओमान की खाड़ी ने तीन भारतीय नाविकों की अंतिम पुकार अपने भीतर समेट ली। पलाउ-ध्वजांकित टैंकर पर अमेरिकी मिसाइल हमले में विशाखापट्टनम के मुख्य अभियंता पटनाला सुरेश, डेक कैडेट आदित्य शर्मा और फिटर शिवानंद चौरसिया की मृत्यु केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि उस कठोर सच्चाई का प्रतीक है जिसे वैश्विक राजनीति अक्सर आंकड़ों और बयानों के नीचे दबा देती है। जिनके श्रम से दुनिया के कारखाने चलते हैं और जिनकी मेहनत से ऊर्जा के स्रोत देशों तक पहुँचते हैं, वही संकट की घड़ी में सबसे अधिक अकेले छोड़ दिए जाते हैं। दुनिया की अर्थव्यवस्था की धड़कन अक्सर उन समुद्री मार्गों से गुजरती है, जिनके नाम अधिकांश लोग नहीं जानते। स्ट्रेट ऑफ हार्मुज ऐसा ही एक संकरा जलमार्ग है, जो केवल रास्ता नहीं बल्कि वैश्विक ऊर्जा व्यवस्था की जीवनरेखा है। दुनिया के बड़े हिस्से तक तेल और गैस इसी से गुजरते हैं। भारत, जो तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है, उसकी विकास यात्रा भी इसकी स्थिरता पर निर्भर है। इसलिए जब हार्मुज में तनाव बढ़ता है, तो केवल तेल के दाम नहीं, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था की नब्ज अस्थिर हो जाती है। उद्योग, परिवहन, बाजार और घरेलू बजट–सब इसकी आंच झेलते हैं। लेकिन इन चर्चाओं के बीच एक सच अक्सर छूट जाता है– इन समुद्री मार्गों के असली आधार नाविक ही सबसे असुरक्षित और उपेक्षित कड़ी हैं।

इतिहास की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि सभ्यताओं को आगे बढ़ाने वाले लोग अक्सर इतिहास के पन्नों से बाहर रह जाते हैं। भारतीय नाविक भी इसी पीड़ा के हिस्सेदार हैं। वे सीमा पर तैनात सैनिक नहीं, न ही उनके कंधों पर सितारे हैं, फिर भी उनका योगदान किसी राष्ट्रीय सेवा से कम नहीं। महीनों समुद्र में रहना, परिवार से दूरी, अनिश्चित मौसम और जोखिमों के बीच भी वैश्विक व्यापार को गति देना उनका असाधारण समर्पण है। सैनिक के शहीद होने पर राष्ट्र खड़ा हो जाता है, लेकिन नाविक की मृत्यु अक्सर खबरों में खो जाती है। इसलिए सवाल और गहरा हो जाता है–क्या इन्हें केवल कर्मचारी मानना उचित है, या राष्ट्रीय हितों के वास्तविक संरक्षक के रूप में स्वीकार करना चाहिए?

समाचार चैनलों की बहसें अक्सर घटनाओं को शक्ति-संघर्ष की भाषा में बाँध देती हैं, जबकि केंद्र में इंसानी जीवन होता है। हार्मुज की यह त्रासदी भी इसी प्रवृत्ति का शिकार है–कहीं इसे अमेरिका-ईरान तनाव, तो कहीं भारत-अमेरिका संबंधों की कसौटी के रूप में देखा जा रहा है। लेकिन इन विश्लेषणों में वह भारतीय युवक खो जाता है, जिसने रोजगार, सपनों और परिवार की उम्मीद में समुद्र का रास्ता चुना। भारत सरकार ने अमेरिकी राजनयिक को तलब कर विरोध दर्ज कराया है, पर क्या केवल विरोध पर्याप्त है? क्या नाविकों की सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा का हिस्सा नहीं बनना चाहिए? जब तक उनकी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होती, ऊर्जा, आर्थिक और समुद्री सुरक्षा अधूरी रहेंगी।

एक सशक्त राष्ट्र की पहचान केवल उसकी सैन्य क्षमता से नहीं, बल्कि अपने नागरिकों के प्रति जिम्मेदारी से होती है। भारत को हर नाविक के लिए वास्तविक समय सुरक्षा नेटवर्क, संकट क्षेत्रों में निगरानी, मजबूत राजनयिक सहायता, बीमा और त्वरित बचाव व्यवस्था विकसित करनी होगी। नौसेना की भूमिका केवल डकैती रोकने तक सीमित नहीं, बल्कि जरूरत पर नागरिक सुरक्षा के लिए एस्कॉर्ट मिशन और सुरक्षित समुद्री गलियारों तक भी बढ़नी चाहिए। वैश्विक शक्ति बनने के लिए भारत को 'सॉफ्ट पावर' के साथ 'प्रोटेक्टिव पावर' भी विकसित करनी होगी, जो अपने नागरिकों को कहीं भी असुरक्षित न छोड़े।

यह समय विकास और मानवीय संवेदना के बीच गहरे विरोधाभास को समझने का अवसर देता है। एक ओर फीफा वर्ल्ड कप में जश्न है, दूसरी ओर भारत के कुछ परिवार शोक में डूबे हैं। स्टेडियमों में तालियाँ गूंज रही हैं, लेकिन समुद्र में खोए जीवनों की प्रतिध्वनि सुनने वाला कोई नहीं। एक ओर एआई, अंतरिक्ष अभियानों और खरबों की संपत्ति की चर्चा है, दूसरी ओर वे नाविक हैं जिनकी मृत्यु पर दुनिया औपचारिक संवेदना देकर आगे बढ़ जाती है। यह असमानता केवल आर्थिक नहीं, बल्कि नैतिक भी है। यदि आधुनिक सभ्यता अपने श्रमजीवियों को सम्मान नहीं दे पाती, तो उसकी उपलब्धियाँ अधूरी और खोखली हैं।

भारत आज ऐसे दौर में है जहाँ भावनात्मक प्रतिक्रियाओं से अधिक रणनीतिक परिपक्वता आवश्यक है। वह न अमेरिका का अंधानुकरण कर सकता है, न ईरान या चीन से पूरी तरह जुड़ सकता है। उसकी वास्तविक शक्ति स्वतंत्र विदेश नीति, मजबूत अर्थव्यवस्था, युवा जनसंख्या और बहुआयामी वैश्विक संबंधों में निहित है। रूस से सस्ता तेल हो या पश्चिम से साझेदारी, भारत ने दिखाया है कि वह अपने हित में निर्णय लेने में सक्षम है। लेकिन अब इस स्वतंत्रता को समुद्री और ऊर्जा सुरक्षा की ठोस नीतियों में बदलना होगा। 'प्रोजेक्ट कुशा' जैसी स्वदेशी रक्षा पहलों के साथ-साथ समुद्री सुरक्षा को राष्ट्रीय रणनीति का केंद्रीय हिस्सा बनाना जरूरी है।समुद्र की यह त्रासदी मन को झकझोर देने वाला संदेश छोड़ जाती है, जिसे अनदेखा करना भविष्य के प्रति लापरवाही होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को अब समुद्री क्षेत्र में भी सशक्त रूप देना होगा। अधिक भारतीय ध्वज वाले जहाज, बेहतर प्रशिक्षण, नाविकों के अधिकारों की वैश्विक वकालत और सुरक्षित समुद्री ढांचा अब अनिवार्य हैं। हार्मुज की लहरों में खोया भारतीय जीवन केवल शोक नहीं, चेतावनी है। यह स्पष्ट करता है कि 21वीं सदी के संघर्ष सीमाओं से नहीं, ऊर्जा मार्गों और समुद्री रास्तों से तय हो रहे हैं। अब निर्णय हमारे हाथ में है–क्या हम इन नायकों को भूलेंगे, या उनकी शहादत को ऐसी नीति में बदलेंगे जो भारत को सुरक्षा, संतुलन और जिम्मेदारी की नई पहचान दे।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# कविता

## शिक्षा का कवच।




पलकों पे शाम का इंतजार पाया।
हर लम्हे ने सुकून-ए-समंदर पाया,
तेरे इश्क़ में खुद को सिकंदर पाया।

आँखों में तेरे ख़्वाब के मंसूबे जले,
ख़्वाब ने रौशनी का समंदर पाया।

दर्दों में हमेशा तेरी ही आहट रही,
ज़ख्मों ने तेरे नाम का मरहम पाया।

तेरे लबों की हँसी में सवेरा खिला,
पलकों पे शाम का इंतजार पाया।

वादों में तेरे चाहत का जादू रहा,
तन्हाई ने गुफ्तगू का मंजर सजाया।

तेरी सांसों में महकती रही जन्नतें,
हर साँस ने रूह का सफ़र पाया।

तेरी राहों में चलकर ये एहसास हुआ,
इश्क़ में तेरे मैंने रूहानी असर पाया।

हर लम्हा तुझसे गुज़र के बोला,
संजीव ने इश्क़ में समंदर पाया।

**संजीव ठाकुर**

# दैनिक राशिफल

**मेष** आज कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आर्थिक मामलों में सावधानी रखें। परिवार का सहयोग मिलेगा। विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल है। शुभ रंग: लाल 7 शुभ अंक: 9

**वृषभ** पुराने रुके हुए कार्य पूरे होने की संभावना है। नौकरीपेशा लोगों को वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। निवेश सोच-समझकर करें।
शुभ रंग: सफेद 7 शुभ अंक: 6

**मिथुन** व्यापार में लाभ के संकेत हैं। मित्रों से मुलाकात हो सकती है। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, लेकिन खान-पान पर ध्यान दें।
शुभ रंग: हरा 7 शुभ अंक: 5

**कर्क** पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में जल्दबाजी न करें। धन आगमन के नए स्रोत बन सकते हैं।
शुभ रंग: क्रीम 7 शुभ अंक: 2

**सिंह** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी और व्यवसाय में प्रगति के योग हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।
शुभ रंग: सुनहरा 7 शुभ अंक: 1

**कन्या** कामकाज में व्यस्तता बनी रहेगी। किसी पुराने मित्र से शुभ समाचार मिल सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।
शुभ रंग: हरा 7 शुभ अंक: 7

**तुला** दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी। नई योजनाओं पर कार्य शुरू कर सकते हैं। यात्रा के योग बन रहे हैं। शुभ रंग: गुलाबी 7 शुभ अंक: 6

**वृश्चिक** गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। नौकरी में बदलाव का विचार बन सकता है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें।
शुभ रंग: लाल 7 शुभ अंक: 8

**धनु** भाग्य का साथ मिलेगा। शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के संकेत हैं। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। शुभ रंग: पीला 7 शुभ अंक: 3

**मकर** कार्यक्षेत्र में मेहनत का फल मिलेगा। संपत्ति संबंधी मामलों में लाभ हो सकता है। परिवार के साथ समय बिताएं। शुभ रंग: नीला 7 शुभ अंक: 8

**कुंभ** नई योजनाएं लाभदायक सिद्ध होंगी। व्यापार में विस्तार के अवसर मिल सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा।
शुभ रंग: आसमानी 7 शुभ अंक: 4

**मीन** मानसिक शांति बनी रहेगी। आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। किसी शुभ समाचार से मन प्रसन्न रहेगा।
शुभ रंग: पीला 7 शुभ अंक: 7

**उपाय** सुबह सूर्य को जल अर्पित करें और अपने इष्टदेव का स्मरण करें। इससे दिनभर सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी।

# सनातन आस्था का पर्व सोमवती अमावस्या और मिथुन संक्रांति

सनातन परंपरा और वैदिक ज्योतिष में ग्रहों के गोचर का गहरा महत्व है। वर्ष 2026 में एक अद्भुत और दुर्लभ ज्योतिषीय संयोग बनने जा रहा है। 15 जून 2026 को एक ही दिन में कई बड़े धार्मिक अवसर एक साथ घटित हो रहे हैं। सोमवार होने के कारण यह पवित्र सोमवती अमावस्या कहलाएगी, साथ ही यह भगवान शिव को समर्पित सोमवार व्रत का भी दिन है। सबसे बड़ा संयोग यह है कि ठीक इसी दिन भगवान सूर्य अपनी वृषभ राशि की यात्रा पूरी करके मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे जिसे मिथुन संक्रांति के रूप में मनाया जाता है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2026 में यह तिथि ज्येष्ठ अधिक मास की अमावस्या भी है। जब ऐसे अनेक अवसर 24 घंटों के भीतर एक साथ उत्पन्न होते हैं तो विशिष्ट दिन की ऊर्जा अपने चरम पर होती है। इस पावन दिन पर ब्रह्मांड की सकारात्मक शक्तियां मनुष्य को आत्मिक शांति तथा पुण्यों की प्राप्ति का अवसर प्रदान करती हैं।




भारतीय पंचांग के अनुसार 14 जून 2026 को दोपहर 12:20 बजे अमावस्या तिथि का आरंभ होगा और इसका समापन अगले दिन 15 जून 2026 को प्रातः 08:23 बजे होगा। हिंदू धर्म में उदया तिथि का विशेष महत्व होता है जिसके नियम के अनुसार सूर्योदय के समय जो तिथि आकाश में होती है उसी को मान्य माना जाता है। चूंकि 15 जून 2026 को सूर्योदय के समय अमावस्या तिथि उपस्थित रहेगी इसलिए सोमवती अमावस्या का व्रत, स्नान, दान और अनुष्ठान इसी दिन संपन्न किए जाएंगे। सोमवार के दिन अमावस्या का पड़ना बड़ा संयोग है क्योंकि चंद्रमा भगवान शिव के मस्तक पर विराजमान हैं। चंद्र देव को मानव मन का कारक माना गया है और अमावस्या के दिन चंद्रमा दिखाई नहीं देता जिसका अर्थ है कि मन के अंधकार को दूर करने के लिए यह सबसे उत्तम समय है।

सोमवती अमावस्या के दिन पितरों का स्मरण करना और तर्पण तथा श्राद्ध कर्म करना अत्यंत पुण्यकारी माना गया है। मान्यता है कि इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने से पूर्व जन्मों के पाप धुल जाते हैं और पितृ दोष से मुक्ति मिल जाती है। जो श्रद्धालु नदियों तक नहीं जा सकते वे घर में ही जल में गंगाजल मिलाकर स्नान कर सकते हैं। इस पावन अवसर पर सुहागिन महिलाओं द्वारा पीपल के वृक्ष की पूजा करने का प्राचीन विधान है। पीपल के पेड़ में भगवान विष्णु, शिव और ब्रह्मा जी का वास माना जाता है। महिलाएं पति की लंबी आयु और परिवार के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए पीपल की 108 बार परिक्रमा करती हैं और उसे कच्चे सूत के धागे से बांधती हैं।

इसी विशेष दिन दोपहर 12:58 बजे सूर्य देव अपनी यात्रा के अगले चरण में मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे जिससे मिथुन संक्रांति का पावन पर्व आरंभ होगा। भगवान सूर्य का गोचर करना संक्रांति कहलाता है। मिथुन संक्रांति के साथ ही ग्रीष्म ऋतु के बाद वर्षा ऋतु के आगमन की आहट होने लगती है। प्रकृति हरा भरा रूप धारण करती है और कृषि कार्यों की शुरुआत के लिए यह समय शुभ माना जाता है। भारत के कई हिस्सों में इस समय को रजो पर्व के रूप में धूमधाम के साथ मनाया जाता है। जब सूर्य देव मिथुन राशि में प्रवेश करते हैं तो प्राणियों की बौद्धिक क्षमता में सकारात्मक वृद्धि होती है। मिथुन संक्रांति का पुण्य काल दोपहर 12:59 बजे से लेकर शाम 07:20 बजे तक रहेगा जबकि महा पुण्य काल का समय दोपहर 12:59 बजे से दोपहर 03:19 बजे तक रहेगा जो पूजा पाठ के लिए सर्वोत्तम है।

वर्ष 2026 में यह अमावस्या ज्येष्ठ अधिक मास में पड़ रही है जो इस दिन के महत्व को बहुत बढ़ा देती है। अधिक मास को पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है और यह भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय है। तीन वर्षों में एक बार आने वाले इस मास के कारण दिन की पवित्रता सघन हो जाती है। एक ही दिन में भगवान शिव, सूर्य और श्री हरि विष्णु की आराधना का एकत्रित होना अद्भुत आध्यात्मिक संगम है। मान्यता है कि अधिक मास में किए गए किसी धार्मिक कार्य का फल लाखों गुना अधिक मिलता है। इसलिए इस दुर्लभ अवसर पर श्रीमद्भागवत गीता का पाठ करना, विष्णु सहस्रनाम का जाप करना और सत्यनारायण भगवान की कथा सुनना असीम शांति का मार्ग प्रशस्त करता है।

इस महा संयोग के दौरान दान का महत्व पुराणों में अनंत बताया गया है। 15 जून 2026 का दिन शिव और शक्ति, सूर्य और चंद्र तथा जल और अग्नि तत्वों के बीच सामंजस्य का दिन है। इस दिन प्यासों को जल पिलाना, छाता देना, सूती वस्त्र, अन्न, जूते चप्पल और फलों का दान करना कल्याणकारी माना जाता है। इस दिन के शुभ मुहूर्तों की बात करें तो ब्रह्म मुहूर्त प्रातः 04:03 बजे से 04:43 बजे तक रहेगा। इस शांत समय में ध्यान लगाना और महामृत्युंजय मंत्र का जाप करना बड़े कष्टों को दूर कर सकता है। इसके अलावा अभिजित मुहूर्त सुबह 11:54 बजे से दोपहर 12:50 बजे तक रहेगा जो किसी भी शुभ संकल्प के लिए सर्वश्रेष्ठ समय है। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है जो सफलता दिलाने वाला माना गया है। इस दिन प्रत्येक व्यक्ति को सात्विक भोजन ग्रहण करना चाहिए और व्यसनों से दूर रहना चाहिए। किसी पर क्रोध न करना और वाणी में मधुरता बनाए रखना आवश्यक है। मौन का पालन करना और भीतर के विचारों को देखना सच्ची तपस्या है। यह दिन केवल कर्मकांडों तक सीमित रहने का नहीं है बल्कि यह अज्ञान के अंधकार को मिटाकर सूर्य के समान चमकने का आमंत्रण है। प्रकृति माता, पूर्वजों और परमात्मा का आशीर्वाद प्राप्त करने का यह अवसर कई वर्षों बाद प्राप्त होता है। पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ इस दिन का स्वागत करना चाहिए।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड लक्ष्य के साथ ऑनलाइन योग कार्यक्रम

**देवरिया।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार रविवार को प्रातः 6:15 बजे से 7:30 बजे तक ऑनलाइन योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकतम जनसहभागिता करते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करना है। मुख्य विकास अधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि जनपद देवरिया से अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों, विभिन्न विभागों तथा आम नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि योग को जन-जन तक पहुंचाने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए यह विशेष आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम में शामिल होने के इच्छुक प्रतिभागियों को अपने व्हाट्सएप नंबर से टोल फ्री नंबर 18003157008 पर मिस्ड कॉल देकर पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के बाद प्रतिभागियों को अपने फोटो एवं वीडियो kavach.upayush.in पोर्टल पर अपलोड करने होंगे, जिससे उनकी सहभागिता दर्ज की जा सके। सीडीओ ने बताया कि कार्यक्रम के दिन 14 जून को सभी पंजीकृत प्रतिभागियों के व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा जाएगा। इस लिंक के माध्यम से प्रतिभागी ऑनलाइन योग सत्र से जुड़ सकेंगे और निर्धारित समय पर सामूहिक योगाभ्यास में भाग लेंगे। कार्यक्रम में सफलतापूर्वक सहभागिता करने वाले प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रमाण-पत्र भी उपलब्ध कराया जाएगा। प्रशासन ने जनपदवासियों से इस ऐतिहासिक पहल का हिस्सा बनने और योग को दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया है, ताकि स्वास्थ्य, जागरूकता और सामूहिक सहभागिता का संदेश व्यापक स्तर पर प्रसारित हो सके।

### 4.90 करोड़ के गबन में इंडियन बैंक के तत्कालीन ब्रांच मैनेजर और ग्राहकों समेत 69 लोगों पर FIR दर्ज

**गोंडा।** इंडियन बैंक (पहले इलाहाबाद बैंक) की मुख्य शाखा में 1997 से 2020 के मध्य चार करोड़ 90 लाख आठ हजार 373 रुपये का घोटाला सामने आया है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित सिंह के आदेश पर नगर कोतवाली में तत्कालीन बैंक प्रबंधक, अधिकारी, कर्मचारी व ग्राहकों के खिलाफ धोखाधड़ी व गबन का मुकदमा दर्ज किया गया है। बैंक के सचिव व पटेल नगर मुहल्ला के रहने वाले रविंद्र कुमार श्रीवास्तव ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत पर दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा कि इंडियन बैंक इंपलाइज क्रेडिट कोआपरेटिव सोसायटी लिमिटेड मूल सोसायटी इलाहाबाद बैंक के नाम थी। प्रधान शाखा कार्यालय में वर्ष 1997 से 2020 तक विभिन्न पदों पर तैनात प्रबंधक, अधिकारी, कर्मचारी व ग्राहकों सोसायटी में शामिल थे, जो वर्तमान में इंडियन बैंक कार्यालय की प्रधान शाखा में कार्यरत हैं। आरोपितों ने अपने-अपने कार्यकाल में इंडियन बैंक कोआपरेटिव सोसायटी लिमिटेड पंजीयन संख्या 2882 में जो मूल सोसायटी इलाहाबाद बैंक के नाम से थी। मनमाने ढंग से अपने पद एवं कर्तव्यों का दुरुपयोग करते हुए संपूर्ण धनराशि तीन करोड़ 60 लाख 16 हजार रुपये का हेराफेरी कर गबन कर लिया। इसकी शिकायत पूर्व में पुलिस अधिकारियों व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से की थी।

# चिल्लूपार सरयू के आंचल की उर्वरा भूमि, अब विकास और रोजगार का बनेगा नया केंद्र: मुख्यमंत्री योगी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोलाबाजार, गोरखपुर,** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बड़हलगंज क्षेत्र के महुआपार में लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत वाली 319 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करते हुए कहा कि चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र सरयू के आंचल की उर्वरा भूमि है, जिसकी अपार संभावनाओं को भाजपा सरकार ने पहचान कर विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब दक्षिणांचल बाढ़ की विभीषिका और बेरोजगारी से जूझता था तथा यहां के युवाओं को रोजगार के लिए पलायन करना पड़ता था, लेकिन आज तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत आकार ले रहा है, जहां गरीबों को आवास और युवाओं को रोजगार मिल रहा है, जबकि माफिया के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि धुरियापार में सीएनजी और इथेनॉल प्लांट स्थापित हो चुका है तथा क्षेत्र में ग्रेटर गीडा विकसित किया जा रहा है। यहां हजारों करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है, जिसके तहत पावर प्लांट, सीमेंट, पेंट और दवा फैक्ट्रियां स्थापित होंगी, जिससे स्थानीय युवाओं को अपने क्षेत्र में ही रोजगार मिलेगा।

योगी ने कहा कि उन्होंने चिल्लूपार की पीड़ा को करीब से देखा है और आज यह क्षेत्र विकास की नई पहचान बना रहा है। रामजानकी मार्ग के विस्तार से कनेक्टिविटी बेहतर हुई है तथा आयुष शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि गलत नेतृत्व चुनने का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ता है। वर्ष 2017 से पहले युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिलते थे, लेकिन



आज प्रदेश में पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया लागू है। इस अवसर पर केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयासों से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को सुरक्षा मिली है और धुरियापार जैसे क्षेत्र औद्योगिक विकास के केंद्र बन रहे हैं। विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि चिल्लूपार का इतिहास बदल रहा है और क्षेत्र तेजी से विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। कार्यक्रम में कई मंत्री, विधायक, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## बड़हलगंज की पहचान अब डॉक्टर बनाने के रूप में भी बन रही है: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोलाबाजार, गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बड़हलगंज क्षेत्र अब केवल अपनी ऐतिहासिक और सामाजिक पहचान तक सीमित नहीं है, बल्कि चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में भी नई पहचान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि बड़हलगंज में स्थापित राजा हरि प्रसाद मल्ल राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज आज सैकड़ों विद्यार्थियों को आयुष चिकित्सक के रूप में तैयार कर रहा है। मुख्यमंत्री शनिवार को चिल्लूपार क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस मेडिकल कॉलेज की नींव क्षेत्रीय विधायक राजेश त्रिपाठी ने अपने मंत्री कार्यकाल के दौरान रखी थी, लेकिन तत्कालीन सपा सरकार की उदासीनता के कारण यह परियोजना वर्षों तक अधूरी पड़ी रही।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद विधायक राजेश त्रिपाठी लगातार मेडिकल कॉलेज के निर्माण और संचालन को लेकर चिंता व्यक्त करते



रहे। सरकार ने इस परियोजना के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराई, जिसके परिणामस्वरूप आज यह संस्थान पूरी क्षमता के साथ संचालित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में मेडिकल कॉलेज से हर वर्ष बड़ी संख्या में छात्र आयुष चिकित्सक बनकर निकल रहे हैं और प्रदेश सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इससे न केवल युवाओं को बेहतर शिक्षा के अवसर मिले हैं, बल्कि चिल्लूपार और बड़हलगंज की पहचान भी चिकित्सा शिक्षा के केंद्र के रूप में विकसित हुई है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य पूर्वांचल के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रख रहे हैं तथा क्षेत्र को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं।

### गोंडा में 55 लाख से मजबूत होगा बड़गांव ओवरब्रिज, सुगम होगा नेपाल का सफर

**गोंडा।** संजय सेतु की मरम्मत के बाद अब बड़गांव ओवरब्रिज के भी मरम्मत की तैयारी शुरू हो गई है। देवीपाटन मंडल मुख्यालय स्थित यह महत्वपूर्ण पुल से नेपाल तक के वाहन आते जाते हैं। ऐसे में इसे मजबूत बनाने पर राष्ट्रीय राजमार्ग खंड अयोध्या ने 55 लाख रुपये का प्रस्ताव तैयार किया है। शासन से स्वीकृति मिलते ही मरम्मत शुरू कराया जाएगा। संजय सेतु में दरार आने व मरम्मत होने के बाद अब देवीपाटन मंडल के अन्य जर्जर व महत्वपूर्ण पुलों को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग खंड सतर्क हो गया है। मंडल मुख्यालय से देवीपाटन मंदिर होते हुए नेपाल तक को जोड़ने वाला बड़गांव ओवरब्रिज लंबे समय से डगमगा रहा है। 40 वर्ष पुराने इस रेलवे पुल की रेलिंग टूट गई है। साथ ही पुल के जगह-जगह जोड़ भी खुल गए हैं। इससे वाहनों के गुजरते ही धड़ाधड़हट की आवाज आती है और पुल कांपने लगता है। यही नहीं झटका लगने के कारण कई बार वाहन अनियंत्रित होकर नीचे भी चले जाते हैं। इस पुल के नीचे से प्रतिदिन 120 से अधिक ट्रेनें गुजरती हैं तथा ऊपर गुजरने वाले वाहन आए दिन नीचे गिर जाते हैं। यह लापरवाही किसी दिन बड़े हादसे का बन सकता है।

## आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने महाराजा सुहेलदेव सभागार का किया उद्घाटन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोण्डा।** देवीपाटन मंडल की आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने गुरुवार को आयुक्त कार्यालय परिसर में सौंदर्यीकरण एवं आधुनिकीकरण के उपरांत कार्यालय के वरिष्ठतम वैयक्तिक सहायक रक्षाराम वर्मा एवं पेशकार मो0 हसीब से नव स्वरूप प्राप्त सभागार का उद्घाटन कराया। इस अवसर पर सभागार का नामकरण 'महाराजा सुहेलदेव सभागार' के रूप में किया गया।उद्घाटन के दौरान आयुक्त ने सभागार में कराए गए विभिन्न विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि महान राष्ट्रनायक महाराजा सुहेलदेव के नाम पर सभागार का नामकरण क्षेत्र की गौरवशाली ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देने का प्रतीक है। यह सभागार प्रशासनिक बैठकों प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण आयोजनों के लिए एक आधुनिक और सुविधाजनक केंद्र के रूप में कार्य करेगा।सौंदर्यीकरण कार्य के







अंतर्गत सभागार में आधुनिक साज-सज्जा उन्नत प्रकाश व्यवस्था आकर्षक आंतरिक सज्जा बेहतर बैठक व्यवस्था तथा आवश्यक तकनीकी सुविधाओं का विकास किया गया है। इससे सभागार की कार्यक्षमता एवं उपयोगिता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।आयुक्त ने कहा कि कार्यालय परिसरों को स्वच्छ सुव्यवस्थित एवं आधुनिक बनाना सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बेहतर कार्य वातावरण से प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि होती है तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों के निर्वहन में सुविधा मिलती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यालय भवनों एवं परिसरों के रखरखाव स्वच्छता और सौंदर्यीकरण पर निरंतर ध्यान दिया जाए जिससे आमजन एवं कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इस अवसर पर अपर आयुक्त (प्रशासन) मीनू राणा, अपर आयुक्त राजेश कुमार यादव एवं संयुक्त विकास आयुक्त राकेश कुमार पाण्डेय सहित अन्य मंडल स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने नव विकसित महाराजा सुहेलदेव सभागार की सराहना करते हुए इसे प्रशासनिक गतिविधियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

### गांव में तेंदुए की दस्तक से मचा हड़कंप, मुस्तैदी से डटी वन विभाग की टीम



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चकदह टोला महुलैना में अचानक एक तेंदुए के दिखाई देने की खबर से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और ग्रामीणों में भारी हड़कंप मच गया। ग्रामीणों द्वारा तुरंत इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन और वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम बिना समय गंवाए पूरी मुस्तैदी के साथ मौके पर पहुंची। वन क्षेत्राधिकारी आरपी सिंह ने स्थिति का जायजा लिया और वन्यजीव की मौजूदगी को देखते हुए आस-पास के ग्रामीणों को सतर्क और सावधान रहने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे शाम के बाद घरों से अनावश्यक बाहर अकेले न निकलें, बच्चों को अकेला न छोड़ें और खेतों की तरफ हमेशा समूह में ही जाएं। इस दौरान वन विभाग के सर्च ऑपरेशन और निरीक्षण के समय उप क्षेत्रीय वन अधिकारी राकेश कुमार, वन दरोगा जितेन्द्र कुमार गौड़, अंकित राय और राजेश कुमार श्रीवास्तव समेत वन विभाग की पूरी टीम और ग्रामीण मौजूद रहे।

## ख़जनी के हरनही महाविद्यालय में सोमवार को लगेगा नि:शुल्क स्वास्थ्य मेला

● विधायक करेंगे उद्घाटन, मरीजों की होगी मुफ्त जांच और उपचार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**खजनी, गोरखपुर।** खजनी ब्लॉक क्षेत्र के हरनही-महुरांव गांव स्थित वीर बहादुर सिंह महाविद्यालय परिसर में सोमवार को एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आने वाले मरीजों की विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच की जाएगी तथा आवश्यक दवाएं भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। खण्ड विकास अधिकारी खजनी रमेश शुक्ला ने बताया कि स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक राम चौहान करेंगे। शिविर में मरीजों को परामर्श, जांच, उपचार और दवाओं की सुविधा मुफ्त प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में केंद्र सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है। मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी के निर्देशानुसार जिले में नौ चरणों में विभिन्न



जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

कार्यक्रमों के अंतर्गत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर ब्लॉक क्षेत्र में 30 हजार पौधों का रोपण किया गया। इसके अलावा जनजागरूकता अभियान के तहत साइकिल रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। आगामी कार्यक्रमों में मीडिया संवाद, जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेला, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, युवा, महिला एवं गरीब कल्याण विकास प्रदर्शनी, प्राकृतिक खेती कार्यशाला तथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन शामिल हैं। बीडीओ रमेश शुक्ला ने बताया कि जनप्रतिनिधियों के साथ रात्रि चौपाल का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न सरकारी योजनाओं की समीक्षा के साथ-साथ जन शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा।

## नौकरी का झांसा देकर बेरोजगार युवक से 1.62 लाख की ठगी, दंपत्ति पर मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सहजनवा, गोरखपुर।** नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक बेरोजगार युवक से 1.62 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर गीडा थाना पुलिस ने आरोपी दंपत्ति के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गीडा थाना क्षेत्र के भरसाड़ गांव निवासी शुभम उपाध्याय पुत्र चंद्रमोहन उपाध्याय रोजगार की तलाश में थे। उनकी मुलाकात 17 नवंबर 2024 को गांव में आयोजित एक शादी समारोह के दौरान बाराबंकी जनपद के रामनगर थाना क्षेत्र के मोसनड़ी निवासी करुणेश मिश्रा और उनकी पत्नी साक्षी उपाध्याय से हुई। बातचीत के दौरान दंपत्ति ने शुभम को इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया।

आरोप है कि नौकरी लगवाने के नाम पर दंपत्ति ने कुल 2.50 लाख रुपये की मांग की। उनकी बातों पर विश्वास कर शुभम ने विभिन्न तिथियों पर ऑनलाइन माध्यम से रकम भेजनी शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार, 24 दिसंबर 2024 को 25 हजार रुपये, 26 दिसंबर को 34 हजार रुपये, 9 जनवरी 2025 को 7 हजार रुपये, 2 फरवरी को 5 हजार रुपये तथा 10 फरवरी को 91 हजार रुपये आरोपी दंपत्ति के खाते में स्थानांतरित किए गए। इस प्रकार कुल 1 लाख 62 हजार रुपये का भुगतान किया गया।

शुभम ने बताया कि आरोपियों ने कहा था कि नौकरी के लिए साक्षात्कार और अन्य औपचारिकताएं फोन के माध्यम से पूरी करा दी जाएंगी। समय बीतने के बावजूद नियुक्ति संबंधी कोई प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी। इस बीच आरोपियों द्वारा उपलब्ध कराए गए पहचान पत्र और दस्तावेज संदिग्ध प्रतीत होने लगे। जांच करने पर उन्हें फर्जीवाड़े की आशंका हुई। पीड़ित का आरोप है कि जब उसने नौकरी और जमा धनराशि के संबंध में




जानकारी मांगी तो आरोपी लगातार टालमटोल करते रहे। बाद में रुपये वापस मांगने पर आरोपियों का व्यवहार बदल गया और वे विवाद पर आमादा हो गए। खुद को ठगी का शिकार समझते हुए शुभम ने गीडा थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी करुणेश मिश्रा और साक्षी उपाध्याय के खिलाफ जालसाजी एवं धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## जनसेवा सहकारी समिति द्वारा पृथ्वीनाथ मंदिर परिसर में चलाया गया सफाई अभियान



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोंडा।** गोंडा जनपद के विकासखंड रुपईडीह अंतर्गत जनसेवा सहकारी समिति, देवरिया कला द्वारा धार्मिक एवं सामाजिक सरोकारों के तहत पृथ्वीनाथ मंदिर परिसर में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य मंदिर परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के साथ-साथ लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था।समिति के संस्थापक कमला प्रसाद मिश्रा के मार्गदर्शन एवं अध्यक्ष लाल बाबू शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में समिति के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। सभी ने मिलकर मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई कर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया।अभियान के दौरान समिति के सदस्य मनोज मिश्रा, ईश्वर प्रसाद दुबे, लल्लन दुबे, अजय दुबे, बृजमोहन मिश्रा, कुंवर साहब शुक्ला, रिंकू वर्मा, मनोज प्रजापति, ओंकार पंडित, दिनेश मिश्रा, दीनदयाल मिश्रा सहित अन्य सदस्यों ने श्रमदान कर सफाई कार्य को सफल बनाया। इस अवसर पर वक्ताओ ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। धार्मिक स्थलों की स्वच्छता से सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है तथा समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ती है।समिति के पदाधिकारियों ने भविष्य में भी ऐसे जनहित एवं सामाजिक कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने समिति के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया।

### घुमाने के बहाने युवक को ले जाकर की बेरहमी से पिटाई, पिता-पुत्र समेत तीन पर मुकदमा दर्ज

**लाठी-डंडों से हमला कर किया घायल, कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप**

**ललितपुर।** कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम रघुनाथपुरा में एक युवक को घुमाने के बहाने घर से बुलाकर सुनसान रास्ते में ले जाकर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पिता-पुत्र सहित तीन लोगों ने युवक को घेरकर लाठी-डंडों और लात-घूसों से जमकर पीटा तथा शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम रघुनाथपुरा निवासी पुष्पेन्द्र पुत्र राम सिंह कुशवाहा ने कोतवाली पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि 12 जून 2026 की सुबह करीब 10 बजे वह अपने घर के बाहर खड़ा था। तभी ग्राम हसारा निवासी अम्बू पुत्र ऊदल सिंह परिहार उसके पास आया और बातचीत करते हुए उसे अपने साथ घूमने के लिए ले गया। आरोप है कि रास्ते में पहुंचने के बाद अम्बू ने अचानक विवाद शुरू कर दिया और गाली-गलौज करने लगा। इसी दौरान उसका पुत्र तथा एक अन्य अज्ञात व्यक्ति भी मौके पर पहुंच गए। तीनों ने मिलकर उसे घेर लिया और लाठी-डंडों, लात-घूसों से मारपीट शुरू कर दी। हमले में पुष्पेन्द्र को कई चोटें आईं। मारपीट के बाद आरोपी उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देते हुए फरार हो गए। आरोपियों ने चेतावनी दी कि यदि उसने पुलिस या प्रशासन से शिकायत की तो उसे जान से मार दिया जाएगा।

## मेडिकल कॉलेज परियोजनाओं पर डीएम की सख्ती



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**देवरिया।** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूत बनाने की दिशा में चल रही मेडिकल कॉलेज परियोजनाओं को लेकर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने निर्माणाधीन ट्रॉमा सेंटर, क्रिटिकल केयर यूनिट समेत विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्थाओं को स्पष्ट संदेश दिया कि समय सीमा में कार्य पूरा न होने पर जिम्मेदारी तय कर कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति का बारीकी से आकलन किया। उन्होंने राजकीय निर्माण निगम और सीएनडीएस के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप जून माह के भीतर पूरे किए जाएं।

डीएम ने कहा कि मेडिकल कॉलेज केवल देवरिया ही नहीं, बल्कि आसपास के जनपदों और सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों के लिए भी प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र के रूप में उभर रहा है। ऐसे में ट्रॉमा सेंटर और क्रिटिकल केयर यूनिट जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं में देरी सीधे मरीजों की सुविधा को प्रभावित करती है। उन्होंने दो टूक कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन को भी जिम्मेदारी का एहसास कराया। प्राचार्य डॉ. रजनी पटेल और सीएमएस डॉ. एच.के. मिश्रा को निर्देश दिया कि वे निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करें और किसी भी स्तर पर शिथिलता पाए जाने पर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करें। प्रशासन का मानना है कि निर्माण परियोजनाएं पूरी होने के बाद मेडिकल कॉलेज में मरीजों को बेहतर उपचार, आधुनिक सुविधाएं और विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। यही वजह है कि इन कार्यों को युद्धस्तर पर पूरा कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। स्वास्थ्य क्षेत्र की इन परियोजनाओं की समयबद्ध पूर्णता न केवल मेडिकल कॉलेज की क्षमता बढ़ाएगी, बल्कि पूरे पूर्वांचल क्षेत्र के मरीजों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

## सनोज कुशवाहा का सम्मान, संविधान भेंट कर किया गया अभिनंदन



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**देवरिया।** जनपद के डुमरी क्षेत्र में शनिवार को देशभर की पैदल यात्रा कर रहे यायावर सनोज कुशवाहा का भारतीय संविधान भेंट कर सम्मान किया गया। समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने उन्हें संविधान की प्रति देकर उनके साहसिक अभियान की सराहना की।

कुशीनगर जनपद के दुदही क्षेत्र स्थित धर्मपुर पर्वत गांव निवासी सनोज कुशवाहा पिछले तीन वर्ष सात माह से अधिक समय से पैदल भारत भ्रमण पर हैं। उन्होंने 21 अक्टूबर 2022 को अरुणाचल प्रदेश से अपनी यात्रा शुरू की थी। अब तक वह देश के 28 राज्यों और उत्तर प्रदेश के 74 जिलों की यात्रा पूरी कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने लगभग 30 हजार किलोमीटर से अधिक की दूरी पैदल तय करने का दावा किया है।

डुमरी में बातचीत के दौरान सनोज कुशवाहा ने बताया कि उनका पैदल भारत भ्रमण अभियान 19 जून 2026 को अपने गृह जनपद कुशीनगर पहुंचकर पूरा होगा। उनके अनुसार गांव धर्मपुर पर्वत पहुंचने के साथ ही यह यात्रा संपन्न हो जाएगी और उत्तर प्रदेश का 75वां जिला भी उनके भ्रमण रिकॉर्ड में शामिल हो जाएगा।

इस अवसर पर यादव ने कहा कि भीषण गर्मी, कड़ाके की सर्दी, बारिश, पहाड़, जंगल और बर्फीले क्षेत्रों की चुनौतियों का सामना करते हुए लगातार पैदल यात्रा करना असाधारण साहस का परिचायक है। उन्होंने कहा कि सनोज कुशवाहा वर्तमान दौर के ऐसे युवा हैं जो पूर्वांचल में घुमक्कड़ी और साहसिक यात्राओं के एक प्रामाणिक उदाहरण के रूप में याद किए जाएंगे। स्थानीय लोगों ने भी सनोज कुशवाहा की यात्रा को प्रेरणादायक बताते हुए उनके अभियान की सफलता की कामना की।

## छह माह के मासूम को छोड़ विवाहिता ने की आत्महत्या, दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सहजनवां गोरखपुर** जिले के नगर पंचायत सहजनवा के वार्ड संख्या-14 लुचुई में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां 22 वर्षीय विवाहिता ने अपने कमरे में पंखे की कुंडी से दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक और सनसनी का माहौल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतका के पिता की तहरीर पर पति, सास और ससुर के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार लुचुई निवासी ममता गुप्ता (22), पत्नी शुभम गुप्ता, अपने कमरे में सोने गई थी। शनिवार भोर करीब चार बजे उसका छह माह का मासूम बेटा लगातार रोने लगा। परिवार के लोगों ने कई बार दरवाजा खटखटाकर आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। काफी देर तक कोई जवाब न मिलने पर परिजनों ने दरवाजा धक्का देकर खोला। कमरे का दृश्य देखकर सभी के होश उड़ गए। ममता पंखे की कुंडी से दुपट्टे के सहारे लटकी हुई थी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। शोर सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पर सहजनवा पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतका के पिता बिंदु प्रसाद पुत्र चतुरी, निवासी ग्राम मठिया उर्फ अकटहा, थाना कप्तानगंज, जनपद कुशीनगर ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही उनकी बेटी को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाता था। उन्होंने अपने दामाद शुभम गुप्ता, ससुर उदय गुप्ता तथा सास शकुंतला देवी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की।



पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर तीनों आरोपितों के खिलाफ दहेज हत्या सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्र ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु के कारणों की पुष्टि होगी। पुलिस सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है तथा रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# संक्षिप्त खबरें

## ब्क में मात्र 20 रुपये सालाना से 2 लाख रुपये का बीमा कवरः सुनील

**शाखा प्रबंधक ने क्षेत्र के उपभोक्ताओ से की अपील**

**सुरियावां**- अभोली ब्लॉक के बसवापुर चौराहे पर स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शाखा के प्रबंधक सुनील कुमार ने खाताधारकों से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY) का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की यह जनकल्याणकारी योजना बेहद कम प्रीमियम पर लोगों को दुर्घटना बीमा सुरक्षा प्रदान करती है, लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जिन्हें इस योजना की जानकारी नहीं है। शनिवार को खाताधारकों से बातचीत के दौरान प्रबंधक सुनील कुमार ने कहा कि केवल 20 रुपये वार्षिक प्रीमियम जमा कर कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना से जुड़ सकता है और दुर्घटना की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर लोग बीमा योजनाओं के महत्व को नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि किसी भी अप्रत्याशित दुर्घटना के बाद यही छोटी-सी राशि परिवार के लिए बड़ी सहायता साबित हो सकती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एक दुर्घटना बीमा योजना है, जिसके तहत 18 से 70 वर्ष आयु वर्ग का कोई भी बचत खाता धारक नामांकन करा सकता है। योजना में शामिल व्यक्ति की दुर्घटना में मृत्यु होने पर या पूर्ण स्थायी विकलांगता की स्थिति में 2 लाख रुपये का बीमा कवर प्रदान किया जाता है। वहीं आंशिक स्थायी विकलांगता होने पर 1 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाती है। शाखा प्रबंधक ने कहा कि योजना का प्रीमियम सीधे बैंक खाते से ऑटो-डेबिट हो जाता है और इसका नवीनीकरण भी प्रत्येक वर्ष स्वतः किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिन खाताधारकों ने अभी तक योजना में पंजीकरण नहीं कराया है, वे अपने दैनिक कार्यों से थोड़ा समय निकालकर बैंक शाखा पहुंचें और इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ लें। उन्होंने बताया कि योजना में शामिल होने के लिए खाताधारक को बैंक शाखा में आवेदन पत्र भरना होगा। इसके लिए आधार कार्ड और सक्रिय बचत खाता आवश्यक है। कई मामलों में इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से भी नामांकन की सुविधा उपलब्ध है। सुनील कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना समाज के आर्थिक रूप से कमजोर और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए सुरक्षा कवच की तरह है। दुर्घटना जैसी आकस्मिक परिस्थितियों में यह योजना परिवार को आर्थिक संकट से उबारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने सभी पात्र खाताधारकों से इस योजना का लाभ उठाने और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की।

## आयुष्मान कार्ड धारकों से पैसे वसूलने वाले अस्पतालों पर होगी सख्त कार्रवाईः मंत्री जेपीएस राठौर

**बरेली।** जिले के प्रभारी, सहकारिता राज्यमंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों से उपचार में रुपये लेने वाले अस्पतालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की बेटी पर की गई टिप्पणी को अशोभनीय बताते हुए कहा कि इस तरह की हरकत करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। राम मंदिर के चढ़ावे में हुए गबन के सवाल पर कहा कि प्रधानमंत्री ने संज्ञान लिया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी। शनिवार को वह सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता के दौरान मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे। सहकारिता राज्यमंत्री ने मोदी सरकार की 12 वर्ष की उपलब्धियां गिनाईं। कहा कि मोदी सरकार का कार्यकाल जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए समर्पित रहा। उज्ज्वला गैस योजना में मुफ्त सिलिंडर, प्रधानमंत्री आवास में पक्के मकान, पक्के शौचालय, आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि, केसीसी के माध्यम से किसानों को सस्ता लोन, मुफ्त राशन योजना का जिक्र किया। कहा कि केंद्र सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला। तीन तलाक कानून, जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने, अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर बनवाने समेत कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से चर्चा की। कहा कि मोदी सरकार ने देश की दिशा और दशा बदल दी। स्थानीय स्तर पर हुए कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि नाथ कारिडोर के माध्यम से जिले की भव्यता बढ़ाई जा रही है। आंवला में लीलौर झील को धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित कराया जा रहा है। नवाबगंज में अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण किया गया है, जहां श्रमिकों के बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से सर्वाधिक इलाज करने का कार्य बरेली में किया गया है। तहसील बहेड़ी में 133 एकड़ में मेगा फूड पार्क का निर्माण किया गया है। तहसील नवाबगंज में 114 एकड़ भूमि पर सरदार बल्लभ भाई पटेल इंप्लायमेंट जोन बनाने का कार्य किया गया है।

# मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी के गंभीर आरोप, कई पात्र लाभार्थियों को कर दिया गया अपात्र

**● झोपड़-पट्टी में रह रही विधवा पात्र महिलाओं को भी कर दिया अपात्र**

**कुछ अपात्र लाभार्थियों को पात्र किए जाने का मामला बना चर्चा का विषय**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी** – विकास खंड नकहा में तैनात सचिव अंजली भास्कर पर भ्रष्टाचार और नियम विरुद्ध काम करने के गंभीर आरोप लगे हैं सूत्रों का दावा है कि मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे में कई पात्र लाभार्थियों को अपात्र कर दिया गया है वहीं स्थानीय लोगों के आरोप है कि आवास योजना की पात्रता सूची तैयार करते समय सचिव की मनमानी का दावा किया जा रहा है की झोपड़पट्टी में रह रही विधवा महिलाओं तक को सूची से बाहर कर दिया गया जबकि अपात्र लोगों के नाम जोड़ दिए गए ग्रामीणों का कहना है कि इससे सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पा रहा है मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री का दावा है कि हर गरीब को पक्का घर मिलेगा लेकिन स्थानीय स्तर पर लगे इन आरोपों के बाद ग्रामीणों में नाराजगी है लोगों का कहना है कि सचिव के ऐसे काम से सरकार की मंशा फेल होती दिख रही है यह पहला मामला नहीं है सूत्रों के मुताबिक सचिव अंजलि भास्कर पर विकास कार्यों में वित्तीय अनियमितता के आरोप पहले भी लग चुके हैं कई बार शिकायतें भी हुई लेकिन अभी तक ठोस कार्यवाही नहीं हुई फिलहाल पूरे मामले को लेकर ग्रामीण अब शिकायत जिला अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी से करने की तैयारी में है लोगों की मांग है कि सचिव अंजली भास्कर की सभी ग्राम पंचायतों में हुये आवास सर्वे और विकास कार्यों की जांच हो माना जा रहा है की शिकायत के बाद प्रशासन से बड़ी कार्रवाई हो सकती है वहीं पूरे मामले को लेकर संबंधित उच्च अधिकारियों से बात की गई तो जानकारी देते हुए बताया कि लिखित शिकायत मिलने पर जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल विंग को जल्द शुरू कराने की तैयारी तेज



**लखीमपुर खीरी।** मेडिकल कॉलेज की हॉस्पिटल विंग को शीघ्र क्रियाशील बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने संबंधित अधिकारियों के साथ अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण एवं व्यवस्थागत कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए मौजूद कमियों की विस्तृत समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि सभी तकनीकी एवं व्यवस्थागत कमियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर दूर कर अस्पताल विंग का हैंडओवर शीघ्र सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अस्पताल के संचालन में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप पूरी की जाएं, ताकि आमजन को जल्द बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

## जिलाधिकारी ने फावड़ा उठाकर चलाया स्वच्छता अभियान

**● अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया स्वच्छता का संदेश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फिरोजाबाद** – कलेक्ट्रेट स्थित राइफल क्लब परिसर में शनिवार को जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के नेतृत्व में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। देश के प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत के विजन को धरातल पर उतारने तथा पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से आयोजित इस अभियान में जिलाधिकारी ने स्वयं हाथ में फावड़ा उठाकर सफाई कार्य किया और अधिकारियों व कर्मचारियों के बीच एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। अभियान के दौरान जनपद के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी तथा कलेक्ट्रेट स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने मिलकर राइफल क्लब परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की तथा एकत्रित कूड़े-कचरे का समुचित निस्तारण सुनिश्चित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी से चलने वाला एक जनआंदोलन है। उनका प्रयास है कि जनपद में स्वच्छता अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिले और प्रत्येक नागरिक अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी निभाए। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन से स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग देने की अपील की।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छ वातावरण न केवल बेहतर स्वास्थ्य का आधार है, बल्कि यह समाज को सकारात्मक दिशा देने का भी माध्यम है। सभी को अपने घर, कार्यालय और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता के प्रति सजग रहना चाहिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कल्पना जायसवाल, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अरविंद द्विवेदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अभियान के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया गया।

## प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने किया जनपद भ्रमण

**● पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने शनिवार को जनपद भ्रमण के दौरान केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने मीडिया से संवाद करते हुए केंद्र सरकार की उपलब्धियों और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में हुए व्यापक विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष अखंड भारत के विकास, प्रशासनिक सुधार, आधारभूत संरचना निर्माण, डिजिटल क्रांति, सामाजिक कल्याण तथा वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस स्वर्णिम काल में भारत ने अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए विश्व पटल पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ अनेक ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धियां हासिल की हैं, जो आज बदलते भारत की पहचान बन चुकी हैं। पिछले 12 वर्षों में भारत ने अंत्योदय को अपना मूल मंत्र मानते हुए नीतिगत पंगुता से बाहर निकलकर सुधार, परिवर्तन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का नया अध्याय लिखा है। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करने का संकल्प है। तत्पश्चात प्रभारी मंत्री ने विकास भवन परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों तथा सूचना विभाग की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विभागीय स्टॉलों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाई जाए, ताकि पात्र लाभार्थी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे और प्रत्येक पात्र नागरिक शासन की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सके। इस अवसर पर सदर विधायक मनीष असीजा, टूण्डला विधायक प्रेमपाल धनगर, महापौर कामिनी राठौर, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह तथा महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## निकाह टूटने से खफा युवक ने लड़की के पिता की धारदार हथियार से खांदकर हत्या की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी**- जनपद लखीमपुर खीरी की कोतवाली गोला के ग्राम शिवपुर सांडा निवासी कोई 45 वर्षीय सलीम की बीती देर रात्रि धारदार हथियार से खांद कर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना पर गोला पुलिस भारी पुलिस फोर्स के साथ आनन फानन पहुंच कर सलीम की लाश का पंचनामा भरने के पश्चात शव को पोस्टमार्टम हेतु लखीमपुर भेजा दिया । प्राप्त जानकारी के अनुसार हमलावर दानिश घर में घुसकर सलीम पर धार दार हथियार से ताबड़तोड़ प्रहार किया ,बचने हेतु लहूलुहान सलीम घर के बाहर भागा ,फिर गिर गया और मौत हो गयी। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां इमरजेन्सी डियूटी पर तैनात चिकित्सक ने सलीम को मृत घोषित कर दिया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने फूलबेहड़ के ग्राम हजरतपुर निवासी दानिश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।परिजनो के अनुसार सलीम की पुत्री का निकाह दानिश के साथ तय हुआ था। आरोप है दानिश के परिवार ने दहेज की मांग की थी , जिसके चलते रिश्ता तोड़ दिया गया था । बाद में सलीम ने पुत्री का निकाह दूसरी जगह तय कर दिया था। परंतु वे दोनो युवक युवती एक-दूसरे के संपर्क में बने रहे। चर्चा है आरोपी दानिश को इस बात का डर था कि सलीम के रहते उसका निकाह नहीं हो पाएगा। इसे रास्ते से हटाना होगा और इसी के चलते उसने घर में घुसकर सलीम की बेरहमी से हत्या कर दी और मौके से भाग गया। पुलिस ने पिता याकूब अली की तहरीर पर मुकदमा अपराध संख्या 0238 bns धारा 103(1) पंजीकृत कर लिया है। उप पुलिस अधीक्षक गोला महक शर्मा ने बताया पुलिस घटना की जांच कर रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई हैं। जल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया जाएगा।

## ग्राम पंचायत सनिगवां में विकास कार्यों के नाम पर लाखों रुपये के गबन का आरोप

**लखीमपुर खीरी**- विकास खंड बेहजम की ग्राम पंचायत सनिगवां में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि नल रीबोर और मरम्मत कार्य के नाम पर मात्र एक माह के भीतर लगभग 1 लाख 65 हजार 862 रुपये का भुगतान निकाला गया, जबकि मौके पर ऐसा कोई कार्य नहीं कराया गया।ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पंचायत में स्ट्रीट लाइट लगाने और मरम्मत के नाम पर लाखों रुपये खर्च दिखाए गए हैं, लेकिन धरातल पर अधिकांश स्थानों पर कोई कार्य दिखाई नहीं देता। इसके अलावा होम पाइप और अन्य निर्माण सामग्री के नाम पर भी लाखों रुपये का भुगतान किए जाने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिन कार्यों का भुगतान सरकारी अभिलेखों में दर्शाया गया है, उनमें से कई कार्य पंचायत क्षेत्र में हुए ही नहीं हैं। आरोप है कि ग्राम पंचायत सचिव अंसार अहमद तथा ग्राम प्रधान अम्बिका प्रसाद ने मिलकर विकास कार्यों में अनियमितताएं और भ्रष्टाचार किया है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा सरकारी धन की वसूली की मांग की है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह पंचायत स्तर पर सरकारी धन के दुरुपयोग का गंभीर मामला साबित हो सकता है।

## जांच के नाम पर मरीज़ों की जान से खिलवाड़ किए जाने के आरोप

**गोला गोकर्णनाथ (खीरी):** उमा रानी अस्पताल में मरीजों की जान से खिलवाड़, बिना प्रशिक्षित स्टाफ के धड़ल्ले से चल रही एक्स-रे मशीन! मामला बड़ा चौराहा मोहम्मदी रोड स्थित उमा रानी अस्पताल का बताया जाता है जहां पर राष्ट्रीय सुरक्षा मानकों (AERB) की धज्जियां उड़ाई जा रहीं हैं। बड़ी लापरवाही सामने यह आई है कि बिना किसी डिग्री-डिप्लोमा के अप्रशिक्षित कंपाउंडर कर रहे हैं एक्स-रे मशीन का संचालन, जिससे मरीजों पर रेडिएशन का गंभीर खतरा मंडरा रहा है। सूत्र बताते हैं कि यहां पर नियम ताक पर वेटिंग रूम के ठीक सटीक बगल में हो रहा एक्स-रे, और कमरे पर नहीं लगा है कोई 'रेड सिग्नल बल्ब' या चेतावनी बोर्ड।इस अस्पताल में संवेदनहीनता की हद तो तब पार हो गई जब सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक (पूरे दो घंटे) स्ट्रेचर पर ही गंभीर मरीज, पड़ा तड़पता रहा और डॉक्टर ने देखना तक मुनासिब नहीं समझा। स्थानीय नागरिकों ने सीएमओ खीरी से अस्पताल के एक्स-रे विंग को तत्काल सील करने और कानूनी कार्रवाई की मांग की।

# कार-बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत

**● आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे पर किया प्रदर्शन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**तिलहर(शाहजहांपुर)।** बरेली-शाहजहांपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार सुबह हुए सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया और उन्होंने कुछ समय के लिए राजमार्ग पर यातायात रोककर विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के रुजवारी गांव निवासी 25 वर्षीय अंशुल पांडेय अपनी बहन डोली पांडे को शाहजहांपुर छोड़ने जा रहे थे। इसी दौरान पूर्वी भक्सी तिराहे के निकट उनकी बाइक और एक कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में अंशुल गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए। आक्रोशित लोगों ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क पर खड़ा कर विरोध जताया, जिससे कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर एसडीएम जीत सिंह राय एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी इशिका सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने लोगों से वार्ता कर उन्हें शांत कराया और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद यातायात व्यवस्था बहाल हो सकी। हादसे के बाद मृतक के परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। पिता अजीत पांडेय, माता मिथिलेश देवी तथा बहन डोली का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल ने बताया कि परिजनों की ओर से तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पन धैली नदी पर कल निर्माण के लिए प्रभारी मंत्री जे पी एस राठौर ने किया भूमि पूजन

**● 12 करोड़ 74 लाख से नर्मित नदी पर पुल का प्रभारी मंत्री जे पी एस राठौर ने पूजन किया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**बरेली**/नवाबगंज विधानसभा के विकासखंड भदपुरा की ग्राम के गांव नकटपुर में पनधैली नदी पर पुल के निर्माण के लिए प्रदेश सरकार के सहकारिता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जे पी एस राठौर बरेली के प्रभारी मंत्री ने आज नदी पर पहुंचकर पुल निर्माण के लिए भूमि पूजन किया इस स्कूल के निर्माण होने से अनेकों ग्रामों की जनता को अब बरखान या सुंदरी होकर नवाबगंज जाना नहीं पड़ेगा। इस पुल के निर्माण होने से जनता को राहत की सांस मिलेगी इस पुल के निर्माण कार्य में 12 करोड़ 74 लख रुपए की लागत आयेगी जो पुल को तैयार किया जाएगा इस के निर्माण कार्य को लेकर लंबे समय से मीडिया इसे उछाल रही थी पहले यहां पर लकड़ी का पुल बनाया जाता था जिससे होकर नदी को पर किया जाता था जिसके लिए लोगों को लकड़ी के पुल से होकर निकलने का शुल्क देना पड़ता था । परंतु अब इस के निर्माण होने से जनता को राहत मिलेगी भूमि पूजन से पहले यहां पर विधिवत हवन किया गया जिसमें भदपुरा की ब्लॉक प्रमुख रश्मि गंगवार एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रमुख पति रवि शंकर गंगवार सम्मिलित हुए 1:50 प्रभारी मंत्री नकटपुर नदी घाट पर पहुंचे उनके साथ सदस्य विधान परिषद कुंवर महाराज सिंह सदस्य विधान परिषद स्नातक जयपाल सिंह व्यस्त सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार विधायक डॉक्टर एमपी आर्य।

नवाबगंज पालिका अध्यक्ष पति नीरेंद्र सिंह राठौड़ पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष कुंवर रविंदर सिंह राठौड़ भाजपा जिला अध्यक्ष बरेली सोमपाल शर्मा भाजपा जिला अध्यक्ष वाला प्रताप सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रश्मि गंगवार नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ऐ क गंगवार भाजपा नेता पूरनलाल लोधी के साथ ही खंड विकास अधिकारी कौशल कुमार गुप्ता ग्राम पंचायत। अधिकारी नरेश सागर सुरेंद्र वर्मा तकनीकी सहायक इतेंद्र पाल सिंह प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह क्षेत्राधिकार नवाबगंज एसडीम उदित पवार ग्राम प्रधान बलराम सिंह अर्जुन सिंह सनी लालाराम कश्यप रविंद रविंद्र कुमार गंगवार समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित थे इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने की संचालन ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने किया।

## सोशल मीडिया पर मौत का वीडियो डालते ही मचा हड़कंप

**● युवक की तलाश में पुलिस ने तोड़ा सरकारी आवास का ताला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलहर।** सोशल मीडिया पर एक युवक द्वारा जहरीला पदार्थ खाने का वीडियो वायरल होते ही पुलिस प्रशासन में अफरा-तफरी मच गई। युवक की जान बचाने की जद्दोजहद में पुलिस ने रातभर दौड़भाग की और मोबाइल लोकेशन के आधार पर नगर पालिका के सरकारी आवास तक पहुंच गई। हालात इतने गंभीर थे कि पुलिस को एक सरकारी आवास का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश करना पड़ा। मोहल्ला उम्मरपुर निवासी सूरज ने कथित तौर पर एक महिला से चल रहे प्रेम प्रसंग के चलते शुक्रवार रात करीब 10 बजे जहरीला पदार्थ खा लिया। इसके बाद उसने अपना वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया। वीडियो वायरल होते ही परिजनों के साथ-साथ पुलिस महकमे में भी खलबली मच गई। युवक की मोबाइल लोकेशन तहसील रोड स्थित एसबीआई बैंक के पास नगर पालिका अधिकारियों के आवासों के आसपास मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। युवक की जान पर बने खतरे को देखते हुए पुलिस ने नगर पालिका के अवर अभियंता नितिन गुप्ता के सरकारी आवास का ताला तोड़कर तलाशी ली, लेकिन वहां युवक का कोई सुराग नहीं मिला। काफी मशक्कत के बाद सूरज अपने घर पर बेहोशी की हालत में मिला। पुलिस उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलहर लेकर पहुंची, जहां हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इस बीच सरकारी आवास का ताला तोड़े जाने को लेकर नया विवाद भी खड़ा हो गया है। जेई नितिन गुप्ता ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि बिना सूचना उनके आवास का ताला तोड़ दिया गया।

उनका कहना है कि पुलिस को पहले उनसे संपर्क करना चाहिए था। उन्होंने मामले में आगे कार्रवाई करने की बात कही है। वहीं क्राइम इंस्पेक्टर सुनील यादव का कहना है कि मामला किसी व्यक्ति की जान बचाने से जुड़ा था। सोशल मीडिया पर वीडियो सामने आने के बाद हर मिनट कीमती था, इसलिए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि युवक को अस्पताल पहुंचा दिया गया है और पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है।


## आखिर किसके संरक्षण में महेवागंज में अवैध रूप से संचालित हो रहा नेयर हेल्थकेयर सेंटर




**लखीमपुर खीरी**- महेवागंज क्षेत्र में 'नेयर हेल्थकेयर सेंटर' नाम से संचालित एक निजी अस्पताल पर गंभीर अनियमितताओं के आरोप लग रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में किसी विशेषज्ञ डॉक्टर की नियमित मौजूदगी नहीं रहती, जबकि बाहर बड़े-बड़े डॉक्टरों के नाम और बैनर लगाए गए हैं। सूत्रों के अनुसार अस्पताल में अनट्रेंड स्टाफ द्वारा मरीजों का इलाज किया जाता है, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है। आरोप है कि मरीजों को गुमराह कर अवैध तरीके से धन उगाही की जाती है।जानकारी यह भी सामने आ रही है कि अस्पताल में मुख्य रूप से डीएनसी जैसे कार्य कराए जाते हैं।जबकि अन्य चिकित्सीय सुविधाओं को लेकर कोई स्पष्ट व्यवस्था दिखाई नहीं देती। यह अस्पताल मेन रोड पर संचालित हो रहा है, सीएचसी अधीक्षक की आते जाते समय नजर नही पडी। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से जांच कर कार्रवाई की मांग की है। सूत्रों का कहना है कि मामले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जल्द बड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

## आंधी में गिरे पेड़ों की लकड़ी पर खेल? मैगलगंज वन रेंज पर उठे गंभीर सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मैगलगंज, खीरी।** तेज आंधी और तूफान के बाद जहां विभिन्न विभाग नुकसान का आकलन कर राहत कार्यों में जुटे रहे, वहीं मैगलगंज वन रेंज की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है। क्षेत्र में बड़ी संख्या में पेड़ जड़ से उखड़ गए और कई पेड़ बीच से टूटकर गिर गए, लेकिन विभाग द्वारा न तो नुकसान का सार्वजनिक ब्यौरा जारी किया गया और न ही गिरी हुई लकड़ियों के उचित संरक्षण की व्यवस्था दिखाई दी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि आंधी के बाद कई दिनों तक गिरे हुए पेड़ और लकड़ियां सड़क किनारे पड़ी रहीं। रास्ता अवरुद्ध होने पर पेड़ों को कटवाकर आवागमन तो बहाल करा दिया गया, लेकिन लकड़ियों के रखरखाव को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सूत्रों का दावा है कि आंधी में गिरी कुछ कीमती लकड़ियां मौके से गायब हो गईं, जबकि कुछ लकड़ियों को औपचारिकता निभाने के लिए विभागीय पौधशाला में रखवा दिया गया।ग्रामीणों का कहना है कि यदि गिरे हुए पेड़ों और लकड़ियों का पूरा हिसाब-किताब विभाग के पास है तो उसे सार्वजनिक किया जाना चाहिए। लोगों का आरोप है कि वन संपदा को हुए नुकसान के बावजूद विभागीय अधिकारी पूरे मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं।मामले में जब मैगलगंज रेंज के वन दरोगा पवन से जानकारी मांगी गई तो उन्होंने बताया कि आंधी में कितने पेड़ गिरे और कितना नुकसान हुआ, इसकी जानकारी पत्रकारों को नहीं दी जाती। उन्होंने कहा कि विभाग अपने तरीके से कार्य करता है।वन दरोगा के इस बयान के बाद पारदर्शिता को लेकर और भी सवाल उठने लगे हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि जब वन संपदा सरकारी संपत्ति है तो उसके नुकसान और गिरी हुई लकड़ियों के निस्तारण की जानकारी सार्वजनिक करने में हिचक क्यों है।अब लोगों की मांग है कि आंधी में गिरे पेड़ों का पूरा रिकॉर्ड, लकड़ियों का स्टॉक और उनके निस्तारण की जांच कराई जाए, ताकि वन विभाग पर लग रहे आरोपों की सच्चाई सामने आ सके। क्षेत्र में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

# संक्षिप्त खबरें

## सरायइनायत पुलिस द्वारा अवैध स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

146 ग्राम अवैध स्मैक बरामद




**प्रयागराज।** नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सरायइनायत पुलिस और नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स (एनटीएफ) की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 146 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 29 लाख 20 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, शनिवार को संयुक्त टीम ने थाना सरायइनायत क्षेत्र के बनी हॉस्पिटल के पास घेराबंदी कर दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से 25 पुड़ियों में पैक कुल 146 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान महेश सोनकर (28 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय राजाराम सोनकर तथा राहुल सोनकर (21 वर्ष) पुत्र पप्पू सोनकर, दोनों निवासी ग्राम सरायरहिया, थाना सरायइनायत, कमिश्नरेट प्रयागराज के रूप में हुई है। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर दोनों आरोपितों के खिलाफ थाना सरायइनायत में मु0अ0सं0-158/2026 के तहत धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसके बाद आरोपितों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

## फूलपुर अधिवक्ता संघ बार चुनाव में विजय बहादुर अध्यक्ष रविंद्र प्रताप सिंह महामंत्री चुने गए



**ब्यूरो प्रयागराज।** शुक्रवार को फूलपुर तहसील बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। जिसमें विजय बहादुर यादव अध्यक्ष चुने गए जबकि लालता प्रसाद उपाध्यक्ष और रविंद्र प्रताप सिंह महामंत्री निर्वाचित हुए। कुल 507 मतदाताओं में से 481 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। मतदान सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक चला।मतगणना दोपहर 3:30 बजे शुरू होकर देर रात करीब 11:30 बजे तक चली। मुख्य चुनाव अधिकारी रामचंद्र यादव एडवोकेट ने परिणामो की घोषणा की। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों ने जश्न मनाया। अध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणीय मुकाबले में विजय बहादुर यादव ने 195 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी राजेंद्र प्रसाद यादव को 150 मत मिले,। इस प्रकार विजय बहादुर यादव ने 45 मतों के अंतर से यह जीत दर्ज की। अन्य पदों पर लालता प्रसाद 245 मतों के साथ उपाध्यक्ष चुने गए उन्होंने श्याम जी दुबे को 33 मतों से हराया। महामंत्री पद पर रविंद्र प्रताप सिंह ने 185 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। उनके प्रतिद्वंदी सुभाष चंद्र को 149 और संतोष कुमार शुक्ला को 129 मत मिले। रविंद्र प्रताप सिंह ने 36 मतों के अंतर से जीत हासिल की। कोषाध्यक्ष पद पर राजेश कुमार ने 205 मतों के साथ जीत दर्ज की पुस्तकालय अध्यक्ष के लिए अखिलेश कुमार ने 266 मत प्राप्त कर विजयी हुए प्रकाश मंत्री पद पर दीपांकर यादव 258 मतों के साथ विजई रहे। प्रक्रिया का संचालन मुख्य चुनाव अधिकारी रामचंद्र यादव एडवोकेट ने किया उन्हें सृष्टि नाथ तिवारी और त्रिभुवन नाथ ने सहयोग प्रदान किया मतगणना कार्य चंद्रिका प्रसाद एडवोकेट सैयद मोहम्मद अफसर एडवोकेट और त्रिभुवन नाथ एडवोकेट की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## महेवा घाट पर स्नान करने गए छात्र की डूबने से हुई मौत

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के महेवा घाट पर शनिवार की सुबह स्नान करने गए कक्षा 8 के छात्र की डूबने से मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गाजीपुर जिले के मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के यूसुफपुर गांव निवासी श्याम सुंदर चौरसिया बीते कई सालों से नैनी थाना क्षेत्र के महेवा में किराए के मकान में रहते हैं । वह बाटी चोखा का ठेला लगाकर परिवार का पालन पोषण करते हैं। उनका 15 वर्षीय बेटा बिट्टू चौरसिया कक्षा आठवीं का छात्र है। बताते हैं, कि शनिवार की सुबह उनका बेटा बिट्टू चौरसिया स्नान करने के लिए महेवा घाट पर गया था। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटा, तो घर वाले घाट पर जाकर लोगों से पूछताछ शुरू की। लोगों ने बताया, वह नहाने के लिए अंदर गया था, लेकिन बाहर नहीं निकला। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को पानी में उतारा। काफी देर बाद उसका शव पानी से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट मेंपहुंचा अयोध्या राम मंदिर में दान चोरी का मामला, याचिका में CBI जांच की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में दान के फंड (जिसमें पैसे, सोना और चांदी शामिल हैं) की कथित 'हेराफेरी' की सेंट्रल ब्यूरो ऑफ़ इन्वेस्टिगेशन (CBI) से स्वतंत्र, विश्वसनीय और तय समय-सीमा के भीतर जांच कराने के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट (लखनऊ बेंच) में एक जनहित याचिका (PIL) दायर की गई। वकील मोहित अशोक द्वारा दायर इस याचिका में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) से श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के खातों का व्यापक 'स्पेशल फ़ोरेंसिक ऑडिट' कराने की भी मांग की गई। 'दैनिक जागरण' (8 जून को प्रकाशित) की खबर का हवाला देते हुए PIL में कहा गया कि मंदिर में दान-पात्रों में भक्तों द्वारा जमा किए गए पैसे की ट्रस्ट के कुछ कर्मचारियों ने हेराफेरी की। याचिका में बताया गया कि भले ही 4 संदिग्ध कर्मचारियों को पुलिस हिरासत में लिया गया और ट्रस्ट के एक कर्मचारी से जुड़े बैंक खाते से लगभग ?5 लाख बरामद किए गए। फिर भी संबंधित अधिकारी सुधारात्मक कार्रवाई करने के बजाय 'संस्थागत इनकार' की स्थिति बनाए हुए हैं। याचिका में कहा गया कि ट्रस्ट के प्रवक्ता गोपाल राव ने मीडिया रिपोर्टों को सार्वजनिक रूप से 'महज अफवाह' बताकर खारिज किया, जबकि सुरक्षा अधिकारी बलरामचारी दुबे ने भी इसी तरह इन घटनाओं से इनकार किया। याचिका में कहा गया: 'हिरासत में पूछताछ और न्यायिक प्रक्रिया के तहत रिकवरी के बावजूद संस्थागत इनकार का यह रवैया, ट्रस्ट की निष्पक्ष और प्रभावी आंतरिक जांच सुनिश्चित करने की क्षमता और इच्छाशक्ति के बारे में गंभीर आशंकाएं पैदा करता है।



**याचिकाकर्ता द्वारा बताए गए सिंह के कथित खुलासे इस प्रकार हैं:**

1. मंदिर में कैश-गिनती की प्रक्रिया के दौरान, नोट गिनने और बंडल बनाने के लिए जिम्मेदार कर्मचारी व्यवस्थित और जानबूझकर 12 लाख रुपये की राशि गिनते थे, लेकिन वाउचर में दर्ज की जाने वाली रकम केवल... बैंक अधिकारियों की मदद से 9-10 लाख रुपये का अंतर नकद में निकाल लिया गया।

2. जब पता चला कि एक कैश बॉक्स में वाउचर की रकम से 5 लाख रुपये ज़्यादा थे, तो सिंह ने इस गड़बड़ी की जानकारी चंपत राय (जनरल सेक्रेटरी) और श्री गोपाल राव को दी। कोई जांच या अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के बजाय, उन्हें तुरंत अकाउंट्स के काम से हटा दिया गया और उनकी जगह किसी और को रख लिया गया।

3. उन्हें हटाने से पहले, 7-8 महीने की ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज डिलीट कर दी गई, जिससे कथित गबन का मुख्य इलेक्ट्रॉनिक सबूत नष्ट हो गया।

4. दस अलग-अलग चेस्ट-बॉक्स, जिनमें भक्त सोना-चांदी की चीज़ें डालते थे, उन्हें 'टिन्नू' नाम के व्यक्ति ने बिना किसी अकाउंटिंग एंट्री, रसीद या रिकॉर्ड के हटा दिया। जनरल सेक्रेटरी को सिर्फ़ एक फ़ोटो भेजी गई और गोपाल राव ने सिंह से कहा कि यह पूरी तरह से जनरल सेक्रेटरी का मामला है और इसके लिए किसी एंट्री की ज़रूरत नहीं है।

5. जब सिंह ने वाउचर पर साइन करने की प्रक्रिया, कैश गिनने के तरीके और वाउचर पर अपने साइन न होने पर आपत्ति जताई, तो गोपाल राव ने साफ़ तौर पर कहा कि उनका काम सिर्फ़ 'बैठना' है, न कि प्रक्रिया पर सवाल उठाना।

# वाराणसी कोर्ट में जज की कुर्सी पर जा बैठी 'महिला', करने लगी सुनवाई, पुलिस ने हटाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** शुक्रवार को वाराणसी ज़िला कोर्ट में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक अधेड़ उम्र की महिला ने कोर्ट रूम में घुसकर ज़िला जज की कुर्सी पर कब्ज़ा कर लिया और खुद को जज घोषित कर दिया। इस घटना का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें महिला को जज की कुर्सी पर बैठे हुए देखा जा सकता है। विभिन्न मीडिया रिपोर्टों और चश्मदीदों के बयानों के अनुसार, सुनवाई करने की कोशिश करते हुए महिला ने हथौड़ी (gavel) उठाई, डेस्क पर मारी और चिल्लाई, 'ऑर्डर, ऑर्डर!... आज मैं ज़िला जज हूँ। मेरे सामने गवाह और सबूत पेश करो! ' यह ड्रामा लगभग एक घंटे तक चला, जिसके बाद कैंट पुलिस के जवानों (जिनमें महिला पुलिसकर्मी भी शामिल थीं) ने उसे कुर्सी से हटाया और आगे की पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। बाद में पुलिस अधिकारियों ने कहा कि उसके व्यवहार से पता चलता है कि महिला मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही है। इसलिए बाद में उसे उसके परिवार के सदस्यों को सौंप दिया गया। यह घटना सुबह 9:00 बजे हुई, जब अतिरिक्त ज़िला जज



यजुवेंद्र विक्रम सिंह छुट्टी पर थे। वह कोर्ट रूम में घुस गई, पूछा कि जज आमतौर पर किस समय आते हैं और उसके बाद मंच (dais) तक गई और सीट पर बैठ गई। उसने डेस्क पर रखी केस फ़ाइलों को भी पलटा। स्टाफ और वकीलों ने उसे नीचे उतरने के लिए मनाने की कई कोशिशें कीं। हालांकि, जो भी उसके पास जाने की कोशिश करता, वह उस पर चिल्लाती है। कोर्ट रूम खाली होने के बाद ADJ यजुवेंद्र विक्रम सिंह ने कमरे का निरीक्षण किया। उन्होंने आधिकारिक जांच के भी आदेश दिए और ड्यूटी पर मौजूद अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा कि महिला सुरक्षा व्यवस्था को चकमा देकर कोर्ट रूम परिसर में कैसे दाखिल हुई? स्थानीय वकीलों का दावा है कि महिला ने पहले भी इसी तरह जज की कुर्सी पर कब्ज़ा किया था।

# हाईवे किनारे अधजली महिला का शव मिलने से सनसनी, पहचान में जुटी पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कौंधियारा (प्रयागराज)।** यमुनानगर क्षेत्र के कौंधियारा थाना अंतर्गत मिश्रा बांध-संडवा नहर के पास हाईवे किनारे शनिवार को एक महिला का अधजला शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह मिश्रा बांध-संडवा नहर के निकट हाईवे किनारे एक महिला का अधजला शव पड़ा होने की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। खबर मिलते ही कौंधियारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र की घेराबंदी कर जांच शुरू की। कुछ ही देर में एसीपी कौंधियारा अब्दुस सलाम भी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस के अनुसार मृतका की उम्र लगभग 30 से 40 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है। शव की स्थिति देखकर प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध लग रहा है। हालांकि महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई और शव को जलाने का प्रयास क्यों किया गया, इसका स्पष्ट पता अभी नहीं चल सका है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि हाईवे किनारे अधजला शव मिलने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंच गए। पुलिस ने भीड़ को हटाकर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए और फोरेंसिक जांच की प्रक्रिया शुरू कराई। एसीपी कौंधियारा अब्दुस सलाम ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। महिला की पहचान कराने के लिए आसपास के थानों और जनपदों में सूचना प्रसारित की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# राहुल गांधी 'इंडिया' बैठक में बोले- 'असली चुनौती चुनाव जीतना नहीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (INDIA) की एक बंद कमरे में हुई बैठक के दौरान बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कांग्रेस को काम करने के लिए 'भारतीय राज्य (स्टेट) की निष्पक्षता' की कोई ज़रूरत नहीं है। यानी कैसे भी हालात हों कांग्रेस काम करेगी। कांग्रेस ने विपक्षी इंडिया गठबंधन की इस बैठक में दिए गए राहुल गांधी के भाषण का ऑडियो और ट्रांसक्रिप्ट (लिखित पाठ) जारी किया। यह बैठक सोमवार को आयोजित की गई थी। इस भाषण के जरिए राहुल गांधी ने 2029 के लोकसभा चुनाव के लिए विपक्ष का रोडमैप तैयार करने के साथ-साथ गठबंधन के भीतर कांग्रेस की भूमिका को भी रेखांकित किया। भाषण को सोशल मीडिया पर पसंद किया जा रहा है। लोग एक्स पर राहुल की तारीफ कर रहे हैं। उनका ऑडियो वायरल है। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि ये संगठन भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर अपनी पकड़ मजबूत कर रहे हैं, जिससे पारंपरिक राजनीतिक तरीके बेअसर हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में कांग्रेस एक 'प्रतिरोध (resistance) के आंदोलन' के रूप में काम कर रही है। राहुल गांधी ने कहा: 'कांग्रेस एक प्रतिरोध की पार्टी है। इसे काम करने के लिए भारतीय राज्य की निष्पक्षता की जरूरत नहीं है। वास्तव में, भारत की संवैधानिक संस्थाओं का जितना अधिक गला घोंटा जाएगा, कांग्रेस संविधान की रक्षा के लिए उतनी ही आक्रामकता से लड़ेगी। ' उन्होंने आगे कहा कि जब राजनीतिक दल पारंपरिक रूप से काम नहीं कर पाते, तब 'प्रतिरोध' काम करता है। उन्होंने अपनी 4,000 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा का हवाला देते हुए कहा कि इसके लिए किसी राजनीतिक ढांचे, नौकरशाही या खुफिया एजेंसियों की जरूरत नहीं होती, बल्कि सिर्फ प्रतिरोध की भावना की जरूरत होती है। बैठक में समाजवादी पार्टी (SP), राष्ट्रीय जनता दल (RJD) और वामपंथी दलों (Left parties) जैसे सहयोगी दलों द्वारा कांग्रेस पर की गई आलोचनाओं का भी राहुल गांधी ने जवाब दिया। उन्होंने हिंदू पौराणिक कथाओं का संदर्भ देते हुए कहा कि वह इन आलोचनाओं को सहजता से स्वीकार करते हैं। राहुल गांधी ने कहा: 'यह मेरा काम नहीं है कि मैं आज कांग्रेस के बारे में कही गई बातों का जवाब दूं। मेरा काम तो शैव परंपरा की तरह सब कुछ निगल जाना है। नीलकंठ (भगवान शिव) का विचार, जिन्होंने सारा विष पी लिया था। कांग्रेस पार्टी या मेरे बारे में आपकी जो भी आलोचना है, हम उसे सहर्ष और मुस्कुराते हुए स्वीकार करेंगे। ' उन्होंने बिना किसी अहंकार के यह भी साफ किया कि गठबंधन में कांग्रेस की भूमिका सभी सहयोगियों को प्यार और स्नेह के साथ एक सूत्र में बांधने की है। उन्होंने सहयोगियों से आपसी लड़ाई बंद करने और मीडिया को हमला करने का मौका न देने की अपील की। राहुल गांधी ने गठबंधन के भीतर के मतभेदों को छुपाने की कोशिश नहीं की। उन्होंने केरल की राजनीति का उदाहरण देते हुए खुलकर कहा, 'हमारे बीच लड़ाई है। अगर आप मुझसे कहें कि मैं जाकर केरल के पूर्व मुख्यमंत्री (पिनराई विजयन) को गले लगा लूं, तो मैं ऐसा नहीं कर सकता और न ही करूंगा, क्योंकि उनके साथ मेरा राजनीतिक मुकाबला जारी है।' उन्होंने डीएमके (DMK) जैसी पार्टियों की प्रतिबद्धता पर पूरा भरोसा जताया। आगामी चुनावों पर बात करते हुए राहुल गांधी ने एक बेहद चौंकाने वाला दावा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा को हराना असल चुनौती नहीं है। उनके शब्दों में:



'आप सोच रहे हैं कि चुनौती अगला चुनाव जीतना है। अगला चुनाव तो पहले ही जीता जा चुका है। कृपया समझें, भारत के लोगों में इतना गुस्सा है कि अगला चुनाव पहले ही खत्म हो चुका है। असली समस्या आरएसएस द्वारा भारतीय राज्य की संस्थाओं पर कब्जा करना है। समस्या यह है कि आपके पास जीतने के लिए एक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव ही नहीं बचेगा। कांग्रेस ने राहुल गांधी के इस भाषण को उसी दिन जारी किया, जिस दिन सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन की अयोग्यता के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया था। पार्टी ने इस भाषण को जारी करने के लिए जानबूझकर यह समय चुना, ताकि संस्थाओं के कथित दुरुपयोग के खिलाफ अपने रुख को और मजबूती से पेश कर सके।

# जिस देश में एक ठेले वाले को भी पंजीकरण कराना पड़ता है, वहां आरएसएस को छूट कैसे?- प्रियंक खरगे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियंक खरगे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को चुनौती देते हुए पूछा है कि वह उन्हें बताए कि किस कानून के तहत संगठन को सरकार के प्रति जवाबदेह होने से छूट मिली हुई है. उन्होंने कहा कि जिस देश में हर ठेला-फेरी लगाने वाले को भी पंजीकरण कराना पड़ता है, वहां आरएसएस जैसा संगठन कानून से ऊपर कैसे हो सकता है। डेक्कन हेराल्ड की रिपोर्ट के मुताबिक, 10 जून को की गई अपनी टिप्पणियों में कांग्रेस नेता ने आरएसएस नेताओं को अपने कार्यालय आने और संगठन की कानूनी स्थिति से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत करने का भी निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा, 'आरएसएस मुझे अपने केशव कृपा मुख्यालय बुलाए. वे मुझे वह कानून दिखाएं जिसके तहत उन्हें सरकार के प्रति जवाबदेह होने से छूट मिली है. या फिर वे दस्तावेज लेकर मेरे कार्यालय आएं. वे दिखाएं कि उन्हें संविधान के प्रावधानों से कैसे छूट प्राप्त है. मैं इसकी जांच करूंगा. अगर मैं गलत हुआ तो माफी मांग लूंगा, वरना उन्हें अपनी गलती सुधारनी होगी।' खरगे लगातार आरएसएस पर सवाल उठाते रहे हैं. आरएसएस सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का वैचारिक आधार है. और इसके प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि संगठन को औपचारिक पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है। भागवत ने विवादास्पद रूप से दावा किया था कि आरएसएस एक 'व्यक्तियों के समूह' के तौर पर काम करता है, जिसे मौजूदा कानूनी प्रावधानों के तहत पहले से ही मान्यता मिली हुई है। भागवत ने कहा था, 'हमें 'व्यक्तियों के समूह' के रूप में वर्गीकृत किया गया है और हम एक मान्यता प्राप्त संगठन हैं. आयकर विभाग ने हमसे इनकम टैक्स भरने को कहा था, और मामला अदालत तक गया था. अदालत ने कहा कि यह व्यक्तियों का एक समूह है और हमारी गुरु दक्षिणा (दान) को आयकर से छूट दी गई।' पिछले महीने खरगे ने आरएसएस और उससे जुड़े 2,500 से अधिक संगठनों के नेटवर्क का 'सार्वजनिक ऑडिट' कराने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि जहां आरएसएस और उससे जुड़े संगठन बिना रजिस्ट्रेशन के काम कर रहे हैं और इसलिए कानून के दायरे से बाहर हैं, वहीं, दूसरी ओर मोदी सरकार विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) का इस्तेमाल करके कई गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) की कार्यप्रणाली पर लगातार अंकुश लगा रही है। इस कानून का इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय संगठनों या अंतरराष्ट्रीय फंड पाने वाले घरेलू संगठनों की गतिविधियों पर नज़र रखने और उन पर रोक लगाने के लिए किया जा रहा है, जिससे नागरिक अधिकारों, मानवीय कार्यों और धार्मिक स्वतंत्रता पर असर पड़ रहा है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजनीति में आने से पहले की विदेश यात्राओं पर भी सवाल



उठाए. उन्होंने लिखा, 'जब मोदीजी स्वयं को 'फकीर' कहते थे और आरएसएस प्रचारक थे, तब उन्होंने अमेरिका, जर्मनी, ब्रिटेन, गुयाना, कनाडा, मलेशिया और फ्रांस सहित 14 से अधिक देशों की यात्रा की थी. उन यात्राओं का खर्च किसने उठाया? क्या इसके लिए आरएसएस, यानी तथाकथित रजिस्ट्रेशन वाले 'एनजीओ' ने पैसे दिए थे?' डेक्कन हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार, 10 जून को खरगे ने कहा कि 'ऐसे देश में जहां सड़क पर सामान बेचने वाले को भी पंजीकरण कराना पड़ता है, मंदिरों और देवताओं तक को प्राप्त प्रत्येक दान का हिसाब देना पड़ता है और नागरिकों को आयकर रिटर्न दाखिल करना पड़ता है, वहां आरएसएस को छूट नहीं मिल सकती.' उन्होंने आगे कहा, 'वे लगातार खुद को 'व्यक्तियों का समूह' बताते हैं. बेंगलुरु क्लब भी 'लोगों का एक समूह' है।' राज्य के गृह मंत्री का पद संभालने के बाद एक ट्वीट में प्रियंक खरगे ने आरएसएस से कहा था कि वह पंजीकरण के लिए 'अपने दस्तावेज तैयार रखे.।

# भरण-पोषण विवाद में बेटे ने ली पिता की जान

● सुबह टहलने निकले 70 वर्षीय बुजुर्ग को लल्ला चुंगी चौराहे के पास मारी गोली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** कर्नलगंज थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई। लल्ला चुंगी चौराहे के पास सुबह टहलने निकले 70 वर्षीय बुजुर्ग राम दुलारे कोरी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शुरुआती जांच में पुलिस इस घटना को सड़क दुर्घटना मान रही थी, लेकिन अस्पताल में चिकित्सकीय परीक्षण के दौरान सीने में गोली लगने की पुष्टि होने पर मामला हत्या का निकला। जांच के बाद पुलिस ने मृतक के छोटे बेटे अखिलेश उर्फ शिवा और उसके एक साथी पर हत्या का आरोप लगाया है। दोनों आरोपी घटना के बाद से फरार हैं। पुलिस के अनुसार शिवकुटी निवासी राम दुलारे कोरी रोज की तरह शनिवार सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। सुबह के समय जब वह कर्नलगंज क्षेत्र स्थित लल्ला चुंगी चौराहे के पास पहुंचे, तभी उन पर हमला हुआ। घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कर्नलगंज पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके




पर पहुंचे। प्रारंभिक रूप से मामला सड़क हादसे जैसा प्रतीत हो रहा था, लेकिन अस्पताल में जांच के दौरान मृतक के सीने में गोली लगने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले, जिसके आधार पर मृतक के छोटे बेटे अखिलेश उर्फ शिवा की भूमिका संदिग्ध पाई गई। पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर यह तथ्य सामने आया कि अखिलेश ने अपने एक साथी के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। एसीपी कर्नलगंज ने बताया कि पिता-पुत्र के बीच लंबे समय से भरण-पोषण को लेकर विवाद चल रहा था। इस संबंध में जिला न्यायालय में मुकदमा भी विचाराधीन था। पुलिस का मानना है कि इसी विवाद के चलते हत्या की साजिश रची गई और वारदात को अंजाम दिया गया। घटना के बाद से दोनों आरोपी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं। संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है तथा आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

## झलवा में फल विक्रेता पर ताबड़तोड़ फायरिंग, हालत नाजुक

**प्रयागराज।** एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के झलवा देवघाट इलाके में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब बाइक सवार बदमाशों ने एक फल विक्रेता पर जानलेवा हमला कर दिया। बदमाशों ने फल विक्रेता विनोद को निशाना बनाते हुए गोली चला दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए, जबकि क्षेत्र में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शनिवार सुबह विनोद अपने रोजमर्रा के काम में व्यस्त थे। इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक वहां पहुंचे। कुछ देर तक आसपास की गतिविधियों पर नजर रखने के बाद उन्होंने अचानक विनोद पर फायरिंग कर दी। गोली लगते ही विनोद लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही एयरपोर्ट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल विनोद को तत्काल उपचार के लिए स्वरूप रानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर बताई है। अस्पताल में उनका इलाज जारी है और डॉक्टर लगातार उनकी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा प्रतीत हो रहा है।

# विद्युत तार चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

123 किलो चोरी का तार और उपकरण बरामद




**प्रयागराज।** थाना सरायइनायत पुलिस ने विद्युत तार चोरी की घटनाओं का सफल खुलासा करते हुए दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 123 किलोग्राम चोरी का विद्युत तार तथा तार काटने में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार थाना सरायइनायत में दर्ज मुकदमा संख्या 146/2026 एवं 151/2026 के संबंध में वांछित चल रहे अभियुक्त आनन्द गुप्ता और सुशील कुमार गुप्ता उर्फ गजाधर को ग्राम भागीपुर स्थित आनंद गुप्ता के नवनिर्मित मकान के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ और बरामदगी के आधार पर दोनों के विरुद्ध मुकदमों में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने 23 मई 2026 को गोतावां क्षेत्र तथा 5 जून 2026 को हनुमानगंज स्थित कालीदास मार्ग के पास से विद्युत तार काटकर चोरी की थी। इन घटनाओं के संबंध में प्राप्त शिकायतों के आधार पर थाना सरायइनायत में मुकदमे दर्ज किए गए थे। पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। गिरफ्तार अभियुक्तों में कटका झूंसी निवासी 23 वर्षीय आनन्द गुप्ता पुत्र जगन्नाथ साहू तथा भागीपुर निवासी 55 वर्षीय सुशील कुमार गुप्ता उर्फ गजाधर पुत्र स्वर्गीय भागीरथी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 123 किलोग्राम चोरी का विद्युत तार तथा तार काटने के उपकरण बरामद किए हैं। बरामद सामग्री को कब्जे में लेकर आवश्यक साक्ष्य संकलित किए गए हैं।

# भीटी गांव की महिलाओं का थाना समाधान दिवस में प्रदर्शन

● शराब की दुकान हटाने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हंडिया (प्रयागराज)।** हंडिया थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान भीटी गांव की दर्जनों महिलाएं सरकारी शराब की दुकान हटाने की मांग को लेकर पहुंचीं और जोरदार प्रदर्शन किया। महिलाओं ने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि गांव में संचालित शराब की दुकान के कारण क्षेत्र का सामाजिक माहौल लगातार प्रभावित हो रहा है तथा आए दिन विभिन्न प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। महिलाओं का आरोप था कि शराब की दुकान के आसपास असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे गांव की महिलाओं, युवतियों और स्कूली छात्राओं को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि कई बार छेड़खानी और अभद्र टिप्पणी की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने कहा कि शराब की दुकान हटाने के लिए पहले भी कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित नहीं किया गया तो ग्रामीण महिलाएं बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना समाधान दिवस में मौजूद सहायक




पुलिस आयुक्त (एसीपी) ने महिलाओं की शिकायत को गंभीरता से सुना। छेड़खानी और कानून-व्यवस्था से जुड़े आरोपों पर तत्काल प्रभाव से जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही महिलाओं को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों का नियमानुसार निस्तारण कराया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### यूट्यूब से सीखा अपराध, पटना में ज्वेलरी शॉप लूटने पहुंचीं युवतियां गिरफ्तार



**पटना।** राजधानी के दीघा थाना क्षेत्र स्थित कुर्जी पुल के पास मां वैष्णो ज्वेलर्स में लूट की कोशिश करने वाली दोनों युवतियों ने पुलिस पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। आरोपित युवतियों ने बताया कि उन्होंने यूट्यूब पर क्राइम और लूट से जुड़े वीडियो देखकर इस वारदात की पूरी योजना तैयार की थी। पुलिस के अनुसार, दोनों युवतियां पहले से ही दुकान को निशाना बनाने की तैयारी कर रही थीं। उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से मिर्च वाला पेपर स्प्रे मंगवाया था। कोचिंग का बहाना कर निकलीं घर से वारदात वाले दिन दोनों घर से कोचिंग जाने का बहाना बनाकर बैग लेकर निकली थीं। बैग में पेपर स्प्रे, एक छोटा चाकू और अन्य सामान रखा गया था। शुक्रवार शाम दोनों युवतियां ग्राहक बनकर मां वैष्णो ज्वेलर्स पहुंचीं। पहले उन्होंने दुकानदार राजेश कुमार से सोने के टाप्स दिखाने को कहा। दुकानदार जब उन्हें आभूषण दिखाने में व्यस्त था, तभी अचानक एक युवती ने उसके चेहरे पर पेपर स्प्रे छिड़क दिया।स्प्रे के असर से दुकानदार की आंखों में तेज जलन होने लगी और दुकान में अफरा-तफरी मच गई। इसी बीच दोनों युवतियां सोने के टॉप्स लेकर भागने की कोशिश करने लगीं। हालांकि, दुकानदार ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत दुकान के मुख्य शटर को नीचे गिरा दिया। इससे एक नाबालिग लड़की दुकान के अंदर ही फंस गई, जबकि उसकी साथी वहां से भाग निकली। घटना की सूचना मिलते ही दीघा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके में घेराबंदी शुरू कर दी। पुलिस ने कुछ ही देर बाद फरार युवती चांदनी कुमारी को भी कुर्जी इलाके से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान दोनों के बैग से पेपर स्प्रे, एक छोटा चाकू और मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, शुरुआती पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया है कि पैसों की जरूरत के कारण उन्होंने लूट की योजना बनाई थी। सोशल मीडिया और यूट्यूब पर अपराध से जुड़े वीडियो देखकर उन्होंने तरीका सीखा और वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। डीएसपी विधि व्यवस्था-2 दिव्यांजली ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तार आरोपित चांदनी कुमारी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। नाबालिग लड़की को रिमांड होम भेजा गया है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि दोनों युवतियां पहले किसी अन्य घटना में शामिल रही हैं या नहीं।

### बिहार में गाड़ियों से हटेंगे प्रेशर हॉर्न, बेचने वाली दुकानों पर भी पड़ेगा छापा



**पटना।** राज्य में अवैध रूप से प्रेशर और मल्टी ट्यून हॉर्न बेचने वालों और उसे गाड़ियों में लगाने वालों, दोनों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग ने सभी जिलों को इस संबंध में राज्यव्यापी कार्रवाई का निर्देश जारी किया है। गाड़ियों में अवैध रूप से प्रेशर और मल्टी ट्यून हॉर्न लगाने और इसकी बिक्री करने वाले प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। विभागीय जानकारी के अनुसार, मानक स्तर से अधिक ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले प्रेशर एवं मल्टी ट्यून हॉर्न का उपयोग करना मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 190 (2) के तहत दंडनीय अपराध है। विशेष अभियान के तहत सभी जिलों में वाहनों एवं स्कूली वाहनों की सघन जांच की जायेगी। सभी जिलों के जिला परिवहन पदाधिकारी दोषी पाए जाने पर कार्रवाई करेंगे। इसके साथ ही सभी नगर आयुक्त को पत्र जारी कर निगम के वाहनों में प्रयुक्त होने वाले प्रेशर हॉर्न को हटाने का निर्देश भी दिया गया है। परिवहन विभाग ने जिलों को निर्देश दिया है कि प्रेशर एवं मल्टी ट्यूटन हॉर्न की बिक्री करने वाले प्रतिष्ठानों पर धावा दल के माध्यम से छापेमारी की जाए तथा ऐसे हॉर्न को जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। ऐसे हॉर्न न केवल ध्वनि प्रदूषण को बढ़ाते हैं, बल्कि सड़क सुरक्षा एवं आमजन की सुविधा के लिए भी गंभीर चुनौती हैं। परिवहन सचिव ने वाहन चालकों एवं वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में प्रेशर अथवा मल्टी-ट्यून हॉर्न का प्रयोग न करें।

# लातेहार टेंडर विवाद में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, जांच समिति गठित; गड़बड़ी मिलने पर टेंडर होंगे रद्द

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लातेहार, झारखंडः-** लातेहार जिले में इन दिनों चर्चा का विषय बने टेंडर विवाद को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। विभिन्न विभागों द्वारा जारी टेंडरों में कथित अनियमितताओं की शिकायतों के बाद उपायुक्त संदीप कुमार ने पूरे मामले की जांच के लिए एक समिति का गठन किया है। जांच में गड़बड़ी मिलने पर संबंधित टेंडरों को रद्द करने तथा दोषियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई करने के संकेत दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता सौरभ श्रीवास्तव ने शुक्रवार को उपायुक्त से मुलाकात कर जिले में जारी विभिन्न टेंडरों में कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और सभी योग्य संवेदकों को समान अवसर सुनिश्चित करने की मांग करते हुए एक विस्तृत आवेदन भी सौंपा। मुलाकात के दौरान सौरभ श्रीवास्तव ने आरोप लगाया कि कुछ प्रभावशाली लोग और जनप्रतिनिधि टेंडर प्रक्रिया को प्रभावित कर अपने चहेते लोगों को लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। इससे टेंडर प्रणाली की विश्वसनीयता प्रभावित हो रही है और योग्य संवेदकों को समान अवसर नहीं मिल पा रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि जिले में टेंडर प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने के लिए प्रशासन आवश्यक कदम उठा रहा है। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में विभिन्न विभागों से जुड़े टेंडरों को लेकर मिली शिकायतों के आधार पर एक जांच समिति गठित की गई है, जो सभी मामलों की तकनीकी और विस्तृत समीक्षा करेगी। उपायुक्त ने कहा कि यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो संबंधित टेंडरों को रद्द करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। आवश्यक होने पर टेंडरों को पुनः ऑनलाइन माध्यम से जारी किया जाएगा, ताकि प्रक्रिया की निष्पक्षता बनी रहे। उपायुक्त से मुलाकात के बाद सौरभ श्रीवास्तव ने प्रशासन की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि जांच निष्पक्ष होगी और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में किसी भी कीमत पर टेंडर प्रक्रिया की पारदर्शिता से समझौता नहीं होने दिया जाएगा। सौरभ श्रीवास्तव ने यह भी बताया कि मामले से संबंधित आवेदनों की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री कार्यालय और राज्यपाल को भी भेजी गई है। उन्होंने कहा कि यदि जांच में किसी अधिकारी या अन्य संबंधित व्यक्ति की भूमिका संदिग्ध पाई जाती है तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। प्रशासन की सक्रियता के बाद टेंडर विवाद से जुड़े लोगों के बीच हलचल तेज हो गई है। वहीं कई संवेदकों ने निष्पक्ष जांच की उम्मीद जताते हुए प्रशासन के कदम का स्वागत किया है। अब जिले की निगाहें जांच समिति की रिपोर्ट और उसके आधार पर होने वाली आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

## पाकुड़ की जनसमस्याओं को लेकर राजद जिलाध्यक्ष महावीर मड़ैया ने विधायक बसंत सोरेन से की मुलाकात



**पाकुड़, झारखंडः-** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के जिलाध्यक्ष महावीर मड़ैया ने उपराजधानी दुमका में बसंत सोरेन से औपचारिक मुलाकात कर पाकुड़ जिले के विकास कार्यों एवं ग्रामीण क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। मुलाकात के दौरान महावीर मड़ैया ने जिले में जनसामान्य से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं, ग्रामीण विकास, सड़क, पेयजल तथा अन्य आवश्यक सेवाओं से संबंधित समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों की विभिन्न चुनौतियों से भी विधायक को अवगत कराया। विधायक बसंत सोरेन ने पाकुड़ जिले के लोगों के प्रति अपना स्नेह एवं जुड़ाव व्यक्त करते हुए जिलेवासियों का हार्दिक अभिनंदन किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि जनहित से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी तथा समस्याओं के शीघ्र निराकरण का प्रयास किया जाएगा। बैठक में पाकुड़ जिले के विकास और ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई।

## एसआईआर एवं बूथ लेवल एजेंट गठन को लेकर आजसू की बैठक आयोजित




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवघर, झारखंडः-** आजसू पार्टी के देवघर विधानसभा कार्यालय में शनिवार को एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) एवं प्रत्येक बूथ पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के गठन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने की, जबकि इसका संचालन जिला सचिव अविनाश कुमार ने किया।

बैठक केंद्रीय सचिव राजा साहनी की देखरेख में संपन्न हुई। बैठक में जिले के सभी प्रखंड प्रभारियों एवं पार्टी पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रखंड प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में निर्धारित समय सीमा के भीतर बूथ लेवल एजेंटों का गठन सुनिश्चित करें तथा मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं। जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने कहा कि मजबूत बूथ संगठन किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी ताकत होता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक बूथ पर संगठन को सशक्त बनाने तथा मतदाता सूची से संबंधित कार्यों को गंभीरता से पूरा करने का आह्वान किया। वहीं केंद्रीय सचिव राजा साहनी ने कहा कि बूथ स्तर तक संगठन की सक्रियता बढ़ाना पार्टी की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने सभी प्रखंड प्रभारियों से संगठनात्मक जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने और पार्टी की नीतियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का आग्रह किया। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। पार्टी नेताओं ने कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने की अपील की।

## सर्वदलीय बैठक की सूचना नहीं मिलने पर कांग्रेस ने जताई नाराजगी

**● मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया में उपेक्षा का लगाया आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा 9 जून को आयोजित सर्वदलीय बैठक में सूचना नहीं दिए जाने पर प्रखंड कांग्रेस कमेटी, पाकुड़िया ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। पार्टी ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए प्रशासन के रवैये पर सवाल खड़े किए हैं। प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है और इसके पुनरीक्षण की प्रक्रिया में सभी राजनीतिक दलों की सहभागिता सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। कांग्रेस का आरोप है कि इतनी महत्वपूर्ण बैठक की सूचना न तो प्रखंड अध्यक्ष को दी गई और न ही कोई पत्र उपलब्ध कराया गया। कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बैठक की सूचना पत्र अथवा अन्य माध्यमों से दी गई थी, जबकि कांग्रेस को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया। पार्टी ने इसे लोकतांत्रिक परंपराओं एवं निर्धारित प्रोटोकॉल के विपरीत बताया है। प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने इस मामले की जांच कराने तथा दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं उपायुक्त, पाकुड़ से आग्रह किया है कि भविष्य में आयोजित होने वाली सभी सर्वदलीय बैठकों की सूचना सभी राजनीतिक दलों को समय पर उपलब्ध कराई जाए। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन का रवैया इसी प्रकार बना रहा तो पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होगी। पार्टी ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सभी दलों की समान भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

## राहुल गांधी पेपर लीक मुद्दे पर BJP के खिलाफ खोलेंगे मोर्चा, पटना में 11 जुलाई को करेंगे स्टूडेंट सम्मेलन



**पटना।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी देशभर में छात्रों और युवाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर 'छात्र सम्मेलन' आयोजित करने जा रहे हैं। भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 11 जुलाई को पटना में राहुल गांधी छात्रों को संबोधित करेंगे। यह सम्मेलन शिक्षा व्यवस्था में सुधार, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक और युवाओं के रोजगार संबंधी मुद्दों पर केंद्रित रहेगा। युवा कांग्रेस के अनुसार सम्मेलन के माध्यम से छात्रों की समस्याओं और मांगों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में विशेष रूप से नीट सहित अन्य भर्ती एवं प्रवेश परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं, पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने जैसे विषय प्रमुख रहेंगे।

## खेलो इंडिया अस्मिता साइकिलिंग सिटी लीग का शानदार आयोजन, बालिकाओं ने दिखाया दमखम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पाकुड़, झारखंडः-** खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत महिलाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने एवं साइकिलिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पाकुड़ शहर के बैंक कॉलोनी में खेलो इंडिया अस्मिता साइकिलिंग सिटी लीग का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन पाकुड़ जिला साइकिलिंग संघ द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बालिकाओं, खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन नगर परिषद अध्यक्ष शबरी पाल, जिला खेलकूद पदाधिकारी राहुल कुमार, पाकुड़ जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अर्धेंदु शेखर गांगुली, उपाध्यक्ष सुजीत विद्यार्थी, सामाजिक कार्यकर्ता सोमनाथ पाल तथा एथलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष जयदेव कुमार ने संयुक्त रूप से गुब्बारे उड़ाकर एवं हरी झंडी दिखाकर किया। उद्घाटन समारोह के दौरान अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों में निरंतर भागीदारी का आह्वान किया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग की बालिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सब जूनियर बालिका वर्ग में कल्याणी सरकार ने प्रथम, अंकिता मंडल ने द्वितीय तथा साक्षी कुमारी पासवान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर बालिका वर्ग में सुधा कुमारी प्रथम, आशा हांसदा द्वितीय एवं लक्ष्मी भगत तृतीय स्थान पर रहीं। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के बालक खिलाड़ियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष शबरी पाल ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बालक-बालिकाओं में ऊर्जा, आत्मविश्वास एवं अनुशासन का विकास करती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों से अब छोटे शहरों के खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतर अवसर मिल रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रोत्साहन एवं खेल गतिविधियों के विकास के लिए नगर परिषद की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। पाकुड़ जिला साइकिलिंग संघ के सचिव रणवीर सिंह ने बताया कि विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी खेलो इंडिया अस्मिता साइकिलिंग सिटी लीग का आयोजन किया गया। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला साइकिलिंग संघ के संयुक्त सचिव पंकज अग्रवाल, प्रवीण कुमार, अक्षय बावरी, जगबंधु दास, नारायण चंद्र रॉय, अनिल भगत, अज्जू मंडल, रोहित कुमार, नीतीश कुमार सहित अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मनोरमा जनजागृति यात्रा को ऐतिहासिक बनाने हेतु गांव-गांव व्यापक जनसंपर्क अभियान तेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के समाज सेवी एवं भाजपा नेता चंद्रमणि पांडे सुदामा द्वारा मनोरमा नदी को स्वच्छ एवं अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से आगामी 15 जून दिन सोमवार को प्रस्तावित 'मनोरमा जनजागृति मोटरसाइकिल यात्रा' को ऐतिहासिक बनाने के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा जी' द्वारा व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। यात्रा की सफलता हेतु पाण्डेय लगातार गांव-गांव जाकर किसानों, नौजवानों, बुद्धिजीवियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से संपर्क कर उन्हें जल संरक्षण एवं नदी स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहे हैं। पाण्डेय ने कहा कि डीजल, पेट्रोल एवं रसोई गैस जैसी आवश्यक वस्तुओं के विकल्प उपलब्ध हैं, किन्तु जल का कोई विकल्प नहीं है। यदि समाज स्वच्छ जल से वंचित हो गया तो जनजीवन संकट में पड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि पानी के बिना जीवन की कल्पना भी संभव नहीं है, इसलिए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह नदियों एवं जलाशयों में कूड़ा-कचरा अथवा अन्य अपशिष्ट पदार्थ न डाले तथा जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हुए जलस्रोतों की सुरक्षा के लिए आवाज उठाए। उन्होंने कहा कि लगभग 125 किलोमीटर लंबी मनोरमा नदी की स्थायी सफाई केवल जनसहयोग से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए सरकारी मशीनरी एवं प्रशासनिक इच्छाशक्ति भी आवश्यक है। आंशिक रूप से साफ किए गए स्थानों पर कुछ ही दिनों में ऊपर से बहकर आने वाला मलबा पुनः जमा हो जाता है, जिससे सफाई अभियान का प्रभाव समाप्त हो जाता है। ज्ञातव्य है कि पाण्डेय पिछले लगभग डेढ़ दशक से मनोरमा नदी की सफाई एवं संरक्षण के लिए संघर्षरत हैं। उन्होंने इस अवधि में ज्ञापन, धरना-प्रदर्शन, जनजागरण अभियान तथा कानूनी लड़ाई के माध्यम से लगातार आवाज उठाई है। इतना ही नहीं, मखौड़ा धाम एवं पंडूलघाट क्षेत्र के युवाओं के सहयोग से 18 दिनों तक चले श्रमदान अभियान में लगभग 1500 कुंतल से अधिक मलबा हटाकर करीब दो किलोमीटर नदी की सफाई भी कराई गई। इसके बावजूद जिला प्रशासन से अपेक्षित सहयोग न मिलने पर उन्हें धरना एवं भूख हड़ताल का भी सहारा लेना पड़ा। आंदोलन के दौरान प्रशासन द्वारा 9 अप्रैल 2026 को मनोरमा सफाई कार्य प्रारंभ कराने तथा 7 मई 2026 को एक माह के भीतर अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया गया था, किन्तु अब तक धरातल पर कोई उल्लेखनीय प्रगति दिखाई नहीं दे रही है। ऐसी परिस्थितियों में मखौड़ा धाम से जिलाधिकारी कार्यालय बस्ती तक प्रस्तावित मनोरमा जनजागृति यात्रा को नदी संरक्षण के लिए जनचेतना का एक बड़ा अभियान माना जा रहा है। अब जनपदवासियों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि श्री पाण्डेय के इस अभियान को कितना जनसमर्थन प्राप्त होता है तथा प्रशासन अपने आश्वासनों के अनुरूप मनोरमा सहित अन्य जलाशयों को स्वच्छ एवं अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए कब और कितनी प्रभावी कार्रवाई करता है। 'स्वच्छ जलाशय - स्वस्थ समाज, दूषित जलाशय - कुपोषित समाज' के संदेश के साथ आयोजित होने वाली इस यात्रा में क्षेत्र के किसानों, युवाओं, सामाजिक संगठनों एवं पर्यावरण प्रेमियों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

### पटना के VIP इलाके में दिनदहाड़े 3 लाख की चेन स्नैचिंग

**पटना।** पटना में बेखौफ अपराधियों का तांडव लगातार जारी है। इस बार बदमाशों ने कदमकुआं थाना क्षेत्र के वीआइपी इलाके को निशाना बनाया है। जहां दिनदहाड़े एक सरकारी आवास के गेट पर खड़ी महिला से सोने की चेन लूट ली गई। घटना कदमकुआं थाने के काजीपुर इलाके का है। रोड नंबर 1 स्थित मकान संख्या 10 (सरकारी आवास) के बाहर शुक्रवार की देर शाम करीब छह बजे अर्चना कुमारी अपने बच्चों के साथ खड़ी थीं। वह घर के मुख्य द्वार पर ही मौजूद थीं कि इसी बीच एक बाइक पर सवार दो अपराधी वहां पहुंचे। जब तक अर्चना कुछ समझ पातीं, बाइक के पीछे बैठे बदमाश ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन खींच ली। अर्चना कुमारी के पति राजेश कुमार त्रिवेदी पटना के जिलाधिकारी (डीएम) कार्यालय में स्टेनो के पद पर कार्यरत हैं। वीआइपी सुरक्षा वाले क्षेत्र में इस तरह की वारदात से प्रशासनिक महकमे में भी हड़कंप मच गया है। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों शातिर अपराधी तेजी से दक्षिण दिशा की ओर फरार हो गए। पीड़िता के अनुसार लूटी गई सोने की चेन करीब 20 ग्राम की थी, जिसकी मौजूदा बाजार कीमत लगभग तीन लाख रुपए आंकी जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही कदमकुआं थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरिजन करमा में बाल संसद का हुआ गठन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** बीते शनिवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरिजन कर्मा में एक कार्यक्रम आयोजित कर बाल संसद का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक सुरेंद्र कुमार दास ने की और संचालन उपेन्द्र कुमार वर्मा के द्वारा किया गया लोकतांत्रिक तरीके से की गई इस गठन में सर्वप्रथम सांसदों का चयन किया गया तत्पश्चात चयनित सांसदों के द्वारा विभिन्न मंत्रियों का चयन किया गया जिसमें प्रधानमंत्री के रूप में हरियाली कुमारी और उप प्रधानमंत्री आभा कुमारी ने बाजी मारी। अन्य मंत्रियों में स्वास्थ्य मंत्री लक्ष्मी कुमारी उप स्वास्थ्य मंत्री सौम्या परवीन स्वच्छता मंत्री स्नेहल शर्मा उप स्वच्छता मंत्री कुनाल कुमार सुरक्षा एवं न्याय मंत्री आशीष कुमार यादव उप सुरक्षा एवं न्याय मंत्री रितेश कुमार पोषण मंत्री काजल कुमारी उप पोषण मंत्री पूजा कुमारी उपस्थिति मंत्री कुणाल कुमार उप उपस्थिति मंत्री सिद्धार्थ कुमार शर्मा शिक्षा मंत्री उर्वशी कुमारी उप शिक्षा मंत्री सीमा कुमारी कौशल विकास मंत्री हेमांशु कुमारीउप कौशल विकास मंत्री संजना कुमारी पर्यावरण मंत्री प्रवीण कुमार उप पर्यावरण मंत्री आदित्य कुमार खेलकूद एवं संस्कृति मंत्री रूबल कुमार पासवान उप खेलकूद एवं संस्कृति मंत्री सतीश कुमार संचार एवं संपर्क मंत्री अनुराग कुमार गुप्ता उप संचार एवं संपर्क मंत्री कुंदन कुमार और छात्रवृत्ति मंत्री के रूप में मीनाक्षी कुमारी चयन किया गया ।चयनित मंत्रियों को बाल संसद के गठन का उद्देश्य चयनित मंत्रियों को उनके कार्य और दायित्व को विस्तार से बताते हुए प्रधानाध्यापक के द्वारा मंत्रियों को शपथ ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेश भुइयां शिक्षक विजय प्रसाद शैलेंद्र कुमार चौरसिया बिंदुल देवी रामदास राम संयोजिका रिंकी देवी उपस्थित थी।

## खतरनाक पहाड़ी मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही रोकने की मांग, झामुमो युवा नेता ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंडः-** चंदवा-लुकिया मोड़-चापी-लोहरदगा मार्ग पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) युवा जिला समिति ने चिंता जताई है। समिति के जिला उपाध्यक्ष अंकित तिवारी ने उपायुक्त लातेहार को ज्ञापन सौंपकर इस मार्ग पर भारी वाहनों के परिचालन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि यह मार्ग पहाड़ी, घुमावदार तथा कई स्थानों पर खतरनाक चढ़ाई और ढलान से युक्त है, जिसके कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। खासकर लोहरदगा की ओर से आने वाले भारी वाहन ढलान पर कई बार अनियंत्रित हो जाते हैं, जिससे आम लोगों की जान-माल को गंभीर खतरा बना रहता है। अंकित तिवारी ने बताया कि कई भारी वाहन चालक कुछ किलोमीटर की दूरी बचाने के लिए इस जोखिमपूर्ण मार्ग का उपयोग करते हैं, जबकि चंदवा-कुडू-लोहरदगा मार्ग अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित और सुगम है। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों में इस सड़क पर कई गंभीर हादसे हो चुके हैं, जिनमें लोगों की जान गई है और कई लोग घायल हुए हैं। झामुमो युवा जिला समिति ने प्रशासन से मांग की है कि चंदवा-लुकिया मोड़-चापी-लोहरदगा मार्ग पर हाइवा, ट्रक, ट्रेलर एवं अन्य भारी मालवाहक वाहनों के परिचालन पर रोक लगाई जाए तथा उन्हें वैकल्पिक मार्ग से संचालित किया जाए। इसके अलावा दुर्घटना संभावित स्थलों पर चेतावनी बोर्ड, गति सीमा संकेतक और अन्य सुरक्षा उपाय स्थापित करने, नियमित जांच अभियान चलाने तथा मार्ग का तकनीकी सर्वेक्षण कर स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की भी मांग की गई है। समिति ने उम्मीद जताई है कि जिला प्रशासन जन सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इस गंभीर मुद्दे पर शीघ्र आवश्यक कदम उठाएगा, ताकि भविष्य में दुर्घटनाओं को रोका जा सके और लोगों की जान सुरक्षित रह सके।

### रेलवे ट्रैक के पास अज्ञात युवती गंभीर हालत में मिली, इलाज के दौरान मौत

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के घनश्यामपुर-सराय जगदीश मार्ग स्थित भीमपुर शिवाला मंदिर के पास शनिवार सुबह रेलवे ट्रैक के किनारे एक अज्ञात युवती गंभीर हालत में मिली। उपचार के दौरान जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब पांच बजे ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक के पास एक युवती को घायल अवस्था में पड़े देखा। युवती बेहोश थी तथा उसके शरीर पर कई स्थानों पर चोट के निशान थे। कपड़े भी फटे हुए बताए गए हैं। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती को सरकारी एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा युवती की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। खबर लिखे जाने तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

## पटना के मसौढ़ी मुठभेड़ में बड़ा खुलासाः OLX ट्रैप में फंसाकर युवक की हत्या की थी प्लानिंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटना।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के मनीचक गांव के समीप शुक्रवार की शाम हुई पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। जांच में सामने आया है कि अपराधियों ने ओएलएक्स पर आइफोन 14 प्रो बेचने का झांसा देकर एक युवक को जाल में फंसाया था। उनकी योजना युवक से मारपीट कर रुपये वसूलने, एटीएम से पैसे निकलवाने और बाद में उसकी हत्या कर शव ठिकाने लगाने की थी। एसपी पूर्वी परिचय कुमार ने शनिवार को प्रेस वार्ता में बताया कि इस पूरी साजिश का मास्टरमाइंड मंटू यादव है। अपहृत युवक से उसका पुराना विवाद चल रहा था। बदला लेने के लिए उसने अपने साथी हैदर अली को युवक की हत्या की सुपारी दी थी। वारदात को अंजाम देने के लिए मंटू यादव ने अपराधियों को हथियार और कारतूस भी उपलब्ध कराए थे। पुलिस ने इस मामले में अब तक आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में अंतय कुमार, अमन कुमार, प्रिंस कुमार, सूरज कुमार, लक्की कुमार, आदित्य कुमार, आशीष कुमार और गोपाल कुमार शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, मुठभेड़ के दौरान लक्की कुमार और हैदर अली ने पुलिस टीम पर सीधे फायरिंग की थी। एसपी ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे मसौढ़ी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि मनीचक गांव के समीप खेत में कुछ अपराधियों ने एक युवक का अपहरण कर रखा है। और उसके साथ मारपीट की जा रही है। सूचना मिलते ही अपर थानाध्यक्ष राहुल कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। अपराधियों की ओर से करीब छह राउंड गोलियां चलाई गईं, जिसमें अपर थानाध्यक्ष राहुल कुमार के पैर में गोली लगी। जबकि एएसआइ संजय कुमार के हाथ में गोली लगी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी छह राउंड फायरिंग की, जिसमें मुख्य अपराधी हैदर अली गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मौके से अपहृत युवक को सकुशल बरामद कर लिया। वहीं घायल हैदर अली को उसके साथी पुलिस से बचाने के लिए इधर-उधर अस्पतालों में लेकर घूमते रहे। पहले उसे पुनपुन पीएचसी ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने पीएमसीएच रेफर कर दिया। लेकिन पकड़े जाने के डर से अपराधी उसे पीएमसीएच नहीं ले गए। बाद में मैक्स अस्पताल पहुंचे, जहां इलाज से इनकार कर दिया गया। अंततः हैदर को पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने तकनीकी सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की गतिविधियों को ट्रैक किया। छापेमारी के दौरान तीन देसी पिस्टल, चार देसी कट्टा, 11 कारतूस, एक 12 बोर की गोली, छह खोखा, दो मोबाइल फोन और एक चारपहिया वाहन बरामद किया गया। इसके अलावा मंटू यादव के घर से 3.98 लाख रुपये नकद और गिरफ्तार अपराधियों के पास से 7,200 रुपये बरामद हुए। कुल मिलाकर पुलिस ने 4.06 लाख रुपये नकद जब्त किए हैं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि हैदर अली और उसके साथी पूर्व से लूट, हत्या, आर्म्स एक्ट और आपराधिक साजिश जैसे मामलों में शामिल रहे हैं। हैदर अली के खिलाफ मसौढ़ी थाने में हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के कई मामले दर्ज थे। वह कुछ महीने पहले ही जेल से बाहर आया था। फिलहाल इस पूरे मामले का मुख्य साजिशकर्ता मंटू यादव और उसका साथी बिट्टू फरार हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## थाना समाधान दिवस में दर्ज कराई गई 10 शिकायतें



**कोंच (जालौन)**– कोतवाली परिसर में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में राजस्व एवं पुलिस विभाग से जुड़ी 10 शिकायतें फरियादियों द्वारा दर्ज कराई गई जिनमें से मौके पर 3 शिकायतें ही निस्तारित हो सकी, शेष लंबित शिकायतों के निस्तारण हेतु कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह ने आए हुए फरियादियों की शिकायतें सुनी। निजी और सरकारी आराजी पर अवैध कब्जे की शिकायतें अधिक रही। प्रभारी निरीक्षक ने राजस्व एवं पुलिस की गठित संयुक्त टीमों को मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय सीमा के भीतर शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि एक ही शिकायत बार बार सामने नहीं आनी चाहिए। इस मौके पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार, उप निरीक्षक अशोक वर्मा, लेखपाल दिग्विजय, लेखपाल अखिलेश कुशवाहा, सुयश पाठक, दिनेश कुमार, प्रेमकिशोर सहित नगर पालिका कार्यालय से शहजादउद्दीन आदि कर्मी मौजूद रहे।

## नदीगांव पुलिस ने गिरफ्तार किए दो अभियुक्त, तमंचा कारतूस सहित गृहभेदन सामग्री बरामद

**कोंच(जालौन)**– थाना नदीगांव पुलिस ने तमंचा कारतूस सहित गृहभेदन सामग्री के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार उक्त दोनों अभियुक्त चोरी की किसी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। सर्किल कोंच के थाना नदीगांव के थानाध्यक्ष शशिकांत चौहान की अगुवाई में उप निरीक्षक मुकेश द्विवेदी, कांस्टेबल देवेश कुमार, गजेंद्र सिंह, सुमित पाठक ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर नदीगांव कस्बा स्थित गौरैया माता मंदिर तिराहे से विनय शर्मा उर्फ सौरभ पुत्र कमलेश और रिंकू शर्मा पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम लोहई थाना नदीगांव को गिरफ्तार कर लिया। जामातलाशी में पुलिस ने इनके पास से 315 बोर का एक अवैध देशी तमंचा, दो जिंदा कारतूस, लोहे का सब्बल, लोहे का कटर, चाकू, प्लास बरामद किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ दफा 313बीएनएस, 3/25 व 4/25 आर्म्स एक्ट में एफआईआर दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त दोनों गिरफ्तार अभियुक्त कस्बा नदीगांव में चोरी की वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। इनके आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाने के लिए आसपास के थानों से संपर्क किया जा रहा है।

## कोंच पहुंचे ददरऊआ धाम के महाराज ने भक्तों को दिया आशीर्वाद



**कोंच(जालौन)**– नगर में कमला नेहरू बालिका इंटर कॉलेज के समीप सिद्धपीठ माँ भुवनेश्वरी मंदिर में चल रहे धार्मिक अनुष्ठान के क्रम में शुक्रवार की देर शाम मध्यप्रदेश के सुप्रसिद्ध ददरऊआ धाम के महंत रामदास महाराज का आगमन हुआ। उनके मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं और मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया। मंदिर परिसर में बीती 16 मई से पार्थेश्वर निर्माण एवं महारुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को मंदिर पहुंचे रामदास महाराज ने माँ भुवनेश्वरी के दर्शन एवं पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वचन में धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर यज्ञोपवीत, जनेऊ संस्कार एवं दीक्षा कार्यक्रम भी संपन्न कराया गया। रामदास महाराज के आगमन पर मंदिर के महंत शिवकांत शास्त्री, अखिलेश बबेले, मृदुल दांतरे, रामकिशोर पुरोहित, विष्णुकांत शास्त्री, मनोज सीरोठिया सहित अन्य तमाम श्रद्धालुओं ने माल्यार्पण और चरण वंदन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया, साथ ही मंत्रोच्चार के बीच उनकी आरती उतारी।

# लक्ष्मीनगर गौशाला में दम तोड़ती व्यवस्थाएं

● हरे चारे के अभाव में भूख से जूझ रहे गौवंश, करोड़ों की सरकारी योजनाओं पर उठे गंभीर सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता









**बलरामपुर।** प्रदेश सरकार गौवंश संरक्षण को लेकर लगातार बड़े-बड़े दावे कर रही है। गौशालाओं के संचालन, चारा, पेयजल और चिकित्सा सुविधाओं पर हर वर्ष करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन विकासखंड क्षेत्र की लक्ष्मीनगर गौशाला की तस्वीर इन दावों की हकीकत बयां करती नजर आ रही है। यहां संरक्षित गौवंश बदहाल व्यवस्थाओं के बीच जीवन गुजारने को मजबूर हैं। हरे चारे की कमी और देखरेख में लापरवाही के कारण कई पशु कमजोर, बीमार और कुपोषित दिखाई दे रहे हैं।

गौशाला की स्थिति देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि कागजों पर चल रही योजनाएं धरातल पर दम तोड़ रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों और पशुप्रेमियों का आरोप है कि गौवंशों के लिए पर्याप्त हरे चारे की व्यवस्था नहीं की जा रही है। कई बार शिकायतों के बावजूद हालात में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ। उनका कहना है कि जिन बेजुबान पशुओं के संरक्षण के लिए सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वही गौवंश आज भूख और अव्यवस्था का दंश झेलने को विवश हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गौशाला में नियमित निगरानी और प्रभावी प्रबंधन का अभाव है। पशुओं के लिए उपलब्ध कराए जाने वाले संसाधनों का सही उपयोग नहीं हो रहा, जिसके चलते गौवंशों की हालत दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधरी तो किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता।

**गौसंरक्षण के दावों पर लगा प्रश्नचिह्न**

सरकार गौवंश संरक्षण को लेकर संवेदनशील होने का दावा करती है और इसके लिए भारी बजट भी आवंटित किया जाता है, लेकिन लक्ष्मीनगर गौशाला की तस्वीर इन दावों पर बड़ा प्रश्नचिह्न लगा रही है। सवाल यह है कि जब चारा, पानी और चिकित्सा सुविधाओं के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है तो आखिर गौवंशों तक उसका लाभ क्यों नहीं पहुंच रहा?

**जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल**

गौशाला की बदहाल स्थिति ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली को भी कटघरे में खड़ा कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय-समय पर प्रभावी निरीक्षण और निगरानी होती तो शायद आज यह स्थिति पैदा नहीं होती। ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदारों की उदासीनता का खामियाजा बेजुबान गौवंश भुगत रहे हैं।

**जांच और कार्रवाई की उठी मांग**

गौशाला की स्थिति को लेकर ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और पशुप्रेमियों में भारी नाराजगी है। उन्होंने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जांच में किसी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या वित्तीय गड़बड़ी सामने आती है तो दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए तथा गौवंशों के लिए तत्काल हरे चारे, स्वच्छ पेयजल और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

**बड़ा सवाल**

क्या गौसंरक्षण केवल सरकारी फाइलों और दावों तक सीमित रह गया है?

जब करोड़ों रुपये खर्च हो रहे हैं तो लक्ष्मीनगर गौशाला में गायों को भरपेट हरा चारा और बुनियादी सुविधाएं क्यों नहीं मिल पा रही हैं?

क्या जिम्मेदारों की जवाबदेही तय होगी या फिर बेजुबान गौवंश यूं ही अव्यवस्था और लापरवाही का शिकार बने रहेंगे?

**बोले खंड विकास अधिकारी**

खंड विकास अधिकारी ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। गौशाला की स्थिति की जांच कराई जाएगी। यदि किसी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही गौवंशों के लिए चारा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाएगी।

# वन विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने उठाई 10 सूत्रीय मांगें

● पुरानी पेंशन बहाली की मांग तेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** चतुर्थ श्रेणी वन कर्मचारी संघ वन विभाग जिला शाखा ललितपुर की एक आवश्यक बैठक स्थानीय चंद्रशेखर उद्यान पार्क में जिलाध्यक्ष आनंद स्वरूप रजक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वर्ष 1986-87 से पूर्व से वन विभाग में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की समस्याओं एवं मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि वन विभाग में वर्ष 1986-87 से पूर्व से सेवाएं दे रहे कर्मचारियों ने विभाग के प्रति पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य किया है, लेकिन आज भी उन्हें कई महत्वपूर्ण सुविधाओं से वंचित रखा गया है। उन्होंने शासन एवं प्रशासन को कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु 10 सूत्रीय मांगपत्र भेजे जाने की जानकारी दी। संघ ने मांग की कि वर्ष 1986-87 से पूर्व कार्यरत कर्मचारियों को वेतन वृद्धि, विभिन्न भत्तों तथा बकाया एरियर का लाभ प्रदान किया जाए। इसके साथ ही कर्मचारियों को पुरानी



चंद्रशेखर उद्यान पार्क में वन विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी बैठक करते हुये

पेंशन योजना का लाभ दिया जाए तथा शासनादेश के अनुरूप समय रहते विकल्प पत्र भरवाकर उन्हें जीपीएफ आधारित पुरानी पेंशन व्यवस्था से जोड़ा जाए। बैठक में कर्मचारियों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई तथा मांगों के शीघ्र निराकरण के लिए शासन से प्रभावी कार्रवाई करने का आग्रह किया गया। इस दौरान वन दरोगा संघ जिलाध्यक्ष मुन्नालाल दुबे, सेवानिवृत्त रेंजर मोइनुद्दीन, चंदूलाल, मगनलाल, सकूलाल, लक्ष्मण, कमल सिंह, करतार सिंह, जय सिंह, संतोष, मुन्ना, मानसिंह, पुराण, मलिया रैकवार, गंभीर, हरचरण तिवारी, अमर सिंह सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विधायक ने कार्यकर्ताओं संग चलाया जनसंपर्क अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच (जालौन)**– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी नगर इकाई कोंच द्वारा नगर में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान के तहत नगर के विभिन्न मोहल्लों में पहुंचकर प्रबुद्ध जनों से भेंट एवं संवाद स्थापित किया गया तथा केंद्र सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की गई।

जनसंपर्क अभियान में विधायक मूलचन्द्र निरंजन ने सहभागिता करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनहित के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है जिससे आम जनता के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आया है। भाजपा नगर



अध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने नगरवासियों से संवाद करते हुए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और उनका लाभ उठाने का आह्वान किया। इस मौके पर अनिल कपूर, राजेन्द्र दुबे, ओमप्रकाश कुशवाहा, शिवसिंह, सुनील शर्मा, अनिल वर्मा, नरेश कुशवाहा, अनिल अग्रवाल, महावीर गुप्ता, अरविंद निरंजन, सुशील दूरवार, विनोद सोनी, गौरव तिवारी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## साइबर ठगी के शिकार किसान को मिली राहत

**जाखलौन पुलिस ने वापस कराए 25 हजार रुपये**

**यूपीआई फ्रॉड में ठगे गए थे 53,100 रुपये, शेष धनराशि वापस दिलाने की कार्रवाई जारी**

**ललितपुर।** साइबर अपराध के मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना जाखलौन पुलिस ने साइबर ठगी के एक मामले में पीड़ित को बड़ी राहत दिलाई है। पुलिस की प्रभावी कार्रवाई के परिणामस्वरूप साइबर फ्रॉड के शिकार हुए व्यक्ति के खाते में 25,275 रुपये की धनराशि वापस कराई गई है, जबकि शेष राशि वापस दिलाने की प्रक्रिया जारी है। एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन में थाना जाखलौन पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई। ग्राम बारौद निवासी प्रदीप कुमार पुत्र भगवान दास के साथ यूपीआई के माध्यम से 53,100 रुपये की साइबर ठगी हो गई थी। पीड़ित ने घटना की शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज कराई थी। शिकायत प्राप्त होते ही थाना जाखलौन की साइबर हेल्प डेस्क टीम सक्रिय हुई और शिकायतकर्ता द्वारा उपलब्ध कराए गए बैंक संबंधी दस्तावेजों एवं अन्य अभिलेखों का परीक्षण किया।

# बुन्देलखण्ड के 100 विरासत वट वृक्ष दस्तावेजीकरण अभियान

● नेहरू महाविद्यालय के ऐतिहासिक वट वृक्ष का हुआ अभिलेखीकरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड के 100 विरासत वट वृक्ष दस्तावेजीकरण अभियान के अंतर्गत मानव ऑर्गेनाइजेशन, विकासार्थ विद्यार्थी (अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद), भारतीय जैव विविधता संरक्षण संस्थान तथा गौरैया बचाओ अभियान के प्रतिनिधियों ने नगर स्थित नेहरू महाविद्यालय ललितपुर परिसर में पहुंचकर वहां स्थित ऐतिहासिक वट वृक्ष का अभिलेखीकरण किया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डा.ओमप्रकाश शास्त्री ने वृक्ष के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 1968 में महाविद्यालय की स्थापना के समय तत्कालीन मंत्री डा.शादी लाल दुबे, आयुक्त झांसी मंडल श्याम सुंदर लाल कक्कड़ तथा तत्कालीन जिलाधिकारी श्याम बिहारी लाल द्वारा इस वट वृक्ष का रोपण किया गया था। लगभग छह दशक बाद आज यह वृक्ष एक विशाल स्वरूप धारण कर चुका है और इसकी छत्रछाया में हजारों विद्यार्थियों ने शिक्षा प्राप्त कर जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। डा.शास्त्री ने कहा कि यह वृक्ष महज एक पेड़ नहीं, बल्कि महाविद्यालय परिवार का जीवंत सदस्य है। उन्होंने बताया कि अब शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी इस वट वृक्ष को स्नेहपूर्वक बूढ़े काका कहकर संबोधित करेंगे। धार्मिक दृष्टि से वट वृक्ष को देव वृक्ष माना जाता है तथा यह भारत का राष्ट्रीय वृक्ष भी है। उन्होंने यह भी बताया कि विरासत वृक्ष संरक्षण की दृष्टि से शीघ्र ही इसके चारों ओर एक सुदृढ़ चबूतरे का निर्माण कराया जाएगा, जिससे इसकी सुरक्षा और संरक्षण को और मजबूती मिल सके। मानव ऑर्गेनाइजेशन एवं गौरैया बचाओ अभियान के संयोजक पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र के प्राचीन वट वृक्ष केवल पर्यावरणीय महत्व ही नहीं रखते, बल्कि वह हमारी सामाजिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के भी महत्वपूर्ण प्रतीक हैं। ऐसे वृक्षों का दस्तावेजीकरण भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य धरोहर सिद्ध होगा तथा इनके संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ेगी। विकासार्थ विद्यार्थी (अ.भा.वि.प.) के कानपुर प्रान्त सह-प्रमुख डा.राजीव कुमार निरंजन ने कहा कि संगठन का प्रत्येक सदस्य इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने तथा अधिकाधिक विरासत वृक्षों की पहचान एवं संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं की सहभागिता के बिना पर्यावरण संरक्षण का कोई भी अभियान पूर्ण नहीं माना जा सकता। पर्यावरण पत्रकार अमित लखेरा ने कहा कि नेहरू महाविद्यालय का यह वट वृक्ष केवल एक वनस्पति नहीं, बल्कि ललितपुर के शैक्षणिक इतिहास का जीवंत साक्षी है। ऐसे वृक्ष स्थानीय इतिहास, लोक स्मृतियों और सामाजिक चेतना को संरक्षित रखने का कार्य



वट वृक्ष का अभिलेखीकरण करते पर्यावरणविद पुष्पेन्द्र सिंह व प्राचाय

करते हैं। इसलिए इनके संरक्षण को जनभागीदारी से जुड़े व्यापक जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाना चाहिए। अभियान के दौरान उपस्थित सदस्यों ने महाविद्यालय प्रशासन द्वारा वृक्ष संरक्षण के प्रति दिखाई जा रही संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए इसे पूरे बुंदेलखंड के लिए प्रेरणादायी पहल बताया। अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के 100 प्राचीन एवं विरासत वट वृक्षों का दस्तावेजीकरण कर उनके संरक्षण एवं संवर्धन हेतु व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर अंकित चौबे तथा महाविद्यालय परिवार के माली सुरेश पाल का विशेष सहयोग रहा। अभियान के संयोजकों ने जनसामान्य से अपील की है कि यदि उनके आसपास कोई प्राचीन, ऐतिहासिक या विरासत महत्व का वट वृक्ष है, तो उसकी जानकारी एवं फोटो 9452856288 अथवा 9235262399 पर साझा कर इस संरक्षण अभियान में सहभागी बनें।

# डीएम की त्वरित कार्रवाई से गरीब किसान की बच गई जमीन

● गलत रिपोर्ट पर लेखपाल पर कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** दलित की जमीन के बैनामे की अनुमति के लिए पहुंची फाइल की जांच के दौरान जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की सतर्कता से एक बड़ा मामला उजागर हो गया। वर्षों से दबंग के कब्जे से परेशान दलित परिवार की व्यथा सुनकर जिलाधिकारी ने न केवल मामले की तत्काल जांच के आदेश दिए, बल्कि गलत आख्या लगाने वाले राजस्व कर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिए। प्रशासन की सक्रियता के बाद आरोपी ने जमीन पर कब्जा छोड़ने का लिखित आश्वासन दे दिया।

मामला तहसील तालबेहट के ग्राम खांदी के मजरा गनेशपुरा से जुड़ा है। बताया गया कि तरगुवा के आजादपुरा निवासी एक दलित की जमीन पर गांव का एक दबंग युवक कई वर्षों से खेती कर रहा था। कब्जा न हटने और फसल का लाभ न मिलने से परेशान दलित परिवार पर जमीन बेचने का दबाव बनाया जा रहा था। इसी क्रम में जमीन के बैनामे की अनुमति के लिए आवेदन जिलाधिकारी के समक्ष पहुंचा।

फाइल में लेखपाल और अन्य राजस्व अधिकारियों की ओर से विक्रय का कारण बीमारी के इलाज के लिए धन की आवश्यकता बताया गया था। जिलाधिकारी ने जब विक्रेता को बुलाकर उससे सीधे बातचीत की तो मामला पूरी तरह अलग निकला। दलित परिवार ने बताया कि वह जमीन बेचना नहीं चाहता, बल्कि वर्षों से दबंग के कब्जे के कारण मजबूरी में ऐसा कदम उठाने को विवश हो रहा है। यह सुनते ही जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी भूपेंद्र सिंह को पूरे प्रकरण की जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रशासन की सख्ती के बाद आरोपी को तलब किया गया। कार्रवाई की आशंका के चलते उसने दलित की जमीन पर कब्जा छोड़ने संबंधी लिखित पत्र प्रशासन को सौंप दिया।

**जमीन वापस मिलने की उम्मीद में छलके आंसू**

उपजिलाधिकारी भूपेंद्र सिंह ने जब पीड़ित दलित को उसकी जमीन पर कब्जा दिलाने की कार्रवाई का भरोसा दिया तो उसकी आंखों से आंसू छलक पड़े। उसने मौके पर ही प्रशासन और जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया।

**गलत आख्या देने वाले लेखपाल पर कार्रवाई**

मामले में प्रथम दृष्टया गलत आख्या देने





के आरोप में संबंधित लेखपाल आलोक कुमार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उपजिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि राजस्व अभिलेखों और जांच रिपोर्ट में लापरवाही या भ्रामक जानकारी देने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

**दलितों की जमीनों पर नजर रखने वाले गिरोह पर भी उठे सवाल**

इस प्रकरण के सामने आने के बाद क्षेत्र में सक्रिय उन कथित सिंडिकेटों पर भी सवाल खड़े हो गए हैं, जिन पर दलित और कमजोर वर्ग के किसानों की जमीनों का औने-पौने दामों में बैनामा कराने का आरोप लगता रहा है। प्रशासन अब ऐसे मामलों की भी पड़ताल कर सकता है। जिलाधिकारी की सक्रियता से वर्षों से जमीन से बेदखल दलित परिवार में न्याय की उम्मीद जगी है, वहीं राजस्व विभाग में भी इस कार्रवाई के बाद हड़कंप मचा हुआ है।

# ग्राम सभा पवा की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप

● ग्राम सभा और वनभूमि से अवैध कटान का भी आरोप

● ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** कोतवाली तालबेहट क्षेत्र की ग्राम पंचायत पवा में ग्रामसभा की भूमि पर अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कई शिकायतों के बावजूद प्रशासन की ओर से अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, जिससे कब्जाधारियों को निर्माण कार्य पूरा करने का अवसर मिल गया। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान के संरक्षण में ग्रामसभा की भूमि पर कब्जा किया गया है। साथ ही क्षेत्र में बड़े स्तर पर अवैध वृक्ष कटान भी कराया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पावर प्लांट के कार्यों





की आड़ में जंगलों से लकड़ी काटी जा रही है और रातों-रात ट्रॉलियों के माध्यम से लकड़ी को ठिकाने लगाया जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ लोगों द्वारा नहरों और पुलियों को क्षतिग्रस्त कर भारी मशीनरी एवं वाहनों की आवाजाही कराई जा रही है, जिससे सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंच रहा है। उनका कहना है कि इस संबंध में कई बार शिकायतें की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार की सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की नीति का हवाला देते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## उधार के रुपये मांगना पड़ा भारी

**दबंग भाइयों ने युवक को लाठी-डंडों से पीटा**

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के ग्राम सेमरा भागनगर में उधार दिए गए रुपये वापस मांगना एक युवक को महंगा पड़ गया। आरोप है कि रुपये मांगने पर दो सगे भाइयों ने युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम सेमरा भागनगर निवासी पहिलवान सिंह पुत्र दशरथ सिंह राजपूत ने बताया कि 11 जून 2026 की शाम करीब 4.30 बजे वह अपने घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान गांव के निवासी मंगल सिंह पुत्र बृजभान सिंह राजपूत वहां से निकले। पहिलवान सिंह ने उनसे पूर्व में दिए गए उधार के रुपये वापस करने की बात कही। आरोप है कि रुपये मांगने पर मंगल सिंह नाराज हो गया और गाली-गलौज करने लगा। कुछ ही देर में उसका भाई सत्येन्द्र सिंह राजपूत भी मौके पर पहुंच गया।

## 28 जून को जिले के 802 बूथों पर मनाया जाएगा पोलियो दिवस



बैठक को संबोधित करते सीडीओ

● 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई जाएगी खुराक

● सीडीओ की अध्यक्षता में टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

● सभी विद्यालय खुले रहेंगे और बनेगा मिड-डे मील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद में 28 जून से शुरू होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो (एनआईडी) अभियान को सफल बनाने तथा 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक से आच्छादित करने के उद्देश्य से विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देश पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता सीडीओ शेषनाथ चौहान ने की। सीडीओ ने निर्देश दिए कि पोलियो बूथ दिवस पर जिले के सभी विद्यालय खुले रहेंगे तथा बच्चों के लिए मिड-डे मील की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि कोई कर्मचारी अथवा अधिकारी अभियान में लापरवाही करता या अनुपस्थित पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। कहा कि जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों को ब्लॉकवार प्रभारी नियुक्त कर अभियान पूर्व तैयारियों, क्षेत्रीय भ्रमण, वैक्सीनेटरों के प्रशिक्षण तथा प्रतिदिन सायंकालीन समीक्षा बैठकों के माध्यम से अभियान की निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन घरों में बच्चे पोलियो की खुराक लेने से छूट जाएं, उनके शत-प्रतिशत आच्छादन के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। बैठक में बताया गया कि 28 जून (रविवार) को जिले के 802 पोलियो बूथों पर बूथ दिवस आयोजित किया जाएगा, जहां सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इसके बाद 29 जून से 3 जुलाई तक घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का अभियान चलाया जाएगा, जबकि 6 जुलाई को बी-टीम गतिविधि आयोजित की जाएगी। अभियान के तहत जिले में 464 टीमें घर-घर भ्रमण कर बच्चों का टीकाकरण करेंगी। साथ ही ईट भट्ठों, निर्माण स्थलों, घुमंतू परिवारों तथा अन्य अति संवेदनशील समूहों के बच्चों को विशेष रूप से चिन्हित कर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जनपद में 114 हाई रिस्क विलेज चिन्हित किए गए हैं, जहां विशेष रणनीति के तहत सघन अभियान चलाकर पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, ताकि कोई भी बच्चा अभियान से वंचित न रह सके। बैठक में परामर्शी चिकित्सक डा.जे.एस. बक्शी, डा.सौरभ, प्रतिरक्षण अधिकारी डा.धीरेन्द्र वैद्य, डीपीओ नरेन्द्र सिंह, आरआरटी जेएसआईपीएल की सबा परवीन सहित विभिन्न ब्लॉकों के चिकित्सक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेट्रोल पंप कर्मचारी 4.39 लाख की नकदी व ऑयल लेकर फरार, एफआईआर दर्ज

**तिजोरी की चाबी का उठाया फायदा, दो दिन की बिक्री राशि और स्टॉक लेकर हुआ गायब**

**ललितपुर।** कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम रजवारा स्थित एक पेट्रोल पंप से लाखों रुपये की नकदी और कीमती ऑयल लेकर कर्मचारी के फरार होने का मामला सामने आया है। पेट्रोल पंप संचालक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आजादपुरा निवासी मुकेश कुमार पुत्र स्व. मंगलचन्द्र ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका ग्राम रजवारा में भारत पेट्रोलियम एम.के. फिलिंग स्टेशन संचालित है। पेट्रोल पंप पर ग्राम रजवारा निवासी देवेन्द्र नामदेव पुत्र कल्यानचन्द्र नामदेव कर्मचारी के रूप में कार्यरत था। लंबे समय से कार्य करने के कारण उस पर विश्वास किया जाता था और पेट्रोल पंप की अलमारी (तिजोरी) की चाबी भी उसी के पास रहती थी। शिकायतकर्ता के मुताबिक देवेन्द्र नामदेव ने इस विश्वास का गलत फायदा उठाते हुए पेट्रोल-डीजल बिक्री से प्राप्त दो दिनों की नकदी तथा पंप पर रखे ऑयल के स्टॉक को अपने कब्जे में लेकर फरार हो गया। जब पंप प्रबंधन द्वारा नकदी और स्टॉक का मिलान किया गया तो भारी मात्रा में धनराशि और सामान गायब मिला। आरोपी द्वारा कुल 4 लाख 39 हजार रुपये मूल्य की नकदी एवं ऑयल का गबन किया गया है। घटना का पता चलने पर आरोपी की तलाश की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद पेट्रोल पंप संचालक ने कोतवाली पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी देवेन्द्र नामदेव के विरुद्ध बीएनएस की धारा 316 (2) में एफआईआर दर्ज की है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रवक्ता परीक्षा को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के निर्देश




**कानपुर।** (स्वतंत्र प्रभात) अपर मुख्य सचिव, गृह, उ0प्र0 तथा पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उ0प्र0 लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) द्वारा आयोजित प्रवक्ता राजकीय इण्टर कालेज (पुरुष/महिला) (प्रा0) परीक्षा-2025 को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के सम्बन्ध में गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में अनुपम कुलश्रेष्ठ, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा जोन के जनपदों में परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु की गई तैयारियों, सुरक्षा प्रबंधों एवं समन्वयात्मक कार्यवाहियों के संबंध में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया।

### कानपुर: होटल मालिक की दबंगई, मजदूरी मांगने पर कर्मचारी को बेरहमी से पीटा



**कानपुर** में मजदूरी मांगना एक कर्मचारी को भारी पड़ गया। बिठूर थाना क्षेत्र के मंधना चौकी अंतर्गत स्थित भाटिया होटल में मालिक की हैवानियत सामने आई है, जहां मेहनत के पैसे मांगने पर कर्मचारी को बुरी तरह पीट दिया गया। आरोप है कि होटल मालिक ने न सिर्फ कर्मचारी के साथ मारपीट की, बल्कि उसे इस कदर पीटा कि उसका हाथ तक टूट गया। पीड़ित के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान और नीले दाग साफ देखे जा सकते हैं, जो मालिक की बर्बरता की कहानी बयां कर रहे हैं। घटना के बाद पीड़ित युवक ने हिम्मत जुटाकर पुलिस कमिश्नर से न्याय की गुहार लगाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नर के आदेश पर आरोपी होटल मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर कब तक मेहनतकश लोगों पर इस तरह की ज्यादती होती रहेगी? क्या कानून का खौफ खत्म हो चुका है या फिर दबंगों के आगे व्यवस्था बेबस है?

### दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ओवर स्पीड वाहनों पर बड़ी कार्यवाही, 342 वाहनों के चालान



**कानपुर।** कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-34 (एनएच-34) पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत एनएच-34 पर 8 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 3 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। आज दिनांक 13.06.2026 में की गयी कार्यवाही के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर 90 ट्रक, 4 बस, 78 चार पहिया / दो पहिया 172 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर 03 ट्रक, 02 बस, 114 चार पहिया/दो पहिया 119 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। गंगा बैराज पर 51 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर की आमजनमानस से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें। रॉन्ग साइड वाहन न चलायें। वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। सड़क पर गति सीमा को निर्धारित रखें ।ओवरटेक हमेशा दाहिने से करें। यातायात के संकेतो का पालन अवश्य करें। शराब पीकर वाहन न चलायें। नियमों का पालन न केवल आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि दूसरों की जान की हिफाजत भी करता है।

# वेतन और काम के घंटों को लेकर कानपुर में शुरू श्रमिकों का आंदोलन: किया जमकर प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** यहां शनिवार को भी अपनी मांगों को लेकर श्रमिकों ने जमकर प्रदर्शन किया। यहां हरी मजार के पास स्थित करम कॉरपोरेशन के सैकड़ों कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतर आए। काम ठप करके कर्मचारियों ने फैक्ट्री मालिक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उनका आरोप है कि फैक्ट्री मालिक उन्हें तय मिनिमम वेतन भी नहीं दे रहे हैं। इतना ही नहीं एक शिफ्ट 8 घंटे की बजाए 12-12 घंटे की चल रही है। मजदूरों का आरोप है कि विरोध करने पर कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया जाता है। उन्हें सैलरी के नाम पर महज 7 से 8 हजार लेकर रुपये थमाए जा रहे हैं। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला कर्मचारी भी शामिल थी। कर्मचारियों ने साफ कहा है, कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे पीछे नहीं हटेंगे।

बताते चलें कि दादा नगर डी-14 में कैरिन इंटरनेशनल चमड़े के उत्पाद बनाने वाली फैक्ट्री है। यह मुख्य रूप से लेडीज़ हैंडबैग, चमड़े की बेल्ट और अन्य चमड़े के सामान के निर्माण और खुदरा बिक्री के लिए जानी जाती है। यहां कार्यरत कर्मचारियों की मानें तो उन्हें सरकार की ओर से तय मिनिमम वेतन भी नहीं दिया जा रहा है। इसलिए आज शनिवार को कंपनी में कार्यरत 400 से ज्यादा कर्मचारियों ने काम ठप करके अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतर आए। उनका कहना है कि तय घंटे से ज्यादा काम, ओवर टाइम का एक्स्ट्रा भुगतान नहीं दिया जाता और रविवार को भी ड्यूटी कराई जाती है। कर्मचारियों का कहना है कि उनका आंदोलन कब तक चलेगा जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं कर दी जाएंगी।

## थाना दिवस में एक शिकायत दर्ज, निस्तारित



**सिद्धार्थनगर।** त्रिलोकपुर थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक हरे कृष्ण उपाध्याय ने की। समाधान दिवस में एक प्रार्थना पत्र राजस्व विभाग से सम्बन्धित आया जिसका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर चौकी इंचार्ज बिस्कोहर अमित कुमार शाही, उप निरीक्षक तालीमुंदीन खान, विजय कुमार, कृष्ण कुमार पाण्डेय, गणेश कुमार, जय प्रकाश, हेड कांस्टेबल एहतेशान अहमद, जुनेद अहमद, सागर जायसवाल, लालजी शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## एस अई भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचारु रूप से सम्पन्न कराए जाने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** अनुपम कुलश्रेष्ठ, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर, जोन के समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, कानपुर जोन बोर्ड ऑब्जर्वर, मुख्य नोडल अधिकारी/नोडल अधिकारी (पुलिस/ प्रशासन), डीवी/पीएसटी दल, कार्यदायी संस्था सुरक्षा एवं परीक्षा संचालन के प्रतिनिधि व सुरक्षा एवं ड्यिूटी में लगे अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में दिनांक 15.06.2026 से प्रारम्भ होने वाली पुलिस उपनिरीक्षक एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 के अन्तर्गत अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण तथा भर्ती प्रक्रिया से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक महोदया द्वारा भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचारु रूप से सम्पन्न कराए जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए तथा सभी अधिकारियों को निर्धारित मानकों एवं शासनादेशों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## नगर पालिका परिषद बेल्हा द्वारा विशेष स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान में तेजी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर पालिका परिषद बेल्हा, प्रतापगढ़ द्वारा 08 जून से 14 जून तक मलिन बस्तियों में विशेष स्वच्छता कार्यक्रम एवं जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के क्रम में 13 जून को जीआईसी परिसर एवं कांशीराम कॉलोनी क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सफाई कर्मचारियों की टीमों द्वारा एकत्रित कूड़े का निस्तारण, चोक नालियों की सफाई तथा सार्वजनिक स्थलों की व्यापक सफाई का कार्य युद्धस्तर पर कराया गया।

संक्रामक एवं मच्छरजनित रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के उद्देश्य से प्रभावित क्षेत्रों में ब्लीचिंग पाउडर तथा एंटी-लार्वा दवाओं का छिड़काव भी कराया जा रहा है, जिससे नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ




नगरपालिका का सफाई संवाद

वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत नगर क्षेत्र की मलिन बस्तियों में नियमित रूप से साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण, नालियों की सफाई एवं जन-जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने नगरवासियों से स्वच्छता बनाए रखने, कूड़ा निर्धारित स्थानों पर डालने तथा नगर पालिका के स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की अपील की।

## गौआश्रय स्थल में बदहाली देखकर सीडीओ ने जताई नाराजगी



**सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत नावडीह में शुक्रवार को सीडीओ बलराम सिंह ने गौआश्रय का औचक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण में गौआश्रय की स्थिति देख कर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने ग्राम सचिव को निर्देशित किया कि गौआश्रय में भूसा के साथ दाना, चारा का सही से प्रयोग करें। नगर पंचायत बिस्कोहर के वार्ड नंबर 2 के हनुमाननगर के गौआश्रय का निरीक्षण किया जहां गौआश्रय में कई खामियां मिली। इस दौरान उन्होंने ने कहा कि गौआश्रय में हरा चारा व दाना सुचार रूप से उपलब्ध रहे। उन्होंने गौआश्रय में कितने कर्मचारी कार्यरत है, इसकी जानकारी ली, बताया गया कि तीन कर्मचारियों की ड्यूटी है। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी विनोद मणि त्रिपाठी आदि उपस्थित हो।

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रभारी मंत्री ने गिनाई उपलब्धियां

● अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ- प्रभारी मंत्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




प्रभारी मंत्री का प्रेस संवाद

**प्रतापगढ़।** जनपद के प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण मयंकेश्वर शरण सिंह की अध्यक्षता में मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान की भावना तथा आमजन के जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों को लेकर संवाद स्थापित किया गया। मीडिया को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास,सुशासन और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है, जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता तीन किस्तों में प्रदान की जा रही है। जनपद प्रतापगढ़ में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 6 लाख 50 हजार 524 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किए गए हैं, जिससे किसानों को कृषि कार्यों के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध हो रही है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जनधन योजना के माध्यम से सरकारी सहायता सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंच रही है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हुई है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत जनपद में 40,816 गरीब परिवारों को आवास उपलब्ध कराए गए हैं। प्रदेश में सर्वाधिक एक्सप्रेसवे निर्मित किए गए हैं तथा स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए वर्तमान में 81 मेडिकल कालेज संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ प्रदेश एवं देश के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक सदर राजेंद्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, मुख्य विकास अधिकारी राम मोहन मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, भाजपा मीडिया प्रभारी राघवेंद्र शुक्ला, देवेश त्रिपाठी, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मेटा के अलर्ट पर पुलिस ने बचाई युवक की जान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर में इंस्टाग्राम पर आत्म हत्या संबंधी वीडियो पोस्ट करने वाले एक युवक की जान मेटा कंपनी के अलर्ट और पुलिस की तत्परता से बच गई,सेन पश्चिम पारा थाना पुलिस ने महज 07 मिनट में मौक़े पर पहुंच कर युवक को फंदे से उतार लिया, और समय रहते उसकी जान बचा ली,, पुलिस के मुताबिक सेन पश्चिम पारा क्षेत्र के रहने वाले 30 वर्षीय युवक अपनी मंगेतर द्वारा बातचीत बंद कर देने और मोबाइल नंबर ब्लाक कर देने से मानसिक तनाव और अवसाद में था,इसी तनाव के चलते युवक ने इंस्टाग्राम पर सुसाइड से जुड़ा एक वीडियो पोस्ट कर दिया, युवक की पोस्ट पर नजर पड़ते ही मेटा कंपनी की ओर से तत्काल पुलिस मुख्यालय को अलर्ट भेजा गया, पुलिस मुख्यालय से यह सूचना कानपुर कमिश्नरेट के मीडिया सेल तक पहुंची, मीडिया सेल ने बिना देर किए युवक के मोबाइल नंबर,घर के पते और अन्य जरूरी जानकारी सेन पश्चिम पारा पुलिस को उपलब्ध कराई।

सूचना मिलते ही दारोगा कादिर खान और हरवीर सिंह टीम के साथ तेजी से मौके के लिए रवाना हो गए, और मात्र सात मिनट में युवक के घर पहुंच गए, पुलिस कर्मियों ने देखा कि युवक फंदा लगाकर आत्म हत्या करने की कोशिश कर रहा था, तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे सुरक्षित



नीचे उतारा गया, और परिजनों को घटना की जानकारी दी गई,समय रहते पुलिस के हस्तक्षेप से एक बडा हादसा टल गया, अधिकारियों के अनुसार जनवरी 2023 से जून 2026 तक मेटा कंपनी की सूचना और तकनीकी सहयोग से उत्तर प्रदेश पुलिस अब तक 3081 लोगों की बचा चुकी है।

## घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र में दो संपर्क मार्गो के नव निर्माण कार्यों का शिलान्यास एवं भूमि पूजन संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर ग्रामीण।** घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़क संपर्क व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से दो महत्वपूर्ण संपर्क मार्गो के नव निर्माण कार्यों का शिलान्यास एवं भूमि पूजन घाटमपुर विधायक सरोज कुरील के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ, इस अवसर पर, 1 सिधौल मार्ग से सूरजपुर संपर्क मार्ग के नव निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। लगभग एक किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण पर 40 लाख की लागत व्यय की जाएंगी, 2, रार गांव में सज्जन के नलकूप मार्ग, चंदनपुर, भीतरगांव मार्ग से संपर्क मार्ग, के नव निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया लगभग एक किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण पर 68 लाख रुपए की लागत अनुमानित है घाटमपुर विधायक सरोज कुरील ने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में आधार भूत सुविधाओं के




विस्तार एवं सड़क संपर्क व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं,इन मार्गों के निर्माण के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं ,,इन मार्गों के निर्माण से क्षेत्र वासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा ग्रामीण अंचलों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को नई गति प्राप्त होंगी, इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि गण स्थानीय गणमान्य नागरिक क्षेत्रीय कार्यकर्ता एवं ग्राम प्रधान सिधौल अजीत सचान, सिरसा ग्राम प्रधान आनंदी प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष बरीपाल आशीष पाठक एवं ग्रामीण जनता उपस्थित रहे।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान एवं खेत बचाओ अभियान के तहत कृषकों को किया गया जागरूक

**प्रतापगढ़।** कृषि निदेशक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया है कि कृषि विभाग द्वारा संचालित विकसित कृषि संकल्प अभियान एवं खेत बचाओ अभियान-2026 का आयोजन जनपद में 10 जून से 24 जून तक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत शनिवार को विभिन्न विकास खण्डों की ग्राम सभाओं में विशेष कृषि संगोष्ठी एवं किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खण्ड आसपुर देवसरा की ग्राम सभाओं सोनपुरवा एवं नचरौला, विकास खण्ड मंगरौरा की ग्राम सभाओं कोहंडौर एवं रामापुर, तथा विकास खण्ड शिवगढ़ की ग्राम सभाओं कूराडीह एवं सराय शेरखान में कृषि विशेषज्ञों एवं वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को आधुनिक एवं टिकाऊ खेती के विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्रदान की गई।इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र, प्रतापगढ़ के वैज्ञानिक डॉ. ए.के. सिंह, डॉ. प्रसेनजीत देबनाथ, एम.पी. सिंह, यतेन्द्र कुमार, डॉ. एन.के. सिंह एवं पी.के. सिंह उपस्थित रहे।

## डीएम-एसपी ने थाना दिवस पर सुनी शिकायतें, निस्तारण के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन की उपस्थिति में थाना सिद्धार्थनगर में थाना समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर आने वाले शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा सुना गया। जिलाधिकारी ने समस्त राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया कि भूमि विवाद, वरासत, बंटवारा आदि के जो प्रकरण हैं उनका मौके पर जाकर सही ढंग से निस्तारण करायें। किसी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल को निर्देश दिया कि मौके पर जाकर नाली का विवाद, चकमार्ग का विवाद व जमीन बटवारा व अवैध कब्जा/पट्टा प्रकरणो को शिकायतकर्ता की उपस्थिति में निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित कराये।

आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल के साथ मौके पर जाये। अधिकतम प्रकरणों को निस्तारण करायें, प्रकरण लम्बित कदापि न रखा जाये। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस में आये सभी शिकायतकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि आपस में मिलकर रहे। किसी प्रकार का लड़ाई-झगड़ा न करे। जो भी प्रकरण आये है उसका निस्तारण मौके पर जाकर राजस्व के अधिकारी/कर्मचारी करायेंगे। इस दौरान उपजिलाधिकारी नौगढ़ राहुल सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर अजय सिंह, थानाध्यक्ष मिथलेश राय सिद्धार्थनगर, राजस्व निरीक्षक व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बहन से मिलने को लेकर विवाद, केस दर्ज

**लोटन (सिद्धार्थनगर)।** कोतवाली क्षेत्र के केसारी गांव में चौथ लेकर आये लड़की पक्ष वालों को लड़के पक्ष द्वारा मारने पीटने का तहरीर पुलिस को दी है। पीड़ित संतराम पुत्र बेकारू ने कोतवाली लोटन में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि लड़की की शादी 8 जून 2026 को ग्राम केसारी थाना लोटन में रोशन पुत्र पंजाबी के यहां किया था।शुक्रवार को चौथ लेकर गए थे। पुत्र नीरज और रिश्तेदार लड़की से मिलने गए थे।

लड़की के ससुराल वाले नीरज को उसकी बहन से मिलने से मना करने लगे। इसी बात को लेकरविवाद होने लगा और नीरज को मारने पीटने लगे। बीच बचाव करने गए रिश्तेदारों को भी मारने पीटने लगे। जिससे नीरज को गंभीर चोट लगी हुई है। इस सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी हरिओम कुशवाहा ने बताया की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जांच रही है।

# सिद्धार्थनगर: राप्ती नदी में नहाने गई किशोरी डूबी मौत, तीन सहेलियों की ग्रामीणों ने बचाई जान

● डुमरियागंज थाना क्षेत्र के पेंडारी मुस्तहकम गांव के पास राप्ती नदी की घटना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज थाना क्षेत्र के पेंडारी मुस्तहकम गांव निवासी एक 15 वर्षीय किशोरी की शनिवार को राप्ती नदी में डूबने से मौत हो गई,वहीं तीन अन्य लड़कियों को ग्रामीणों ने बचाई जान, जिनका सीएचसी सिरसिया में इलाज के बाद डाक्टरों ने छुट्टी दे दी। जानकारी के अनुसार डुमरियागंज थाना क्षेत्र के पेंडारी मुस्तहकम गांव निवासी संजना (15) पुत्री अजय कुमार गांव के अपने सहेली राधिका (14)पुत्री सतिराम , रूपा(17) पुत्री देवीदीन व अपने रिश्तेदारी में आयी त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के पेंडारी गांव निवासी राधिका (18) पुत्री प्रकाश शनिवार को सुबह करीब साढ़े नौ बजे गांव के दक्षिण से



होकर जाने वाली राप्ती नदी में कपड़ा धुलने गई थी।इसी बीच सभी ने नदी में कपड़ा धुलने के दौरान नहाने लगी,इसी बीच संजना डूबने लगी, जिसे देख राधिका व रूपा बचाने के लिए पास गयी और तीनों डूबने लगी, खुद का बचाव जब तक करती तब तक संजना (15) डूब गई।नदी के पास खेत में काम कर रहे ग्रामीणों ने जब शोर सुना तो तत्काल राधिका पुत्री प्रकाश,रूपा पुत्री देवीदीन,व राधिका पुत्री सतिराम को बचा कर बाहर निकाला और सीएचसी सिरसिया ले गए जहां मौजूद डाक्टर सिद्धार्थ जयसवाल ने ने तीनों का इलाज कर घर



भेज दिया।वहीं संजना (15) की तलाश नदी में करने लगे, करीब एक घंटे मेनहनत के बाद संजना को बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार डुमरियागंज राघवेंद्र पाण्डेय,व उपनिरीक्षक राम शब्द यादव ने शव का पंचनामा कर शव का अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि परिजन पीएम नही कराना चाहते थे इस लिए शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है।

# सिद्धार्थनगर में युवक को निर्वस्त्र कर पीटा, कपड़े जलाए पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जलाने की कोशिश, 5 लोगों पर केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के डुमरियागंज थाना क्षेत्र में एक प्रवासी कारपेंटर को निर्वस्त्र कर बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने उसके कपड़े जला दिए और पेट्रोल छिड़ककर उसे जिंदा जलाने की भी कोशिश की। घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के खरगौला गांव निवासी अब्दुल मोतीम सूरत में कारपेंटर का काम करते हैं और बकरीद के अवसर पर घर आए हुए थे। पीड़ित के मुताबिक, 3 जून की रात करीब 11 बजे वह सेखुईया गांव में भोजन करने के बाद मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के बाहर कुछ लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया।

मोतीम का आरोप है कि सिराज, रफीक अहमद, शोलू, इबरार समेत अन्य लोगों ने उनका मोबाइल फोन छीन लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। सोशल मीडिया पर एक वायरल हो रहा है जिसमें एक युवक को निर्वस्त्र अवस्था में रहम की गुहार लगाता दिखाई दे रहा है। हालांकि वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि 'स्वतंत्र प्रभात' नहीं करता है । उसके कपड़े उतरवाने के बाद मोटरसाइकिल से पेट्रोल निकालकर कपड़े, जूते में आग लगा दी। उसका आरोप है कि इसके बाद कुछ लोगों ने उसके शरीर पर भी पेट्रोल छिड़क दिया और माचिस जलाकर उसे जिंदा जलाने का प्रयास किया। हालांकि मौके पर मौजूद कुछ लोगों के हस्तक्षेप से उसकी जान बच गई। पीड़ित ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान उसके प्राइ पार्ट पर बेल्ट से वार किए गए। साथ ही उसका पर्स छीन लिया गया,



जिसमें करीब 8 हजार रुपये नकद थे। मोबाइन फोन भी तोड़ दिया गया। युवक का कहना है कि वह चीख पुकार कर रहम की भीख मांगता रहा, लेकिन किसी ने उसकी मदद नहीं की। डुमरियागंज के प्रभारी निरीक्षक प्रकाश यादव ने बताया की सिराज, रफीक, शोलू, इबरार समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर और गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है, मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## अपराध नियंत्रण अभियान में लालगंज पुलिस को मिली सफलता, ईनामिया भेजा गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एसपी दीपक भूकर के अपराध नियंत्रण अभियान में कोतवाली पुलिस ने स्पेशल टीम की मदद से दस हजार के ईनामिया आरोपी को दबोचकर जेल भेज दिया। लालगंज के प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार के निर्देशन में कोतवाली के दरोगा ध्रुव सिंह व स्पेशल टीम प्रभारी विजेन्द्र सिंह पुलिस टीम के साथ गंभीर मुकदमो में वांछितो की तलाश में निकले थे। बीती 31 मई को कोतवाली के पूरे पितम्बर मोठिन में दबंगो ने पीड़िता का घर बुल्डोजर से गिरा दिया था।

आरोपियो ने विरोध करने पर पीडिता व उसके परिजनों को मारपीट कर गंभीर चोटें पहुंचायी थी। पुलिस ने हमले के आरोपी एक अधिवक्ता को इस मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। घटना को लेकर चार अन्य नामजद आरोपी फरार हो गये। एसपी दीपक भूकर ने इन फरार आरोपियो पर दस दस हजार रूपये का ईनाम घोषित किया। स्पेशल टीम व लालगंज पुलिस टीम ने ईनामिया अभियुक्त सुरेशचंद्र धुरिया पुत्र वरूनी प्रसाद निवासी पितम्बर का पुरवा मोठिन को उसके घर के समीप आम की बाग से दबोच लिया। पुलिस टीम ने पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि घटना को लेकर अन्य आरोपियों की भी तलाश की जा रही है, शीघ्र सभी वांछित जेल भेजे जाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली दंगा केस: 6 साल से जेल में बंद शरजील इमाम ने दायर की दूसरी जमानत याचिका

**कोर्ट ने पुलिस से मांगा जवाब**



**दिल्ली।** वर्ष 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगा कांड में बड़ी साजिश रचने के मामले में आरोपित शरजील इमाम ने कड़कड़डूमा कोर्ट में दूसरी जमानत याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि वह पिछले छह वर्षों से न्यायिक हिरासत में है। साथ ही, सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद भी मुकदमे की सुनवाई में कोई बड़ी प्रगति नहीं हुई है। याचिका में लंबी अवधि से हिरासत में रहने और मामले के विचारण में देरी का हवाला देते हुए जमानत देने की मांग की गई है। अदालत ने इस याचिका पर दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है। मामले की सुनवाई कर रही अदालत ने अगली सुनवाई के लिए चार जुलाई की तारीख निर्धारित की है। बता दें कि इससे पहले सर्वोच्च न्यायालय शरजील इमाम की जमानत याचिका खारिज कर चुका है। अब नई परिस्थितियों का हवाला देते हुए दाखिल की गई इस याचिका पर अदालत दिल्ली पुलिस का पक्ष सुनने के बाद आगे का निर्णय लेगी।

### गर्मी का टॉर्चर और ठंडी बीयर का सहारा! दिल्ली में इस मई टूट गए बिक्री के पुराने रिकॉर्ड

**दिल्ली।** इस मई में दिल्ली में बीयर की बिक्री में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह लोकप्रिय राष्ट्रीय ब्रांडों की वापसी का परिणाम है। आबकारी विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस साल मई में बीयर की बिक्री पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में बढ़कर 11,12,761 केस हो गई, जबकि पिछले साल यह संख्या 10,10,524 केस थी। राष्ट्रीय ब्रांडों की हिस्सेदारी इस वर्ष मई में 54 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो 2024 में 38 प्रतिशत और 2025 में 24 प्रतिशत थी। दूसरी ओर, कम-ज्ञात ब्रांडों और नेपाल-भूटान से आयातित बीयर की हिस्सेदारी 62 प्रतिशत से घटकर 46 प्रतिशत हो गई।

ताजा बीयर की बिक्री भी रेस्तरां और क्लबों में केंद्रित रही है, जहां मई में कुल 1,521 केस के बराबर ताजा बीयर बेची गई। जिनमें से 1,365 रेस्तरां में और 126 केस के बराबर क्लबों द्वारा बेची गई। अधिकारियों ने बताया कि मई और जून बीयर की खपत का चरम मौसम है, जब ग्राहक ठंडे पेय की तलाश करते हैं।

### पूर्वी दिल्ली के हाउस टैक्स शिविरों में उमड़ी भीड़, निगम को मिला 37.30 लाख का राजस्व

**दिल्ली।** नगर निगम पूर्वी जोन द्वारा आयोजित हाउस टैक्स सहायता एवं जमा शिविरों में आम लोगों और व्यापारियों का उत्साहजनक संख्या रहा। इन शिविरों के माध्यम से दिल्ली नगर निगम को कुल 37.30 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, वहीं लोगों को कर संबंधी समस्याओं के समाधान और समय पर कर जमा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। ललिता पार्क स्थित ज्वाइंट एक्शन कमेटी (आरडब्ल्यूए), लक्ष्मी नगर द्वारा आयोजित हाउस टैक्स सहायता एवं जमा शिविर में 48 संपत्ति स्वामियों ने करीब 2.30 लाख रुपये का हाउस टैक्स जमा कराया। शिविर के दौरान नागरिकों को संपत्ति कर निर्धारण, बकाया राशि और आनलाइन भुगतान प्रक्रिया से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। यह शिविर निगम अधिकारी रजत दहिया के सहयोग से संपन्न हुआ। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अनीश गर्ग ने कहा कि ऐसे शिविरों से नागरिकों का समय और संसाधनों की बचत होती है तथा सरकारी सेवाओं तक उनकी पहुंच आसान बनती है।

**35 लाख रुपये कर जमा किया**

वहीं, राम नगर रेडीमेड गारमेंट मर्चेंट एसोसिएशन, गांधी नगर द्वारा आयोजित दो दिवसीय हाउस टैक्स कैंप में 165 दुकानदारों ने 35 लाख रुपये का कर जमा किया। शुक्रवार को कैंप के समापन समारोह में पूर्व महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि समय पर हाउस टैक्स जमा करने से 10 प्रतिशत की छूट का लाभ मिलता है और लोग लेट फीस व ब्याज से बच सकते हैं।

**NOTICE**

It is informed to the general public that I, KAUSHALYA RANI KOIRI, D.O.B.-11-08-1992, W/o - LATE CHINE LAL KOIRI, resident at Vill. - Kalamagura, P.O.- Kalamagura, P.S.- Ratabari, Dist.- Sribhumi, Assam, declare that my actual and correct name is "KAUSHALYA RANI KOIRI" and which has been correctly recorded in all my relevant documents but inadvertently in my Aadhaar Card vide No. 9942 1178 8373, Voter ID Card vide No. HQV0524777 and my PAN Card vide No. FLDPK3859J wherein my name has been wrongly recorded as "KAUSHALAYA RANI KOIRI" instead of "KAUSHALYA RANI KOIRI" In future I will be known as above said name.

## हैदराबाद कोर्ट ने मीनाक्षी नटराजन के खिलाफ याचिका खारिज की और मामले में सक्षम न्यायालय का रुख करने का दिया निर्देश

**● इसी मामले पर राज्यसभा का नामांकन रद्द किया गया था**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** मीनाक्षी नटराजन की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि याचिका में विधायक और विधान परिषद सदस्य समेत जनप्रतिनिधियों को भी प्रतिवादी बनाया गया है। इसके बाद अदालत ने याचिका खारिज कर दी और मामले में सक्षम न्यायालय का रुख करने का निर्देश दिया। हैदराबाद की एक अदालत ने एक महिला द्वारा दायर उस याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया, जिसमें कथित छेड़छाड़ और धमकी देने के मामले में कांग्रेस की तेलंगाना प्रभारी मीनाक्षी नटराजन को प्रतिवादी बनाया गया था। अदालत ने याचिकाकर्ता को मामले के लिए संबंधित सक्षम न्यायालय का रुख करने की सलाह दी। इसी मामले के कारण ही मध्य प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के लिए नटराजन का नामांकन रद्द कर दिया गया था। मीनाक्षी नटराजन की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि याचिका में विधायक और विधान परिषद सदस्य समेत जनप्रतिनिधियों को भी प्रतिवादी बनाया गया है। इसके बाद अदालत ने याचिका खारिज कर दी और मामले में सक्षम न्यायालय का रुख करने का निर्देश दिया। अपनी याचिका में ए. श्रीलता ने कांग्रेस नेता कुंभम शिव कुमार रेड्डी पर छेड़छाड़ करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले में प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी।इस मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बी महेश कुमार गौड़ के साथ नटराजन को भी प्रतिवादी बनाया गया है। इसी मामले का जिक्र नहीं करने का आरोप लगाकर मध्य प्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द कर दिया गया था। निर्वाचन अधिकारी अरविंद शर्मा के एक आदेश में कहा गया है कि उपलब्ध दस्तावेजों की जांच के बाद यह पाया गया कि नटराजन ने अधूरा हलफनामा जमा किया था, जिसमें उनके नामांकन पत्र के साथ जमा किए गए फॉर्म 26 में अदालत में दर्ज एक शिकायत का जिक्र नहीं था। बीजेपी के उम्मीदवार महेश केवट ने निर्वाचन अधिकारी के पास शिकायत दर्ज कराई थी। निर्वाचन अधिकारी के फैसले को गलत और अलोकतांत्रिक बताते हुए मीनाक्षी नटराजन ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को नटराजन की उस याचिका को ठुकरा दिया, जिसमें मध्य प्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए उनका नामांकन पत्र खारिज किए जाने को चुनौती दी गई थी। हालांकि, न्यायालय ने उन्हें चुनाव याचिका के माध्यम से इस मामले को उठाने की छूट प्रदान कर दी।

## जमीनी विवाद में युवक पर फावड़े से हमला, गंभीर

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे चंदूलाल का पुरवा मजरे अंबारा गांव में शनिवार को जमीनी विवाद हिंसक हो गया। विवाद के दौरान चार लोगों ने पिता-पुत्र की पिटाई कर दी। फावड़े से किए गए हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। गांव निवासी हीरालाल के अनुसार, आंधी-तूफान में पेड़ गिरने से टिनशेड क्षतिग्रस्त हो गया था। शनिवार को वह क्षतिग्रस्त हिस्से को हटवाकर निर्माण कार्य शुरू करा रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव के रामलखन, चंद्रकांत, अमरनाथ और सनी वहां पहुंच गए और विवाद करने लगे। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। आरोप है कि आरोपियों ने हीरालाल और उनके बेटे सुनील को पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान सुनील के सिर पर फावड़े से वार कर दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने सुनील की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## दिल्ली के जी.बी. पंत अस्पताल कर्मचारी यूनियन 3103 के चुनाव परिणाम घोषित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**नई दिल्ली।** जी.बी. पंत अस्पताल कर्मचारी यूनियन 3103 के द्विवार्षिक चुनाव 2026-28 शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं लोकतांत्रिक वातावरण में संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद निर्वाचन अधिकारियों ने मतगणना कर परिणामों की आधिकारिक घोषणा की। चुनाव में कुल 341 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना के बाद अध्यक्ष पद पर नरेश कुमार ने 239 मत प्राप्त कर विजय हासिल की और उन्हें जी.बी. पंत अस्पताल कर्मचारी यूनियन 3103 का अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। वहीं महासचिव पद पर नितिन कुमार ने 245 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की और उन्हें यूनियन का महासचिव निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव प्रक्रिया का संचालन निर्वाचन अधिकारी देवेन्द्र, किशोर राणा एवं रविकांत ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से किया। मतगणना पूरी होने के बाद इन्हीं अधिकारियों ने चुनाव परिणामों की औपचारिक घोषणा की। दोनों पक्षों की ओर से जितेन्द्र सक्सेना एवं दिनेश कुमार ने मतदान अभिकर्ता पोलिंग एजेंट के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मतदान एवं मतगणना की निगरानी कैमरों के माध्यम से की गई। साथ ही पुलिस प्रशासन ने भी चुनाव को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में सहयोग प्रदान किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेश कुमार एवं महासचिव नितिन कुमार ने सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कर्मचारियों द्वारा मिले भारी समर्थन ने उनकी जिम्मेदारी और बढ़ा दी है। उन्होंने कर्मचारियों के हितों की रक्षा, उनकी समस्याओं के समाधान तथा संस्थान के विकास और सौहार्दपूर्ण कार्य वातावरण बनाए रखने के लिए पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

## अंबेडकर नगर अस्पताल में सफाई कर्मचारियों की शिकायतों पर हुई कार्रवाई, कंपनी का टेंडर रद्द संतोष प्रधान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**नई दिल्ली।** समाजसेवी संतोष प्रधान ने अंबेडकर नगर अस्पताल में सफाई कर्मचारियों की शिकायतों पर हुई कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। संतोष प्रधान ने बताया कि अस्पताल में कार्यरत सफाई कर्मचारियों ने वेतन संबंधी अनियमितताओं, कथित शोषण तथा कार्यस्थल पर हो रही मनमानी को लेकर शिकायतें दर्ज कराई थीं कर्मचारियों का आरोप था कि उन्हें निर्धारित मानकों के अनुरूप वेतन नहीं मिल रहा था और अनियमितताओं के खिलाफ आवाज उठाने वाले कर्मचारियों पर दबाव बनाया जाता था। उन्होंने कहा कि शिकायतों के बाद संबंधित विभागों एवं सफाई कर्मचारी आयोग द्वारा मामले की जांच की गई, जिसमें कई प्रकार की अनियमितताओं की जानकारी सामने आई। जांच के आधार पर अस्पताल में हाउसकीपिंग सेवाएं प्रदान कर रही आर.जी.एस. एंटरप्राइजेज का टेंडर रद्द कर दिया गया तथा दो सुपरवाइजरों की सेवाएं भी समाप्त कर दी गईं। संतोष प्रधान ने कहा कि किसी भी कर्मचारी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए और श्रमिकों को उनका वैधानिक अधिकार, सम्मान तथा सुरक्षित कार्य वातावरण मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनहित और श्रमिक हितों से जुड़े मुद्दों को उठाना आवश्यक है, ताकि व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे।उन्होंने इस कार्रवाई के लिए दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, पूर्वांचल मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष ओझा तथा दक्षिण दिल्ली के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी का आभार व्यक्त किया। संतोष प्रधान ने कहा कि भविष्य में भी कर्मचारियों और आम जनता से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाया जाता रहेगा तथा किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार और शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद की जाएगी।

## बाड़ा हिंदू राव में इमारत की पांचवीं मंजिल पर लगी आग, शॉर्ट-सर्किट से शुरू हुई लपटें



**दिल्ली।** पुरानी दिल्ली के बाड़ा हिंदू राव स्थित चिमनी मिल गली में शुक्रवार दोपहर एक इमारत की पांचवीं मंजिल पर आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की छह गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। दमकल विभाग के अनुसार, शुक्रवार दोपहर 3:31 पर आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल की छह गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और 3:55 पर आग पर काबू पा लिया था। आग पांचवीं मंजिल पर रखे घरेलू सामान में लगी थी। यह मंजिल टिन शेड और फाइबर शेड से निर्मित थी। आग पांचवीं मंजिल से चौथी मंजिल तक फैल गई थी। आग बढ़ने पर इमारत में रह रहे लोग समय रहते बाहर निकल गए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट-सर्किट को आग लगने का संभावित कारण माना जा रहा है। मामले की जांच जारी है।

## हरजोत सिंह बैंस ने नगर निगम अधिकारियों को दिए निर्देश

**● लुधियाना शहर को 30 जून तक गड्ढों और मैनहोल से मुक्त किया जाए**

**स्थानीय निकाय मंत्री ने मिशन क्लीन पंजाब के तहत सुबह-सुबह लुधियाना का सरप्राइज इंस्पेक्शन किया**

**मानसून से पहले सभी सीवर लाइनों को साफ करने और 24×7 वॉर रूम बनाने के आदेश**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लुधियाना-** पंजाब के स्थानीय निकाय मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस ने लुधियाना शहर को 'मैनहोल और गड्ढे मुक्त' बनाने के लिए 30 जून तक की डेडलाइन तय की है और सभी नगर निगम अधिकारियों को मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा शुरू किए गए 'मिशन क्लीन पंजाब' के तहत रोजाना सुबह 7 बजे से 8 बजे तक ग्राउंड लेवल पर रिपोर्ट करने का निर्देश दिया है। सुबह-सुबह लुधियाना नगर निगम इलाकों का सरप्राइज इंस्पेक्शन करते हुए, स. हरजोत सिंह बैंस ने शहर से गुजरने वाली नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की सड़कों पर जमा बारिश के पानी और कचरे को गंभीरता से लिया। शहर के तीन घंटे के दौरे के बाद, बैंस ने कहा कि 'अगर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया सड़कों की सफ़ाई नहीं करती है, तो नगर निगम उसे साफ़ करके उन्हें बिल भेजेगा। सफ़ाई न करने और पेमेंट न करने पर जुर्माना भी लगाया जाएगा।' नगर निगम के अधिकारियों के साथ मॉनसून की तैयारियों का रिव्यू करते हुए, श्री हरजोत सिंह बैंस ने अधिकारियों को इस महीने के आखिर तक सभी सीवर लाइनों को साफ़ करने का निर्देश दिया। नगर निगम के अधिकारियों ने स्थानीय निकाय मंत्री को बताया कि 220 द्वद्व सीवर लाइनों की सफ़ाई की जा रही है, जिसमें से 49 km की सफ़ाई प्रायोरिटी पर की जा रही है। इसमें से 47 परसेंट गाद पहले ही हटा दी गई है और बाकी काम 30 जून तक पूरा हो जाएगा। लुधियाना में सिविक इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के लिए अभी 172 करोड़ रुपये के रोड प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं, लोकल बॉडीज़ मिनिस्टर ने अधिकारियों को यह पक्का करने का निर्देश दिया कि लुधियाना में सभी गायब और खराब मैनहोल कवर बदल दिए जाएं और पूरे शहर में रोड रिपेयर का काम 30 जून तक पूरा हो जाए। मॉनसून के दौरान सिविक रिस्पॉन्स को मज़बूत करने के लिए, उन्होंने म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन को रियल टाइम में वॉटरलॉगिंग, सीवरेज ब्लॉकेज और बारिश से जुड़ी शिकायतों पर नज़र रखने के लिए 24×7 'वॉर रूम' बनाने का भी आदेश दिया। मिस्टर बैंस ने म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन को अपनी ब्रश कटिंग मशीनें खरीदने, ट्रैफिक जंक्शनों को सुंदर बनाने, सड़क के कोनों को पेंट करने, नए डस्टबिन लगाने, गार्बेज कॉम्पैक्टर के लिए नई जगहें पहचानने और बंद ट्यूबवेल और स्ट्रीट लाइट को फिर से चालू करने का निर्देश दिया। इस मौके पर विधायक राजिंदरपाल कौर छीना, मेयर इंद्रजीत कौर, सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर, पंजाब दलित विकास बोर्ड के चेयरमैन विजय दानव, ज्वाइंट कमिश्नर विनीत कुमार, अमनप्रीत सिंह व तपन भनोट, जोनल कमिश्नर नीरज जैन, गुरपाल सिंह व जसदेव सिंह सेखों, हेल्थ ऑफिसर डॉ. विपल मल्होत्रा व अन्य मौजूद थे।

## कांग्रेस को मजबूत करने एवं 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर हुई महत्वपूर्ण बैठक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लुधियाना-** पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी (PPCC) के सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुशील कुमार मल्होत्रा तथा मुस्लिम कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अलमुद्दीन सैफी के बीच आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने तथा आम जनता के बीच पार्टी की पहुंच बढ़ाने पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने कांग्रेस हाईकमान से मांग की कि समर्पित, निष्ठावान एवं लंबे समय से पार्टी के लिए कार्य कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संगठन में उचित प्रतिनिधित्व एवं जिम्मेदारियां दी जाएं, ताकि पार्टी को और अधिक सशक्त बनाया जा सके तथा वर्ष 2027 में पंजाब में कांग्रेस की सरकार बनाने का लक्ष्य हासिल किया जा सके। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता अलमुद्दीन सैफी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही देश के गरीबों, मजदूरों, किसानों, अल्पसंख्यकों तथा कमजोर वर्गों की वास्तविक हितैषी रही है। उन्होंने कहा कि केवल कांग्रेस ही संविधान की मूल भावना, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं सामाजिक सौहार्द की रक्षा करने में सक्षम है। वहीं, सुशील कुमार मल्होत्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव देश की एकता, अखंडता एवं भाईचारे को मजबूत करने के लिए कार्य करती रही है। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (PA) सरकार के कार्यकाल में शुरू की गई अनेक जनकल्याणकारी एवं विकासोन्मुखी योजनाएं आम जनता की खुशहाली और देश की प्रगति के लिए बनाई गई थीं। आज विभिन्न सरकारें उननाओं के नाम बदलकर उनका लाभ लेने का प्रयास कर रही हैं, लेकिन देश और पंजाब की जनता पूरी तरह जागरूक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2027 में पंजाब की जनता कांग्रेस पार्टी को सत्ता सौंपेगी तथा वर्ष 2029 में केंद्र में भी कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार का गठन होगा। मल्होत्रा ने कहा कि वर्तमान में पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार तथा केंद्र की



भाजपा सरकार दोनों ही आर्थिक चुनौतियों से जूझ रही हैं।

गलत नीतियों के कारण पंजाब और देश की आर्थिक एवं सामाजिक व्यवस्था प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व में ही पंजाब और देश समावेशी विकास, आर्थिक प्रगति और सामाजिक सद्भाव के मार्ग पर आगे बढ़ सकते हैं। बैठक में कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, युवाओं, महिलाओं, अल्पसंख्यकों एवं समाज के सभी वर्गों को पार्टी से जोड़ने तथा आगामी चुनावों के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने पर भी सहमति व्यक्त की गई।

## नाजुक हालत में सिलापथार शहर के प्रमुख सड़के

**● तुरंत निर्माण की मांग**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**असम धेमाजी।** गत एक साल में सिलापथार नगर पालिका के अंतर्गत ऐसा कोई सड़क है जो हद से ज्यादा नाजुक हालत में है। जनता परेशान हो रही है, आए दिन कई ना कई दल संघटन सड़क निर्माण के लिए प्रदर्शन करते हुए दिखाई देती है। आंसू ने गत वर्ष सिलापथार लिकाबली सदा व्यस्त सड़क को निर्माण के लिए प्रदर्शन कर सीसीबरगांव तेहचीलदार के जरिए जिला आयुक्त को ज्ञापन भेजा था आज एक साल बीत जाने पर अभी तक सड़क के हालात जर्जर है। दूसरी ओर सिलापथार जोनाई संयुगी सड़क हमेशा खबर के सुर्खियों में रहते हैं। साधारण बारिश में सड़क दिखाई नहीं देते तालाबों में तब्दील हो जाते है। आप अनुमान नहीं लगा सकते कि सड़क पर गड्ढे हैं या सड़क पर गड्ढा? लंबी दूरी के यात्री वाहन मालवाहक वाहनों के अलावा यह दोनों सड़के ग्रेटर सिलापथार क्षेत्र के दैनिक जीवन की रीढ़ है। इस सड़क के किनारे कई शैक्षणिक संस्थान और सरकारी और गैर-सरकारी संस्थान हैं। छात्रों और पैदल चलने वालों के बीच हमेशा बहुत परेशानी होती है। आज सोनोवाल कछारी छात्र संघ के सिलापथार आंचलिक समिति ने जन प्रतिनियों एवं लोकनिर्माण विभाग को कम समय में इलाके के जर्जर सड़के निर्माण करे अन्यथा वह जरदार प्रदर्शन का समाना करने के लिए तैयार रहने के लिए मीडिया के जरिए बयान जारी किया।

## दिल्ली: करोड़ों के आशियाने, फिर भी बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे 400 से ज्यादा परिवार

**दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के वसंत कुंज डी-1 ब्लाक में करोड़ों रुपये लगाकर लोगों ने इस उम्मीद में आशियाना बनाया था कि यहां मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी, लेकिन यहां 400 परिवार गर्मी में बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। पिछले दो माह से यहां पेयजल संकट है, जिससे लोगों की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो रही है। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी), मुख्यमंत्री, उपराज्यपाल से लेकर जन प्रतिनिधियों तक से कई बार शिकायत की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। स्थानीय लोगों के मुताबिक, डी-1 ब्लाक में सप्लाई लाइन में प्रेशर काफी कम होने से उनके घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। यहां, पानी की सप्लाई के लिए गेट नंबर-4 के पास सबमर्सिबल पंप भी लगाया गया है, लेकिन यह भी करीब तीन महीने से खराब है। ऐसे में अब पानी के लिए लोग निजी टैंकर और बोतलबंद पानी पर निर्भर हैं। लोगों की मांग है कि जल बोर्ड जल्द से जल्द सबमर्सिबल पंप को ठीक करवाकर पानी की आपूर्ति सुचारु करवाए।

## शताब्दी प्राचीन पश्चिम कृष्णनगर जगन्नाथ मंदिर के विवाद के समाधान हेतु विधायक विजय मालाकार के हस्तक्षेप की मांग

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**श्रीभूमि।** श्रीभूमि जिले के शताब्दी प्राचीन पश्चिम कृष्णनगर स्थित श्रीश्री जगन्नाथ मंदिर को लेकर उत्पन्न नाम एवं स्थान संबंधी विवाद के समाधान की मांग करते हुए स्थानीय निवासियों ने विधायक विजय मालाकार का ध्यान आकर्षित किया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, वर्ष 1885 से पश्चिम कृष्णनगर गांव के इस ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर में नियमित रूप से पूजा-अर्चना होती आ रही है। मंदिर की प्राचीन परंपरा के कारण रथयात्रा के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु, व्यापारी तथा सुसज्जित रथ लेकर आने वाले लोग यहां एकत्रित होते हैं। श्रद्धालु भगवान श्री जगन्नाथ के दर्शन कर आपसी सौहार्द, सामाजिक सद्भाव तथा देश में शांति की कामना करते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि रामकृष्णनगर सर्कल कार्यालय द्वारा किए गए सरकारी सीमांकन (डिमार्केशन) के अनुसार रथटिला स्थित श्रीश्री जगन्नाथ मंदिर, शिव मंदिर तथा उससे सटी पीडब्ल्यूडी सड़क बटेरतला से शुरू होकर पश्चिम कृष्णनगर मौजा के अंतर्गत आती है। लेकिन पड़ोसी पाटियाला गांव के कुछ लोग मंदिर को पाटियाला गांव का हिस्सा बताकर दावा कर रहे हैं। इतना ही नहीं, 'पश्चिम कृष्णनगर' लिखे बैनर लगाने में भी बाधा उत्पन्न की जा रही है। इसके परिणामस्वरूप मामला वर्तमान में रामकृष्णनगर सर्कल कार्यालय में विचाराधीन है। जानकारी के अनुसार, विवाद के समाधान के लिए पहले जीपी की पहल पर तथा बाद में सीडीसी के अधीन सर्कल कार्यालय में दोनों पक्षों को चर्चा हेतु बुलाया गया था। हालांकि आरोप है कि पाटियाला गांव के संबंधित व्यक्ति विभिन्न बहाने बनाकर निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं हुए। इस संबंध में क्षेत्र के गणमान्य लोगों का कहना है कि लगभग पिछले 40 वर्षों से पाटियाला गांव से सुसज्जित रथ लेकर लोग इस आयोजन में भाग लेते रहे हैं। उनका दावा है कि इससे पहले इस विषय में संबंधित पक्ष की कोई सक्रिय भूमिका देखने को नहीं मिली थी। स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि कुछ जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप से समस्या का समाधान होने के बजाय विवाद और अधिक जटिल होता जा रहा है। सरकारी सीमांकन की अनदेखी किए जाने से ग्रामीणों में रोष बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में तथ्यात्मक आधार पर निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निर्णय सुनिश्चित करने तथा भविष्य में इस प्रकार के विवादों की पुनरावृत्ति रोकने के उद्देश्य से पश्चिम कृष्णनगर के निवासियों ने विधायक विजय मालाकार से हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं निकाला गया तो वे भविष्य में कानूनी कार्रवाई का सहारा लेने के लिए बाध्य होंगे। इस सभा में रामानंद सिंह, राजाबाबू सिंह, बिंदु सेना सिंह, देव कुमार सिंह, लक्षण सिंह, विश्वभानु सिंह, संध्या सिंह, राधारानी सिंह, जुगेन सिंह, समर सिंह सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा रेलवे स्टेशन का विकास ठप, यात्रियों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश

**● प्रधानमंत्री और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का ध्यान आकर्षित करने की मांग**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**श्रीभूमि-** वर्तमान सरकार की 'सबका साथ, सबका विकास' नीति के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए भारी मात्रा में धनराशि आवंटित की जा रही है। सड़क, बुनियादी ढांचे सहित विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से आम जनता की समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा रेलवे स्टेशन के मामले में विकास की वह गति और सुविधा अब तक नहीं पहुंच पाई है, ऐसा स्थानीय लोगों का आरोप है। लंबे इंतजार के बाद दुल्लभछड़ा रेलवे स्टेशन को 'हॉल्ट स्टेशन' से 'फ्लैग स्टेशन' में अपग्रेड करने की घोषणा की गई थी, लेकिन यह घोषणा अब तक केवल कागज़ों तक ही सीमित है। जमीनी स्तर पर किसी भी तरह का विकास कार्य शुरू नहीं होने से यात्रियों और स्थानीय निवासियों में गहरा असंतोष और निराशा है। 4 जुलाई 2025 को रेल राज्य मंत्री द्वारा जारी लिखित निर्देश में स्टेशन के उन्नयन के साथ-साथ आवश्यक बुनियादी ढांचे के विकास और यात्री सुविधाओं के सुधार का उल्लेख किया गया था। लेकिन लंबे समय बीत जाने के बावजूद जमीनी स्तर पर कोई उल्लेखनीय प्रगति नहीं हुई है, ऐसा स्थानीय लोगों का कहना है। स्थानीय सांसद कृपानाथ मल्लाह लंबे समय से इस स्टेशन के विकास के लिए केंद्रीय रेल मंत्रालय से मांग करते आ रहे हैं। उनके प्रयासों से उम्मीदें तो जगी हैं, लेकिन कार्यान्वयन की धीमी गति के कारण आम लोगों में सवाल और नाराज़गी बढ़ती जा रही है। प्रतिदिन सैकड़ों यात्री इस स्टेशन का उपयोग करते हैं, लेकिन यहां अभी भी फुट ओवरब्रिज, पर्याप्त शौचालय, स्वच्छ पेयजल और यात्री प्रतीक्षालय जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। इसके कारण महिला, बच्चे और बुजुर्ग यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुरक्षा व्यवस्था की कमी भी यात्रियों की चिंता का एक बड़ा कारण बनी हुई है। इसी बीच हाल ही में स्टेशन पर एक नए शौचालय के निर्माण कार्य की शुरुआत हुई है, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि इसमें घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पालन नहीं हो रहा है और सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका है। उन्होंने इस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के लिए रेलवे के उच्च अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया है। स्थानीय लोगों की मांग है कि केवल घोषणा नहीं, बल्कि तुरंत वास्तविक विकास कार्य शुरू कर दुल्लभछड़ा रेलवे स्टेशन को आधुनिक और यात्री-अनुकूल बनाया जाए। साथ ही चल रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कर पारदर्शिता सुनिश्चित करने की भी मांग की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि विकास की घोषणाएँ केवल कागज़ों तक सीमित रहीं, तो दुल्लभछड़ा की जनता खुद को उपेक्षित महसूस करेगी। इसलिए अब और देरी नहीं, बल्कि त्वरित और प्रभावी कदम उठाना समय की आवश्यकता है। इस मामले में उन्होंने लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से हस्तक्षेप की मांग की है।